


खबरें जो सोच बदल दे

# शुभ लाभ

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र




Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 | सोमवार, 04 नवंबर, 2024 | हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित | epaper.shubhlabhdaily.com | संपादक : गोपाल अग्रवाल | पृष्ठ : 14 | मूल्य-8 रु.| वर्ष-6 | अंक-304

झारखंड के घाटशिला में गरजे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

# आदिवासियों की जमीन पर घुसपैठियों के कब्जे के खिलाफ लाएंगे सख्त कानून

**रांची, 03 नवंबर (एजेंसियां)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले में धालभूमगढ़ स्थित घाटशिला में एक रैली को संबोधित किया। इस दौरान शाह ने राज्य की हेमंत सोरेन की सरकार पर जमकर निशाना साधा और आदिवासियों की जमीन घुसपैठियों को देने का आरोप लगाते हुए इसे रोकने के लिए सख्त कानून लाने तक का वादा किया।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि पूरे देश में यूसीसी (समान नागरिक संहिता) हर हाल में लागू होगी, लेकिन आदिवासियों को इसके दायरे से बाहर रखा जाएगा। अमित शाह ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर केंद्र की सरकार की योजनाओं को लटकाने और राज्य में पूर्व की भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई कल्याणकारी योजनाओं को बंद करने का आरोप लगाया।

झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का संकल्प पत्र जारी करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, झारखंड का ये चुनाव न केवल सरकार बदलने का चुनाव है, बल्कि झारखंड का भविष्य सुरक्षित करने का चुनाव है। झारखंड की महान जनता को तय करना है कि भ्रष्टाचार में डूबी हुई सरकार चाहिए या विकास के रास्ते पर चलती हुई पीएम मोदी के नेतृत्व वाली बीजेपी सरकार चाहिए। घुसपैठ कराकर झारखंड की अस्मिता को खतरे में डालने वाली सरकार चाहिए या परिंदा भी पर न मार सके ऐसी सरहद की सुरक्षा करने वाली भाजपा सरकार चाहिए।



- ⇨ ***देश में हर हाल में लागू होगी यूसीसी आदिवासी इसके दायरे से बाहर रहेंगे***
- ⇨ ***हेमंत सोरेन को हटाने के लिए नहीं, परिवर्तन के लिए चुनाव लड़ रही भाजपा***
- ⇨ ***एक-एक बांग्लादेशी घुसपैठिए की पहचान कर उन्हें डिपोर्ट करेगी केंद्र सरकार***
- ⇨ ***घुसपैठियों के कारण आदिवासियों की संख्या घट रही, डेमोग्राफी बदल रही है***

उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है। घुसपैठियों को नहीं रोका गया तो राज्य की संस्कृति, रोजगार और अस्मिता पर गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा। केंद्र सरकार राज्य में एक-एक बांग्लादेशी घुसपैठिए की पहचान कर उन्हें डिपोर्ट करेगी। हेमंत सोरेन को घुसपैठियों में अपना वोट बैंक दिखाई देता है। घुसपैठियों की वजह से आदिवासियों की संख्या घट रही है, डेमोग्राफी बदल रही है और हेमंत सोरेन की सरकार अपनी धुन में मस्त है। मैं आपसे वादा करता हूं कि बीजेपी सरकार आएगी, तो घुसपैठियों को झारखंड से बाहर निकालेगी।

अमित शाह ने कहा, असम में बीजेपी सरकार आई और आज असम में घुसपैठ बंद हो गई है। हम रोटी, बेटी और माटी तीनों का संरक्षण करेंगे। शाह ने कहा कि झारखंड अलग राज्य अटल बिहारी वाजपेयी ने बनाया था और इसे संवारने का काम नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली सरकार ने किया, लेकिन पांच साल पहले जब हेमंत सोरेन की सरकार आई तो उसने डबल इंजन सरकार के वक्त शुरू हुई तमाम विकास योजनाओं को ठप कर दिया। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से केंद्र के पास एक लाख 36 हजार करोड़ रुपए बकाया के भुगतान का मुद्दा उठाने पर अमित शाह ने कहा कि हेमंत सोरेन बचकानी बात कर रहे हैं। केंद्र सरकार ने इस राज्य को साढ़े चार लाख करोड़ रुपए दिए, लेकिन वह इनका उपयोग नहीं कर पाए। उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार पर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ का आरोप लगाते हुए कहा, आपने कहा था कि युवाओं को नौकरी देंगे, लेकिन आपने क्या किया, आपके पास जवाब नहीं है। इस सरकार में पेपर लीक सबसे ज्यादा हुए हैं। अगर पेपर लीक हमारी सरकार में हुआ तो उल्टा लटका कर इन माफियाओं को सीधा करेंगे। ▶10पर

# आने वाले समय में और मजबूत होगा भारत-ऑस्ट्रेलिया का रिश्ता : जयशंकर

**ब्रिस्बेन/नई दिल्ली, 03 नवंबर (एजेंसियां)।** भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर एकदिवसीय ऑस्ट्रेलिया दौरे पर हैं, सोमवार को ब्रिस्बेन में बोलते हुए उन्होंने कहा, मैं आज सिर्फ ब्रिस्बेन में एक वाणिज्य दूतावास का औपचारिक उद्घाटन करने नहीं आया हूं, बल्कि आप सभी का धन्यवाद करने आया हूं क्योंकि यह आपकी उपस्थिति, आपका प्रयास, आपका योगदान है, जिसकी वजह से यह वाणिज्य दूतावास का निर्माण संभव हो पाया है। मैं प्रधानमंत्री मोदी के उस वादे को पूरा करने आया हूं, जो उन्होंने सार्वजनिक तौर पर किया था कि वे ब्रिस्बेन में एक वाणिज्य दूतावास खोलेंगे।



- **ब्रिस्बेन में वाणिज्य दूतावास का किया औपचारिक उद्घाटन**
- **पिछले 10 वर्षों में हमने बहुत महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की**

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने आगे कहा, पिछले 10 वर्षों में, हमारा मानना है कि हमने बहुत महत्वपूर्ण प्रगति की है और मैं इस प्रगति का श्रेय इस तथ्य को दूंगा कि हमने कई ऐसे प्रयास शुरू किए हैं जो एक-दूसरे को बढ़ावा देते हैं, देश में व्यापार करना बहुत आसान बनाते हैं, जीवन को आसान बनाते हैं, गति शक्ति नामक कार्यक्रम के माध्यम से बुनियादी ढांचे में आमूल-चूल सुधार करते हैं, एक उल्लेखनीय रूप से प्रभावी डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को लागू करते हैं, समग्र रूप से शासन की गुणवत्ता में सुधार करते हैं, राजनीतिक स्थिरता सुनिश्चित करते हैं जो लिए गए निर्णयों को पूरी तरह से लागू करने और पहले के निर्णयों पर नए निर्णय लेने की अनुमति देता है।

विदेश मंत्री ने कहा, आज का भारत हर दिन 28 किलोमीटर राजमार्ग बना रहा है, हर दिन 12-14 किलोमीटर रेलवे ट्रैक बना रहा है, एक दशक पहले हमारे पास मेट्रो वाले 6 शहर थे और आज 21 हैं, और हम अतिरिक्त 39 की योजना बना रहे हैं। एक दशक पहले, हमारे पास 75 हवाई अड्डे थे, आज हम 150 के करीब हैं और इन सबके बाद, अंतरराष्ट्रीय विमानन उद्योग से लगभग 1,000 विमानों का ऑर्डर मिला है। विदेश मंत्री ने आगे कहा, यहां भारतीय मूल के लगभग 125,000 लोग रहते हैं। मुझे बताया गया है कि इस राज्य में लगभग 15,000-16,000 छात्र रहते हैं। मुझे इस बात ने प्रभावित किया कि ऑस्ट्रेलिया का भारत को 75% निर्यात इसी राज्य से होता है, पिछले 10 वर्षों में, हमें इसे एक उपलब्धि के रूप में नहीं बल्कि एक झलक के रूप में देखना चाहिए कि क्या संभव है। हमने जो किया है, वह एक ऐसा ढांचा तैयार करना है, जिसके तहत आने वाले समय में यह रिश्ता बढ़ेगा और मजबूत होगा। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, क्वाड का स्थान सबसे ऊपर है और ऑस्ट्रेलिया हमारे द्विपक्षीय संबंधों के संदर्भ में उस तंत्र का संस्थापक भागीदार है। कूटनीति में, आप ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करते हैं जो आपकी अपनी प्रणाली और दूसरों को संकेत देते हैं। जब हम आज एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी की बात करते हैं, तो इस विवरण का नौकरशाही की दृष्टि से एक अर्थ है। हमारे शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अभी-अभी ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया है और मेरा मानना है कि शिक्षा और अनुसंधान ज्ञान अर्थव्यवस्था और एआई के युग में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

अडाणी की बांग्लादेश को दो टूक, पैसे दो बिजली लो

# सात नवंबर तक भुगतान नहीं किया तो काट देंगे बिजली

**सप्लाई भी आधी की 7,118 करोड़ है बकाया**




**ढाका, 03 नवंबर (एजेंसियां)।** अडाणी पावर ने बिजली बिल का बकाया पेमेंट करने के लिए बांग्लादेश को चार दिन की मोहलत दी है। कंपनी ने बांग्लादेश को 07 नवंबर की समय सीमा दी है, जिसके बाद अगर बकाया राशि के निपटान पर कोई स्पष्टता नहीं होती है तो बिजली की आपूर्ति बंद कर दी जाएगी। कंपनी ने पहले ही बांग्लादेश की बिजली आपूर्ति आधी कर दी है। ग्रुप की कंपनी अडाणी पावर झारखंड लिमिटेड (एपीजेएल) ने 846 मिलियन डॉलर (करीब 7,118 करोड़ रुपए) बकाए का भुगतान नहीं होने पर यह कदम उठाया है।

बांग्लादेश के पावर ग्रिड के डेटा के मुताबिक एपीजेएल ने गुरुवार रात से इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई में यह कटौती की है। इस कटौती से बांग्लादेश को एक रात में 1,600 मेगावाट से ज्यादा की पावर शॉर्टेज का सामना करना पड़ा। 1,496 मेगावाट का बांग्लादेशी प्लांट अब 700 मेगावाट पर काम कर रहा है।

बांग्लादेश इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड ने बताया कि हमने पुराने बिल चुका दिए हैं, लेकिन जुलाई से अडाणी के चार्जेज हर हफ्ते 22 मिलियन डॉलर से ज्यादा हो गए। जबकि पीडीबी लगभग 18 मिलियन डॉलर का भुगतान कर रहा है, जिसके चलते बकाया राशि बढ़ती जा रही है। अडाणी पावर लिमिटेड (एपीएल) ने 10 अप्रैल 2023 से अपने पावर प्रोजेक्ट के जरिए बांग्लादेश को बिजली एक्सपोर्ट शुरू किया था। कंपनी ने 2017 में पावर पर्चेज एग्रीमेंट के तहत 25 सालों तक गोड्डा पावर प्लांट से बांग्लादेश को बिजली आपूर्ति करने के लिए डील की थी। ▶10पर

# श्रीनगर के संडे मार्केट में ग्रेनेड ब्लास्ट, एक दर्जन लोग घायल

## सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी की, आतंकियों की तलाश शुरू

**श्रीनगर, 03 नवंबर (एजेंसियां)।** जम्मू कश्मीर में श्रीनगर के टूरिस्ट रिसेप्शन सेंटर (टीआरसी) के नजदीक संडे मार्केट में रविवार को ग्रेनेड ब्लास्ट हुआ। इसमें 12 लोग घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद हमलावरों को पकड़ने के लिए पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। घायलों की संख्या बढ़ सकती है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर सुरक्षाबलों ने इलाके को घेर लिया है। साथ ही आतंकियों की तलाश शुरू कर दी है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार, आतंकवादियों ने टीआरसी के पास एक भरे बाजार में ग्रेनेड फेंका, हमले के बाद अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि घायल लोगों को केवल कुछ छर्रे लगे हैं। घटना के तुरंत बाद, पूरे क्षेत्र को सुरक्षा बलों द्वारा घेर लिया गया ताकि हमलावरों को पकड़ा जा सके। इस हमले से संबंधित और जानकारी जुटाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने श्रीनगर के रविवार बाजार में निर्दोष खरीददारों पर हुए ग्रेनेड हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि घाटी के विभिन्न हिस्सों में हाल के दिनों में हमलों और मुठभेड़ों की घटनाओं ने चिंता




बढ़ा दी है। उमर अब्दुल्ला ने कहा, इस प्रकार के हमले के लिए निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाने का कोई औचित्य नहीं हो सकता। यह घटना गहरी चिंता का विषय है। ▶10पर

## सुरक्षा बलों ने दो आतंकियों को किया गिरफ्तार

**श्रीनगर, 03 नवंबर (एजेंसियां)।** सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में दो सक्रिय आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से हथियार तथा गोला-बारूद बरामद किया है। पुलिस ने रविवार को यहां यह जानकारी दी। पुलिस ने एक्स पर कहा, जम्मू-कश्मीर पुलिस, 55आरआर (राष्ट्रीय राइफल्स) और 182 बटालियन (केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) ने शनिवार को डेंजरपोरा में सज्जाद अहमद डार को गिरफ्तार किया, जो हिजबुल मुजाहिदीन का सक्रिय सदस्य है। ▶10पर

# योगी को धमकी देने वाली महिला मुंबई से अरेस्ट



**मुंबई/लखनऊ, 03 नवंबर, (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी देने वाली महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुंबई पुलिस ने बताया कि आरोपी महिला का नाम फातिमा खान (24) है। उसने शनिवार को मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में मैसेज किया था। लिखा था- अगर योगी ने 10 दिन में इस्तीफा नहीं दिया तो बाबा सिद्दीकी जैसा हाल करेंगे।

महिला ने ऐसा क्यों किया? इस बारे में पुलिस पूछताछ कर रही है। हालांकि सूत्रों ने बताया कि महिला संपन्न परिवार से है। काफी पढ़ी-लिखी है।

पुलिस ने उसे कहां से गिरफ्तार किया। इसका खुलासा नहीं किया है। दरअसल, शनिवार को मुंबई पुलिस को धमकी भरा मैसेज मिला था। इसके बाद ही मुंबई पुलिस ने यूपी पुलिस को सूचना देने के साथ ही जांच शुरू कर दी थी। ▶10पर

# भारत ने की अपनी राष्ट्रीय जैव विविधता रणनीति एवं कार्य योजना की घोषणा

**2030 तक क्षरण पर पूर्ण विराम का लक्ष्य**



**नई दिल्ली, 03 नवंबर (एजेंसियां)।** भारत ने कोलंबिया में आयोजित जलवायु सम्मेलन में अपने राष्ट्रीय जैव विविधता रणनीति एवं कार्य योजना (एनबीएसएपी) के अद्यतन संस्करण की घोषणा की है, जिसमें देश में 2030 तक जैव विविधता की क्षति पर पूरी तरह विराम लगाने का लक्ष्य है।

संशोधित रणनीति में 2050 तक भारत में मानव जीवन को प्रकृति के साथ पूरे तालमेल के साथ संचालित करने का लक्ष्य रखा गया है। केंद्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मामलों के मंत्रालय द्वारा रविवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि मंत्रालय में राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कोलंबिया के कैली में संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में शामिल सदस्य देशों के सम्मेलन कॉप-16 के दौरान एक विशेष आयोजन में इस विषय पर भारत की एनबीएसएपी का अद्यतन संस्करण जारी किया।

श्री सिंह ने कुनमिंग- मोंट्रियल वैश्विक जैव विविधता संधि (केएमजीबीएफ) के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा के बारे में सदस्य देशों की भागीदारी पर चर्चा के लिए आयोजित इस विशेष सत्र में भारत की रणनीति और कार्य योजना के संशोधित संस्करण को प्रस्तुत किया। श्री सिंह ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि जैव विविधता के संरक्षण के क्षेत्र में भारत की नई रणनीति और कार्य योजना में पूरी सरकार और पूरे समाज की भागीदारी पर केंद्रित सोच को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा है कि भारत अपनी राष्ट्रीय परिस्थितियों, प्राथमिकताओं और क्षमताओं के अनुसार जैव विविधता संरक्षण के राष्ट्रीय लक्ष्यों को (एनबीटी) जलवायु सम्मेलन के समक्ष पहले ही रख चुका है। ▶10पर

## कार्टून कॉर्नर




**मौसम हैदराबाद**

अधिकतम : 30°

न्यूनतम : 21°

# यूपी चुनाव से पहले युवाओं को जोड़ रहा आरएसएस

**ग्वालियर, 03 नवंबर (एजेंसियां)।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) का पूरा फोकस यूपी विधानसभा चुनाव है। ग्वालियर में चल रहे विविध संगठन प्रचारक प्रशिक्षण वर्ग के चौथे दिन चुनाव समेत युवा शक्ति और घर-घर तक पहुंचने के लिए हर घर दस्तक अभियान पर चर्चा हुई। साथ ही घर-घर पहुंचकर सामाजिक समरसता का माहौल बनाने को कहा गया है। आरएसएस ने प्रचारकों को यूपी में विधानसभा चुनाव से पहले युवाओं पर ध्यान केंद्रित करने की जिम्मेदारी सौंपी है।


पिछले लोकसभा चुनाव में यूपी में भाजपा को विपक्षी गठबंधन से कड़ी टक्कर मिली थी। 2027 में यहां विधानसभा चुनाव होने हैं। इसीलिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सामाजिक पहलुओं के साथ राजनीतिक पहलुओं पर खुलकर चर्चा की। आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने सभी प्रचारकों के विचार भी जाने, साथ ही सामाजिक समरसता पर जोर दिया।

आरएसएस सूत्रों के मुताबिक रविवार को प्रचारक वर्ग के सत्र की शुरुआत भारत माता की पूजा के साथ हुई। इसके बाद सभी प्रचारकों से युवाओं को ज्यादा से ज्यादा जोड़ने को कहा गया।



***मोहन भागवत का सामाजिक समरसता पर भी फोकस, हर घर दस्तक अभियान पर चर्चा***

यूपी में आगामी समय में राजनीतिक और सामाजिक माहौल पर विचार मांगे गए। आखिर में सभी प्रचारकों को युवा शक्ति को ज्यादा से ज्यादा अपने विचारों से परिचित कराने और उनसे संपर्क करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। संघ ने 2012 में जॉइन आरएसएस (वेबसाइट के जरिए) शुरू किया था। इसके तहत ऑनलाइन हर साल एक से सवा लाख युवा संघ के साथ अलग-अलग गतिविधियों में जुड़ रहे हैं। इस साल भी जून के अंत तक 66 हजार 529 लोगों ने संपर्क कर संघ से जुड़ने की इच्छा जताई थी। कार्यक्रम में सबसे बड़ा मुद्दा हिंदू समाज में सामाजिक समरसता है। आरएसएस सूत्रों के मुताबिक शुक्रवार को सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले की मौजूदगी में कार्यकारी मंडल के पदाधिकारियों ने संगठन के सभी 11 क्षेत्र और 46 प्रांत प्रचारकों को संघ के एजेंडे (पंच परिवर्तनों के द्वारा हिंदू समाज में सामाजिक समरसता लाने के प्रयास) को निचले स्तर तक ले जाने की जिम्मेदारी सौंपी है। साथ ही सभी पदाधिकारियों से संघ का संदेश घर-घर पहुंचाने का आह्वान किया। ▶10पर






# नेपाल का भैरहवा अंतरराष्ट्रीय विमानस्थल फिर शुरू हुआ, सिर्फ 7500 रुपए में बैंकाक का सफर

**काठमांडू, 03 नवंबर (एजेंसियां)।** नेपाल के दूसरे अंतराष्ट्रीय विमानस्थल का रविवार से फिर संचालन शुरू किया गया है। भगवान गौतम बुद्ध की जन्मस्थली लुंबिनी के पास निर्मित गौतम बुद्ध अंतराष्ट्रीय विमानस्थल पर बैंकाक की पहली फ्लाइट ने लैंडिंग की। इस विमानस्थल के पुन: संचालन होने पर प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने प्रसन्नता जाहिर की है।

ओली ने विश्वास व्यक्त किया है कि भैरहवा की तरह जल्द ही पोखरा विमानस्थल का नियमित संचालन भी शुरू किया जायेगा।

अपने निर्माण के दो साल बाद एक बार फिर से संचालन में लाए गए भैरहवा विमानस्थल पर रविवार को थाई एयर एशिया विमान की लैंडिंग से शुरुआत हुई है।

करीब एक वर्ष पहले भी जब पहली बार भैरहवा एयरपोर्ट का संचालन किया गया था तो उस समय भी इसी एयरलाइंस ने शुरुआत की थी। विमानस्थल के प्रवक्ता विनोद सिंह रावत ने बताया कि यात्रियों की कमी की वजह से एयर एशिया सहित वहां से उड़ान भरने वाले जजीरा एयर की उड़ान भी बंद हो गई। रावत ने कहा कि थाई एयर एशिया के विमान से बैंकाक से एक भी यात्री नहीं आया, जबकि इधर से सिर्फ 17 यात्रियों को लेकर विमान ने उड़ान भरी।

भैरहवा से बैंकाक तक का किराया सिर्फ 7500 भारतीय रुपये में रखा गया है। भारत के किसी भी शहर से बैंकाक का किराया 10 हजार से लेकर 15 हजार रुपये तक है। भारत के सीमावर्ती शहर भैरहवा में यह एयरपोर्ट रहने के कारण भी किराया कम रखा गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### श्रीलंका संसदीय चुनाव से संबंधित शिकायतों के चलते छह प्रत्याशी समेत 191 लोग गिरफ्तार



**कोलंबो।** श्रीलंका में 2024 के संसदीय चुनावों से संबंधित शिकायतों को लेकर अब तक 6 उम्मीदवारों समेत 191 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। यह जानकारी श्रीलंका पुलिस ने दी गई है। संसदीय चुनाव के लिए मतदान 14 नवंबर को होगा।
पुलिस ने बताया कि उसे संसदीय चुनाव से संबंधित 168 शिकायत मिली हैं। मीडिया रिपोर्ट में श्रीलंका डीआईजी के हवाले से बताया गया है कि इसमें अपराध की 30 शिकायत और चुनाव कानूनों के उल्लंघन से संबंधित 138 शिकायत शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जिन 191 लोगों को 2024 के संसदीय चुनावों से संबंधित शिकायतों के सिलसिले में गिरफ्तार किया है उनमें चुनाव लड़ रहे 6 उम्मीदवार भी शामिल हैं। पुलिस ने इन शिकायतों के संबंध में 45 वाहन जब्त किए हैं।

### ट्रंप और कमला के बीच कांटे का मुकाबला,कई राज्यों में लगाया जोर



**वाशिंगटन।** डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस और उनके रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मतदान के लिए चुनाव प्रचार बंद होने से पहले कोई भी मौका नहीं छोड़ रहे हैं। दोनों तरफ से सैकड़ों भारतीय-अमेरिकी पेंसिल्वेनिया, मिशिगन और जॉर्जिया जैसे राज्यों में प्रचार कर रहे हैं। पिछले 50 घंटों में, टेलीविजन नेटवर्क और स्थानीय रेडियो स्टेशनों पर कमला हैरिस और डोनाल्ड ट्रंप के कैम्पेन से जुड़े विज्ञापनों की बाढ़ सी आ गई है। दोनों उम्मीदवारों ने इस पर लाखों डॉलर खर्च किए हैं। ट्रंप और हैरिस ने अपने चुनाव प्रचार अभियान के अंतिम कुछ घंटों के लिए रिकॉर्ड फंड जुटाया है। दोनों नेता देशवासियों से अपने लिए समर्थन मांग रहे हैं और व्हाइट हाउस भेजने की भावुक अपील कर रहे हैं. बता दें कि अमेरिका में 5 नवंबर को राष्ट्रपति चुनाव होना है। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव की कवरेज करने वाली वेबसाइट के अनुसार, हैरिस को 226 और ट्रंप को 219 इलेक्टोरल वोट मिलने तय हैं। जहां कमला हैरिस को 270 के जादुई आंकड़े तक पहुंचने के लिए 44 अतिरिक्त इलेक्टोरल कॉलेज वोटों की आवश्यकता है, वहीं ट्रंप को 51 की आवश्यकता है। जीत के लिए दोनों उम्मीदवारों की निगाहें सात स्विंग स्टेट्स एरिजोना, नेवाडा, विस्कॉन्सिन, मिशिगन, पेंसिल्वेनिया, नॉर्थ कैरोलिना पर टिकी हैं।
अमेरिका के अधिकांश राज्य ऐसे हैं जहां ऐतिहासिक रूप से डेमोक्रेट पार्टी या रिपब्लिकन पार्टी हावी रहती है। लेकिन ये सात राज्य (एरिजोना, नेवाडा, विस्कॉन्सिन, मिशिगन, पेंसिल्वेनिया, नॉर्थ कैरोलिना) ऐसे हैं, जहां के मतदाताओं का मिजाज किसी एक राजनीतिक दल का समर्थन करते तक सीमित नहीं रहता। इन राज्यों के मतदाता हर चुनाव में अपनी पसंद बदलते रहते हैं यानी उनका मूड स्विंग होता रहता है। इसी कारण इन्हें स्विंग स्टेट्स कहा जाता है। राजनीतिक पंडितों का मानना है कि पेंसिल्वेनिया (19 इलेक्टोरल कॉलेज वोटों के साथ) और मिशिगन (15 इलेक्टोरल कॉलेज वोट) इस बार अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में जीत और हार तय करेंगे। नवीनतम सर्वेक्षणों से संकेत मिलता है कि कमला हैरिस और डोनाल्ड ट्रंप के बीच मिशिगन और पेंसिल्वेनिया में कांटे का मुकाबला है। प्रमुख ओपिनियन पोल्स पर नजर रखने वाले के अनुसार, इन दो स्टेट्स में डोनाल्ड ट्रंप को कमला हैरिस पर 1.1 प्रतिशत अंकों की मामूली बढ़त हासिल है। डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस दोनों इन सात राज्यों में पूरा जोर लगा रहे हैं और बड़ी रैलियों को संबोधित कर रहे हैं।

### पति के जुल्मों का शिकार हुई अभिनेत्री ने कहा- सरकारी बंदूक की बट से चेहरे पर किया हमला,बाल पकड़कर घसीटा

**लाहौर।** पाकिस्तान की एक अभिनेत्री घरेलू हिंसा का शिकार हुई है। उसके पति ने बाल पकड़कर उसे घसीटा और बंदूक की बट से चेहरे पर हमला कर दिया। इससे अभिनेत्री नरगिस उर्फ गजाला इदरीस के चहरे पर गंभीर चोटे आईं हैं। आरोपों के मुताबिक, उनके पति इंस्पेक्टर माजिद बशीर ने संपत्ति को लेकर विवाद के चलते नरगिस को बेरहमी से पीटा। एफआईआर के अनुसार, यह हिंसक हमला लाहौर के डिफेंस हाउसिंग अथॉरिटी (डीएचए) में हुआ। नरगिस ने दावा किया है कि माजिद बशीर ने अपनी सरकारी बंदूक से उनके चेहरे पर बार-बार वार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि बशीर ने उनके जबड़े को चोट पहुंचाने के लिए उनकी सरकारी बंदूक की नली को उनके मुंह में डाल दिया। नरगिस का कहना है कि बशीर उनकी संपत्ति, सोने के आभूषण और जमीन का एक हिस्सा हड़पना चाहता था।

# गाजा में इजराइली हमला, 42 फिलिस्तीनियों की मौत, हमले में 150 से ज्यादा लोग घायल हुए

**गाजा, 03 नवंबर (एजेंसियां)।**

**इजरायली हवाई और तोपों के हमलों ने गाजा पट्टी के केंद्रीय हिस्से में स्थित नुसेरात शरणार्थी शिविर को निशाना बनाया, जिसमें कम से कम 42 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई और 150 से ज्यादा लोग घायल हो गए। यह जानकारी फिलिस्तीनी चिकित्सा सूत्रों ने दी। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों के अनुसार, इजरायली सेना ने नुसेरात में बसे घरों पर हवाई और तोपों से हमले शुरू कर दिए हैं।**



गाजा सरकार के मीडिया कार्यालय ने इन हमलों की निंदा की है और कहा कि यह हमले जानबूझकर आम नागरिकों, जिनमें महिलाएं और बच्चे शामिल हैं, को निशाना बना रहे हैं। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से अपील की कि वह इजरायल पर दबाव बनाए ताकि गाजा के नागरिकों पर होने वाले इन हमलों को रोका जा सके। इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने एक बयान में कहा कि रफाह और गाजा के मध्य हिस्से में उन्होंने मिलिटेंट्स को मारने, उनके ठिकानों को खत्म करने और हथियारों का पता लगाने के लिए अभियान चलाया। इजरायल ने 7 अक्टूबर 2023 को गाजा से हमास द्वारा किए गए हमले के जवाब में गाजा पट्टी में बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया है। उस हमले में करीब 1,200 लोग मारे गए थे और लगभग 250 लोगों को बंधक बना लिया गया था। गाजा स्वास्थ्य प्राधिकरण के अनुसार इजरायली हमलों में मारे गए फिलिस्तीनियों की संख्या बढ़कर 43,314 हो गई है। इसके अलावा, इजरायल का हिजबुल्ला के साथ भी संघर्ष जारी है।8 अक्टूबर 2023 से अब तक इजरायली हमलों में लेबनान में 2,968 लोगों की मौत हो चुकी है और 13,319 लोग घायल हुए हैं। 23 सितंबर से इजरायल और हिजबुल्ला के बीच बॉर्डर पर गतिरोध तेज है, जिसके चलते यह क्षेत्र काफी संवेदनशील हो चुका है।

## ईरान ने धमकी दी तो इजराइल की मदद करने दौड़ा अमेरिका

**वाशिंगटन**

इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने मध्य पूर्व में एक गंभीर स्थिति उत्पन्न कर दी है। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने इजरायल और अमेरिका को सीधे तौर पर धमकी दी है, जिसमें उन्होंने कहा है कि जो भी ईरान और उसके सहयोगियों को नुकसान पहुंचाएगा, उसे करारा जवाब मिलेगा। इस धमकी के बाद से क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति और भी जटिल हो गई है। इस बीच अमेरिका ने इस स्थिति का जवाब देते हुए अपने परमाणु बॉम्बर बी-52 को मध्य पूर्व में तैनात करने का निर्णय लिया है। इस कदम से न केवल ईरान के संभावित हमलों को रोकने की कोशिश की जाएगी, बल्कि यह इजरायल को भी सुरक्षा प्रदान करेगा ताकि वे जवाबी कार्रवाई कर सकें। बी-52 बमवर्षक अपने बड़े पेलोड और लंबी रेंज के लिए प्रसिद्ध है, और यह अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। अमेरिकी सेना के अनुसार, ईरान और उसके सहयोगियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए क्षेत्र में और अधिक विध्वंसक, लड़ाकू स्क्वाड्रन और टैंकर तैनात किए जा रहे हैं। इसके अलावा अमेरिका ने पहले ही यूएसएस अब्राहम लिंकन विमानवाहक पोत को अरब सागर में तैनात कर रखा है, जिससे यह स्पष्ट है कि अमेरिका इस क्षेत्र में अपनी सैन्य उपस्थिति को और मजबूत करने के लिए तैयार है। इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष लगातार बढ़ रहा है और लेबनान में इजरायली हवाई हमलों में तेजी आई है, जिसमें अब तक हजारों लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। हिजबुल्ला ने भी इजरायल के क्षेत्रों पर रॉकेट दागकर जवाबी कार्रवाई की है, जिससे स्थिति और भी बिगड़ गई है।

# राष्ट्रपति चुनावः मुस्लिम गढ़ में ट्रंप ने लगाई सेंध, यहूदी वोटर भी दे रहे समर्थन



**वाशिंगटन, 03 नवंबर (एजेंसियां)।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के दो दिन भी नहीं बचे हैं, लेकिन अभी तक यह साफ नहीं हो सका है कि चुनावी दौड़ में कौन जीत रहा है। कई चुनावी सर्वेक्षणों के मुताबिक यह चुनाव अब तक का सबसे करीबी मुकाबला माना जा रहा है। हाल के आंकड़ों में पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप को डेमोक्रेटिक पार्टी की कमला हैरिस से आगे दिखाया गया है, लेकिन परिणाम बहुत नजदीक है। जैसे-जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है, यह साफ होता जा रहा है कि अमेरिकी मतदाता इस बार केवल पार्टी के आधार पर नहीं, बल्कि मुद्दों के आधार पर फैसला लेने की स्थिति में हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इस चुनाव में जीत का फैसला मतदाताओं के टर्नआउट पर निर्भर करेगा। एक्जीत पोल के मुताबिक इस बार 54फीसदी मतदाताओं के 5 नवंबर को मतदान की तारीख से पहले ही वोट डालने की संभावना है, जो कि 2020 के 64फीसदी के आंकड़े से कम है। इसका मतलब यह है कि इस बार ज्यादा मतदाता व्यक्तिगत रूप से मतदान करने की ओर अग्रसर हैं या फिर मतदान नहीं करेंगे। बार-इलान विश्वविद्यालय की प्रोफेसर का कहना है कि यह चुनाव हाल के दशकों का सबसे नजदीकी चुनाव है। उनका कहना है ट्रम्प और हैरिस दोनों की लोकप्रियता कम है, और इस बार मतदाता किसी के पक्ष में नहीं है, बल्कि किसी के खिलाफ वोट कर रहे हैं। एक सर्वे में पाया गया कि 63फीसदी अमेरिकी यहूदी कमला हैरिस को वोट देने के पक्ष में हैं, हालांकि, यह आंकड़ा 2020 में बाइडन के समर्थन से कम है। वहीं 24फीसदी यहूदी ट्रंप को वोट देने का इरादा रखते हैं, जिसमें 95फीसदी ट्रंप के इजराइल समर्थक रुख से प्रभावित हैं। इसी तरह अमेरिकी मुस्लिम समुदाय जो ऐतिहासिक रूप से डेमोक्रेट समर्थक रहा है, इस बार हैरिस से दूर होता नजर आ रहा है। यह पहली बार है जब मिशिगन की काउंसिल ऑन अमेरिकन-इस्लामिक रिलेशंस ने किसी डेमोक्रेटिक उम्मीदवार का समर्थन नहीं किया है। मिशिगन में करीब 250,000 मुस्लिम रहते हैं, जिनमें से आधे वोट देने के योग्य हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक यहां मिली-जुली प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं।

# गले में राम नाम का गमछा और हाथ में रक्षा सूत्र पहनकर हिंदुओं के बीच पहुंचे पीएम ट्रूडो

**टोरंटो, 03 नवंबर (एजेंसियां)।**

हाल ही में, अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचार का मुद्दा उठाया, जिससे जस्टिन ट्रूडो पर भी इसका असर दिखाई दिया। ट्रंप के इस बयान के बाद, ट्रूडो ने भी दिवाली के मौके पर कनाडा में हिंदू समुदाय के प्रति अपना समर्थन और नजदीकी दिखाने की कोशिश की। वह गले में राम नाम का गमछा और हाथ में रक्षा सूत्र बांधकर एक दिवाली कार्यक्रम में शामिल हुए, जहां उन्होंने हिंदू समुदाय के साथ दिवाली का जश्न मनाया। इस अवसर पर उन्होंने न केवल हिंदुओं को दिवाली की शुभकामनाएं दीं, बल्कि उनके साथ जलेबी भी बांटी। ट्रूडो का यह कदम उनके खालिस्तान समर्थक रवैये के विपरीत प्रतीत होता है, जो कि कनाडा में हिंदू समुदाय को सुरक्षा के प्रति आश्वासन देने का प्रयास माना जा रहा है।



जस्टिन ट्रूडो का यह कदम उनकी राजनीतिक छवि को सुधारने का प्रयास माना जा रहा है, क्योंकि कनाडा में उनके खालिस्तान समर्थकों के प्रति झुकाव ने उनके अंतरराष्ट्रीय संबंधों को तनावपूर्ण बना दिया है। भारत-कनाडा के इन कड़वे होते रिश्तों के बीच ट्रूडो की यह पहल एक नई दिशा में कदम मानी जा रही है, लेकिन आलोचकों का कहना है कि यह केवल एक राजनीतिक रणनीति हो सकती है। ट्रूडो की सरकार के इस रुख से कनाडा में हिंदू समुदाय के लोग भी सतर्क हैं और भारतीय मूल के कई नेताओं ने सरकार से इस पर स्पष्ट नीति की मांग की है। कनाडाई संसद में दिवाली उत्सव को रद्द करने के फैसले के चलते ट्रूडो को पहले ही आलोचनाओं का सामना करना पड़ा है। कनाडाई संसद में हर साल आयोजित होने वाले इस आयोजन में ट्रूडो भी हिस्सा लेते हैं, लेकिन इस बार इसे रद्द कर दिया गया, जिससे न केवल कनाडा में बल्कि भारत में भी उनके इस फैसले की आलोचना हुई। ऐसे में ट्रूडो का दिवाली के मौके पर हिंदू समुदाय के साथ मनाया गया यह उत्सव एक प्रतीकात्मक प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

# पुलिस हिरासत में नेपाल के पूर्व उपप्रधानमंत्री रवि लमिछाने के नाम एक और अरेस्ट वारंट

**काठमांडू, 03 नवंबर (एजेंसियां)।**

**देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री रवि लमिछाने के खिलाफ रविवार को एक और अरेस्ट वारंट जारी हुआ है। सहकारी घोटाला में पिछले 15 दिन से पुलिस हिरासत में चल रहे लमिछाने के नाम एक अन्य सहकारी घोटाले में यह अरेस्ट वारंट जारी हुआ है।**



सहकारी बैंकों के करोड़ों रुपये को गैर कानूनी ढंग से अपने टीवी चैनल में निवेश करने के आरोप में रवि लामिछाने इस समय पोखरा पुलिस की हिरासत में हैं।उनके खिलाफ सूर्यदर्शन सहकारी बैंक में किए गए घोटाले की जांच चल रही है। बुटवल पुलिस की डीएसपी लक्ष्मी खनाल ने बताया कि सुप्रीम सहकारी बैंक में जमा रकम को गैर कानूनी ढंग से अपचलन करने के कारण रवि लामिछाने के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी किया गया है।

उन्होंने बताया कि यह वारंट रुपंदेही जिला अदालत से जारी किया गया है। बुटवल पुलिस ने पोखरा पुलिस को रविवार को पत्र भेजकर रवि लामिछाने को सौंपने का आग्रह किया है।

दरअसल, पिछले महीने 18 अक्टूबर को काठमांडू से गिरफ्तार कर रवि लामिछाने को पोखरा भेजा गया था। जिला अदालत कास्की ने पहले 7 दिन और फिर बाद में 10 दिन की पुलिस रिमांड दी थी। रवि लामिछाने से पूछताछ का काम पूरा हो गया है लेकिन रविवार तक दीपावली की छुट्टी के कारण रवि को कोर्ट के पेश नहीं किया जा सका है। सोमवार को कोर्ट के खुलते ही रवि को अदालत में पेश किया जाएगा। अगर अदालत ने उन्हें जमानत दे दी तो उन्हें तुरंत दोबारा गिरफ्तार करके बुटवल भेजा जाएगा।

# बांग्लादेशः खराब हालात के कारण विदेश यात्रा में भारी गिरावट, पर्यटन उद्योग को बड़ा झटका

**ढाका, 03 नवंबर (एजेंसियां)।**

शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद बांग्लादेश के खराब हालात और भारत के साथ उसके संबंधों की कड़वाहट का वहां के पर्यटन उद्योग पर गहरा असर पड़ा है। वहां की स्थिति को देखते हुए विदेशी पर्यटक आ नहीं रहे हैं, ऊपर से भारत सहित कई देशों ने वीजा नियमों में जो सख्ती की, उसका असर यह हुआ कि विदेशों की यात्रा करने वाले बांग्लादेशी यात्रियों की संख्या अचानक बहुत नीचे आ गई। इससे देश के टूर ऑपरेटर खासे निराश हैं और सरकार से जल्द इसका रास्ता निकालने की अपील कर रहे हैं। बांग्लादेश के प्रमुख समाचार पत्र प्रोथोम आलो ने 123 आउटबाउंड टूर ऑपरेटरों के मंच, बांग्लादेश आउटबाउंड टूर ऑपरेटर्स फोरम के हवाले से बताया है कि टूर ऑपरेटरों का 80 प्रतिशत व्यवसाय विदेश यात्रा करने वाले पर्यटकों से आता है। बांग्लादेशियों के लिए भारत में वीजा पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, जिससे सबसे करीबी और पर्यटकों में लोकप्रिय भारत जाने वाले यात्रियों की संख्या में अचानक बहुत कमी हो गई। इसके साथ कई अन्य देश बांग्लादेश के राजनीतिक हालात को देखते हुए सख्त वीजा नियमों को जारी रखे हुए हैं। जिससे विमानन और पर्यटन व्यवसाय गिरावट के दौर से जूझ रहा है। रिपोर्ट में बताया गया है कि बांग्लादेश में सरकार बदलने के बाद भारत ने आपातकालीन चिकित्सा वीजा को छोड़कर बांग्लादेश को वीजा जारी करना बंद कर दिया है। जबकि संयुक्त अरब अमीरात भी पर्यटक वीजा जारी नहीं कर रहा है। थाईलैंड, सिंगापुर, इंडोनेशिया और फिलीपींस देरी से वीजा जारी करते हैं। इसके अलावा, बदले हालात के कारण व्यवसायियों और आम यात्रियों ने भी विदेश यात्राओं में कटौती की है। जिसके चलते स्थानीय पर्यटकों की विदेशी यात्राओं में 75-80 प्रतिशत की गिरावट आई है। बांग्लादेश से भारत पहुंचने वाले पर्यटकों का आंकड़ा देते हुए बताया गया है कि 2019 में बांग्लादेश से रिकॉर्ड 2.58 मिलियन पर्यटक भारत पहुंचे लेकिन कोरोनोवायरस महामारी के कारण इसमें गिरावट आई। साल 2022 में एक बार फिर इसमें वृद्धि शुरू हो गई। भारतीय पर्यटन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 2022 में बांग्लादेश से 1.28 मिलियन पर्यटक भारत पहुंचे और उनमें से 22 प्रतिशत ने हवाई मार्ग का इस्तेमाल किया, जबकि शेष ने सड़क मार्ग से यात्रा की। उन पर्यटकों में से 64.8 प्रतिशत यात्रा के उद्देश्य से, 25.5 प्रतिशत उपचार के लिए और 4.5 प्रतिशत व्यवसाय और नौकरी के उद्देश्य से भारत पहुंचे। 2024 में कुल 2.20 मिलियन बांग्लादेशियों ने भारत का दौरा किया। 2024 के जनवरी-जून में विभिन्न देशों से लगभग 4.78 मिलियन पर्यटकों ने भारत की यात्रा की, जिसमें सबसे अधिक 21.55 प्रतिशत बांग्लादेशी थे। बांग्लादेश आउटबाउंड टूर ऑपरेटर्स फोरम के अध्यक्ष चौधरी हसनुज्जमां के मुताबिक पर्यटन क्षेत्र को कोरोनोवायरस महामारी के बाद से लगातार नई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।



# जम्मू-कश्मीर विधानसभा का पहला सत्र आज से, सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

## भाजपा ने सुनील शर्मा को विपक्ष का नेता चुना

## नरेंद्र सिंह को उपाध्यक्ष पद के लिए पार्टी का उम्मीदवार बनाया

**श्रीनगर, 03 नवंबर (एजेंसियां)।** जम्मू-कश्मीर में 10 वर्ष के बाद विधानसभा का पहला सत्र सोमवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू होगा। अटकलें है कि मुख्यमंत्री एवं नेशनल कांफ्रेस (नेकां) उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला पांच अगस्त, 2019 की कार्रवाई की निंदा करते हुए और अनुच्छेद 370 की बहाली की मांग करते हुए प्रस्ताव पारित कर सकते हैं। दरअसल नेकां ने चुनावों के दौरान अनुच्छेद 370 और अनुच्छेद 35 ए की बहाली के लिए प्रस्ताव लाने का वादा किया था। अन्य दलों ने इस तरह के प्रस्ताव को पारित करने के लिए नेकां पर दबाव बनाया है।




नेकां की गठबंधन सहयोगी- कांग्रेस, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और सरकार को समर्थन देने वाले निर्दलीय उम्मीदवार- सत्र के लिए अपनी रणनीति तैयार करने के लिए आज शाम एक विधायी बैठक की। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर में वर्ष 2018 से ही निर्वाचित सरकार नहीं है। इस दौरान पूर्व राज्य का विभाजन करके उसे केंद्र शासित प्रदेश बना दिया गया था। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा सदन के नवनिर्वाचित सदस्यों को संबोधित करेंगे। सत्र के दौरान अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पदों के लिए चुनाव होगा।

भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को सुनील शर्मा को विपक्ष का नेता चुना और नरेंद्र सिंह को उपाध्यक्ष पद के लिए पार्टी का उम्मीदवार बनाया। ईदगाह निर्वाचन क्षेत्र से नेकां के विधायक मुबारक गुल को अध्यक्ष चुने जाने तक कार्यवाही की देखरेख के लिए प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया गया।

अधिकारियों ने बताया कि सत्र के सुचारू संचालन के लिए विधानसभा परिसर में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं कर ली गई हैं।

श्रीनगर के डाउनटाउन इलाके में शनिवार को हुई मुठभेड़ के बाद, जिसमें लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का एक विदेशी कमांडर मारा गया और चार सुरक्षाकर्मी घायल हो गए, विधानसभा सत्र से पहले शहर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सुरक्षा बलों ने विधानसभा परिसर की ओर जाने वाली सड़कों पर जांच चौकियां स्थापित की हैं तथा किसी भी प्रकार की दुर्घटना मुक्त सत्र सुनिश्चित करने के लिए वाहनों की आकस्मिक जांच की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि श्री अब्दुल्ला के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद राज्य में छह आतंकवादी हमले हुए हैं। इनमें लश्कर के कमांडर समेत छह आतंकवादी ढेर हुए हैं। इस दौरान तीन जवान भी शहीद हुए और आठ गैर कश्मीरी मजदूरों की भी मौत हुई है। राज्य में नयी सरकार के बनने के बाद आतंकवादियों ने गैर कश्मीरियों को निशाना बनाकर कई हमले किए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला के आतंकवादियों पर दिए बयान को लेकर भी सत्र का हंगामेदार रहने का आसार है । दरअसल उन्होंने कहा था कि सुरक्षाबल आतंकवादियों को मारे नहीं, बल्कि उन्हें गिरफ्तार करें। इसे लेकर भाजपा ने उन पर निशाना साधा था।

### नेकां नेता राथर के विधानसभा अध्यक्ष बनने की संभावना

**श्रीनगर, 03 नवंबर (एजेंसियां)।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के दिग्गज नेता और पूर्व मंत्री अब्दुल रहीम राथर को सोमवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा का अगला अध्यक्ष चुने जाने की उम्मीद है। छह साल से अधिक के अंतराल के बाद सोमवार को विधानसभा की बैठक होगी।

जम्मू-कश्मीर विधान सभा सचिवालय द्वारा जारी एजेंडे के अनुसार, कृषि उत्पादन, ग्रामीण विकास और पंचायत राज, सहकारिता और चुनाव मंत्री जावीद अहमद डार श्री राथर को अध्यक्ष चुनने के लिए प्रस्ताव पेश करेंगे। विधायक अर्जुन सिंह प्रस्ताव का समर्थन करने वाले हैं। नेकां के पास 42 विधायकों के साथ बहुमत है और उसकी गठबंधन सहयोगी कांग्रेस छह सीटों के साथ और पांच निर्दलीय विधायक नेकां का समर्थन कर रहे हैं। कुल मिलाकर, नेकां-कांग्रेस गठबंधन को मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के विधायक मोहम्मद यूसुफ तारिगामी सहित 55 विधायकों का समर्थन प्राप्त है। विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 29 विधायक हैं।

तय कार्यक्रम के मुताबिक, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा सुबह 11:30 बजे विधानसभा को संबोधित करेंगे। आधे घंटे बाद निर्वाचित अध्यक्ष विधानसभा के सदस्यों को उपराज्यपाल के अभिभाषण की प्रति पेश करेंगे। श्री राथर अब तक छह बार विधायक रहे हैं । वह विधानसभा के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य कर चुके हैं और पिछली नेशनल कॉन्फ्रेंस सरकारों में वित्त सहित कई महत्वपूर्ण मंत्रालयों को संभाल चुके हैं।

# झारखंड की तस्वीर और जनता की तकदीर बदलेगी भाजपा: शिवराज चौहान

**रांची, 03 नवंबर (एजेंसियां)।** केन्द्रीय कृषि मंत्री और झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को झारखंड की तोरपा विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार कोचे मुंडा और खूंटी विधानसभा से प्रत्याशी नीलकंठ सिंह मुंडा के समर्थन में विशाल जनसभा को संबोधित किया।




इस दौरान श्री चौहान ने कहा कि, मैं मध्यप्रदेश का मामा हूं तो झारखंड वासियों का भी मामा ही हूं, मैं नेता, मंत्री नहीं बल्कि भैया और मामा हूं। उन्होंने कहा कि, दीनदयाल उपाध्याय जी कहते थे कि, मंदिर में पूजा-अर्चना करने से भगवान खुश होंगे या नहीं ये मैं नहीं जानता लेकिन दीन-दुखियों, गरीबों और दूसरों की सेवा कर ली तो उनकी आंखों में तुम्हें साक्षात भगवान दर्शन देंगे। जनता की सेवा ही हमारे लिए भगवान की पूजा है और इसलिए झारखंड की जनता का विकास और जनता का कल्याण ही भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है। झारखंड में परिवर्तन की लहर चल रही है और इस लहर में जेएमएम-कांग्रेस सूखे पत्ते की तरह उड़ जाएंगे।

केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने झारखंड सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि, भारत देश की सबसे भ्रष्ट सरकार अगर कोई है तो वो जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन की सरकार ही है। इन्होंने पूरे प्रदेश को लूटकर तबाह और बर्बाद कर दिया है। जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी गठबंधन की सरकार का जनता के सुख-दुख से कोई वास्ता नहीं है। इसलिए जेएमएम सरकार में झारखंड की जनता सुखी नहीं है। इनके नेता, मंत्रियों के यहां से छापे में साढ़े तीन सौ करोड़ रूपए बरामद किए जा रहे हैं। ये हेमंत सोरेन का पैसा नहीं है, ये जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी का भी पैसा नहीं है बल्कि ये झारखंड वासियों के खून-पसीने की कमाई का पैसा है। झारखंड के सरकारी दफ्तरों में बिना लेन-देन के कोई काम नहीं होता है। वहीं शिवराज सिंह ने कहा कि, जिन्हें अपनी उम्र तक याद ना हो वो प्रदेश की जनता का भला कैसे कर सकते हैं। हेमंत सोरेन ने पांच साल पहले अपनी उम्र 42 साल बताई थी, और पांच साल बाद उम्र 49 साल बता रहे हैं। ये कमाल के जादूगर हैं, गजब की गति है कि, 5 साल में सोरेन की उम्र 7 साल बढ़ गई और उनकी सम्पत्ति हजार गुना बढ़ गई।

केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि, हेमंत सोरेन ने 5 लाख सरकारी नौकरियां देने का वादा किया था, लेकिन किसी भी युवा को नौकरी नहीं मिली। 4 साल 10 महीने कुछ नहीं दिया, और चुनाव आते ही सिपाही भर्ती के लिए पूरे प्रदेश से बच्चों को बुला लिया।

युवाओं को कड़ी धूप में 10 किलोमीटर दौड़ा दिया। ऐसा दौड़ाया कि, दौड़ते दौड़ते हमारे नौजवान जिंदगी की जंग हार गए। ये हादसा नहीं बल्कि हत्या है। भाजपा की सरकार बनते ही पूरे मामले की जांच की जाएगी और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। वहीं शिवराज सिंह ने कहा कि, झारखंड में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही 2 लाख 87 हजार खाली पड़े पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। पहले ही साल में डेढ़ लाख नौकरियां दी जाएंगी। बाकायदा कैलेंडर बनाकर तय किया जाएगा कि, कब परीक्षा होगी, कब रिजल्ट आएगा और कब युवाओं को नियुक्तियां दी जाएंगी। इसके अलावा 5 लाख स्वरोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराए जाएंगे। ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट युवाओं को अच्छी नौकरी की तैयारी के लिए हर महीने 2 हजार रूपए की राशि दी जाएगी। झारखंड के युवाओं को पूरा न्याय मिलेगा।

# बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में दस हाथियों की मृत्यु मामले में दो अधिकारी निलंबित

**भोपाल, 03 नवंबर (एजेंसियां)।** मध्यप्रदेश सरकार ने उमरिया जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में दस हाथियों की मृत्यु संबंधी प्रकरण की जांच में वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व सहित दो अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।



आज यहां जारी आदेश के अनुसार बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में दस जंगली हाथियों की मृत्यु संबंधी प्रकरण की जांच में गौरव चौधरी वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक, बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व उमरिया को प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) एवं मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक मध्यप्रदेश द्वारा सूचना देने के बाद भी श्री चौधरी के अवकाश से वापस नहीं लौटने तथा मोबाइल फोन बंद रखने से वरिष्ठ के निर्देशों की अवहेलना तथा शासकीय कर्तव्यों का पालन नहीं कर अखिल भारतीय सेवाएं (आचरण) नियम, 1968 के नियम-3 का उल्लंघन किया गया है।

अतः राज्य शासन द्वारा श्री चौधरी को उक्त कृत्य के लिए अखिल भारतीय सेवांए (अनुशासन एवं अपील) नियम, 1969 के नियम-3 में निहित प्रावधान के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख कार्यालय भोपाल रहेगा।

इसी तरह फतेसिंह निनामा सहायक वन संरक्षक, उप वनमण्डल अधिकारी पनपथा बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व उमरिया द्वारा बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में दस जंगली हाथियों की मृत्यु संबंधी प्रकरण की जांच में समय पर सक्षम नेतृत्व प्रदान नहीं करने तथा अधिकांश कार्यवाही अधिनस्थों पर छोड़ने के कारण शासकीय कर्तव्यों का पालन नहीं कर मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 में निहित नियमों का स्पष्ट उल्लंघन किया है।

अतः राज्य शासन द्वारा उक्त कृत्य के लिए फतेसिंह निनामा को मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम-9 में निहित प्रावधान के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख कार्यालय भोपाल रहेगा। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

# दिल्ली में आयोजित होगा पहला एशियाई बौद्ध शिखर सम्मेलन

**नई दिल्ली, 03 नवंबर (एजेंसियां)।** राष्ट्रीय राजधानी में पांच और छह नवंबर को पहला एशियाई बौद्ध शिखर सम्मेलन (एबीएस) का आयोजन किया जाएगा।



सम्मेलन का आयोजन भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय, अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ (आईबीसी) के सहयोग से किया जा रहा है। इस शिखर सम्मेलन का विषय एशिया को सुदृढ़ बनाने में बुद्ध धम्म की भूमिका है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी।

संस्कृति मंत्रालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार शिखर सम्मेलन के माध्यम से पूरे एशिया के विभिन्न बौद्ध परंपराओं के संघ नेताओं, विद्वानों, विशेषज्ञों और चिकित्सकों को एक साथ लाया जाएगा, ताकि संवाद को बढ़ावा दिया जा सके, समझ को बढ़ावा दिया जा सके और बौद्ध समुदाय के सामने आने वाली समकालीन चुनौतियों का समाधान किया जा सके।

गौरतलब है कि बौद्ध धर्म भारत और पूरे एशिया के आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक इतिहास में एक अद्वितीय स्थान रखता है। इस दौरान एशिया को जोड़ने वाले धम्म सेतु (पुल) के रूप में भारत विषय पर एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। यह शिखर सम्मेलन पूरे एशिया में बुद्ध धम्म की विविध अभिव्यक्ति को एक साथ लाने का एक अनूठा अवसर है। संवाद के माध्यम से, समकालीन चुनौतियों का समाधान करते हुए और बौद्ध विरासत को बढ़ावा देने के लिए, शिखर सम्मेलन का उद्देश्य एक ज्यादा उदार, स्थायी एवं शांतिपूर्ण विश्व में योगदान देना है, जो हमें मानवता के व्यापक कल्याण का पूर्ण आश्वासन देता है।

# सत शर्मा जम्मू-कश्मीर के भाजपा अध्यक्ष नियुक्त



**जम्मू, 03 नवंबर (एजेंसियां)।** पूर्व विधायक सत शर्मा को जम्मू-कश्मीर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। श्री शर्मा ने रविंदर रैना का स्थान लिया, जिन्हें राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया है।

भाजपा मुख्यालय द्वारा जारी आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, सत शर्मा ने रविंदर रैना की जगह जम्मू-कश्मीर भाजपा इकाई का नया प्रमुख नियुक्त किया है। श्री रैना 2018 से जम्मू-कश्मीर बीजेपी अध्यक्ष बने हुए हैं। वर्ष 2014 के विधानसभा चुनाव में जम्मू पश्चिम से जीतने वाले और पिछली भाजपा-पीडीपी सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे सत शर्मा को नौ सितंबर को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। इस बीच, भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में नियुक्त किए गए रविंदर रैना ने हाल ही में अक्टूबर में नौशेरा निर्वाचन क्षेत्र से विधानसभा चुनाव लड़ा था और नेशनल कॉन्फ्रेंस के सुरिंदर चौधरी से हार गए थे।

# मोदी सरकार की शिक्षा नीति से भारत विश्व गुरु बनने की राह पर: सोनोवाल

**नई दिल्ली, 03 नवंबर (एजेंसियां)।** पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने कहा है कि देश में शिक्षा क्षेत्र में जबरदस्त सुधार हुआ है तथा इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की अहम भूमिका है जिसने भारत को विश्व गुरु बनने की राह पर अग्रसर किया है।



श्री सोनोवाल ने डिब्रूगढ़ में असम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के 78वें और डिब्रू कॉलेज के 62वें स्थापना दिवस समारोह के दौरान छात्रों से बातचीत में कहा कि समाज में वैज्ञानिक सोच विकसित करने में हर डॉक्टर की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। असम मेडिकल कॉलेज की विरासत सुरक्षित हाथों में है और उन्हें पूरा भरोसा है कि इस विरासत को आगे बढ़ाकर लोगों के जीवन को शारीरिक और मानसिक रूप से समृद्ध बनाया जा सकेगा।

असम मेडिकल कॉलेज को आदम तथा पूर्वोत्तर का गौरव बताते हुए उन्होंने कहा कि विश्व स्तर के डॉक्टर और शोधकर्ता बनने में इस कॉलेज की प्रतिभाओं को निखारा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कॉलेज के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए असम सरकार से 300 करोड़ रुपये की सहायता के अलावा क्षेत्रीय सांसद के रूप में वह इसकी क्षमता को बढ़ाने में योगदान देने को प्रतिबद्ध है। समकालीन चिकित्सा पद्धति में उत्कृष्ट बताते हुए उन्होंने कहा कि हमारी सदियों पुरानी पारंपरिक औषधीय प्रणाली तन और मन को स्वस्थ बनाने में कारगर सिद्ध हुए हैं। दुनिया को भारत ने योग दिया है जो पूरी मानवता के स्वास्थ्य और मन को स्वस्थ बना रहा है।

# जारांगे-पाटिल विधानसभा चुनाव में उतारेंगे उम्मीदवार

**जालना, 03 नवंबर (एजेंसियां)।** मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जारांगे-पाटिल ने रविवार को बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि वह आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मराठवाड़ा क्षेत्र के कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में अपने उम्मीदवार उतारेंगे।



उन्होंने अंतरवाली सरती गांव में घोषणा करते हुए कहा कि वह सात विधानसभा क्षेत्रों में अपने उम्मीदवार उतारेंगे और छह विधानसभा क्षेत्रों में उम्मीदवारों को उखाड़ फेंकने के लिए अभियान चलाएंगे और दो विधानसभा क्षेत्रों में उम्मीदवारों को समर्थन देंगे। जारांगे-पाटिल के अनुसार, वह बीड जिले में कैज और बीड शहर निर्वाचन क्षेत्रों, जालना जिले में पार्टूर निर्वाचन क्षेत्र, छत्रपति संभाजीनगर जिले में फुलंबरी निर्वाचन क्षेत्र, हिंगोली जिले में हिंगोली निर्वाचन क्षेत्र, परभणी जिले में पठारी निर्वाचन क्षेत्र और नांदेड़ जिले में हदगांव निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव के लिए उम्मीदवार खड़े करेंगे।

वह जालना जिले के भोकरदन निर्वाचन क्षेत्र, छत्रपति संभाजीनगर जिले के गंगापुर निर्वाचन क्षेत्र, हिंगोली जिले के कलामनुरी निर्वाचन क्षेत्र, परभणी जिले के गंगाखेड़ और जिंतूर निर्वाचन क्षेत्र और लातूर जिले के औसा निर्वाचन क्षेत्र में उम्मीदवारों को हराएंगे। जारांगे-पाटिल ने दो निर्वाचन क्षेत्रों में उम्मीदवारों का समर्थन करने का फैसला किया है, जिनमे जालना जिले में बदनापुर रिजर्व निर्वाचन क्षेत्र और छत्रपति संभाजीनगर जिले में औरंगाबाद पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र शामिल है।

## आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

आज समय बहतर रहेगा कार्य सिद्धि होगी । कारोबार में वृद्धि होगी। आपके सम्मान में बढोतरी होगी। नए काम से लाभ होगा। शत्रु पक्ष से सावधान रहें। नए व्यक्ति से मुलाकात होगी। निवेश संबंधी प्रस्ताव मिलेंगे। जरूरी फैसले जल्दबाजी में न लें। पारिवारिक जीवन खुशनुमा रहेगा। धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। जोखिम वाले करने से बचें। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य अनुकूल रहेगा तरल भोजन करें।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

आज गणेश जी को दूर्वा और सिन्दूर चढाए मनोवांछित फल मिलेगा। मित्रों के साथ घूमने के लिए जाएंगे। पूजा पाठ में मन लगेगा। व्यवसाय में प्रगति होगी।परिवार का सहयोग मिलेगा। उधार की रकम वापस मिलेगी। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। कार्यस्थल पर खुशखबरी मिलेगी। आपके ज्यादातर कार्य काम पूरे होंगे। आप बेहद खुश रहेंगे। आर्थिक लाभ होगा। सेहत ठीक रहेगी। उच्च पदस्थ व्यक्ति से लाभ होगा पदोन्नति संभव हैं।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ङ,छ,के,को,ह**

आज ध्यान और प्राणायाम करें शरीर मे उर्जा रहेगी। आपको यात्रा पर जाना पड़ा सकता है। जोखिम ले सकते हैं। निवेश के अवसर आएंगे। आमदनी होगी। पारिवारिक कार्य सफल रहेंगे। बुजुर्गों का मार्गदर्शन मिलेगा। पारिवारिक कार्यक्रम हो सकते हैं। किसी रिश्तेदार से काफी समय बाद मुलाकात होने की संभावना है। कैरियर से जुड़े कार्य पूरे होंगे। बेरोजगारी दूर होगी ।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

आज मनमुताबिक कार्य नही होंगे । बहते पानी मे शक्कर बहादें। खर्चा ज्यादा होने की संभावना है। परिवार के किसी सदस्य की सेहत बिगड़ सकती है। गैरजरूरी कार्यों में समय नष्ट करेंगे। किसी को उधार न दें। नुकसान की आशंका है। विवाद की स्थिति से दूर रहें। कर्ज की रकम फिलहाल वापस नहीं मिलेगी। ऑफिस में किसी से बहस हो सकती है। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।गुस्सा करने से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

गणेश मंत्र का जप करें गाय को हरी सब्जी खिलाए । नई योजना बना सकते हैं। आमदनी के नए स्रोत मिलेंगे। सामाजिक कार्यों में हिस्सा लेंगे। तनाव हो सकता है। शांत रहने का प्रयास करें। पुराने रूके हुए कार्य पूरे होंगे। उधार की रकम वापस मिल सकती है। सेहत को लेकर चिंतित रहेंगे। दफ्तर के सहयोगी से मतभेद दूर होंगे। लाभ के अवसर सामने आएंगे। व्यवसाय में प्रगति होगी। घर परिवार का माहौल ठीक रहेगा। यात्रा का योग बनेगा गुड का सेवन करें।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

आज धार्मिक ग्रन्थों का अवलोकन करें । आपको सत्संग का लाभ मिलेगा। पुराने काम पूरे हो सकते हैं। आध्यात्मिकता में रुचि बढ़ेगी। विशेषज्ञ का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। अचानक किसी के साथ तनाव हो सकता है। क्रोध पर काबू रखें। आर्थिक स्थिति सुधरने की उम्मीद है। व्यवसाय में लाभ की संभावना है। विरोधियों से सावधान रहें। खानपान में सावधानी बरते शाम को दूध का सेवन करें ।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

आपको बुजुर्गों का माता पिता का आशीर्वाद लेकर चलें । आज खुशखबरी मिलेगी। प्रसन्न रहेंगे। बड़ी जिम्मेदारी पूरी कर पाएंगे। परिवार के लोगों से मुलाकात होगी। आमदनी में बढ़ोतरी होगी। नए काम के लिए प्रयास कर सकते हैं। कैरियर से जुड़ी जानकारी मिलेगी। रिश्तेदारों का सहयोग मिलेगा। छात्रों का पढ़ाई में मन लगेगा। धन लाभ होने की संभावना है। अनजान लोगों से मेलमिलाप न करें। यात्रा का बिल्कुल नही है सावधानी बरते।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

आज का दिन अनुकूल नही हैं शिवमंत्र का जप करें । तनावग्रस्त हो सकते हैं। कार्यस्थल पर खुशखबरी मिल सकती है। संतान पक्ष की सफलता से प्रसन्न रहेंगे। आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है। शारीरिक दिक्कत होने की आशंका है। हड़बड़ी में जरूरी फैसला न लें। शत्रुओं से हानि होगी। यात्रा कर सकते हैं। जोखिम लेने से बचें। सावधानी से खर्च करें। चीटियों को आटा डालें कर्ज मुक्त होंगे।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

आज का दिन शानदार बनाना हैं तो ब्रह्म मुहूर्त मे निंद्रा त्याग कर ईश्वर का चिंतन करें । अपने मित्रों के साथ समय बिता सकते हैं। विद्यार्थियों को सफलता प्राप्त होगी। परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। नए प्रोजेक्ट पर काम शुरू कर सकते हैं। घरेलू जिम्मेदारी पूरी करेंगे। नया मकान खरीदने का प्लान बना सकते हैं। किसी कार्य में ज्यादा खर्च होगा। सावधानी से बातचीत करें। दाम्पत्यजीवन मे पूर्ण सहयोग रहेगा।रिश्तों मे मधुरता बढेगी।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

आज का दिन खुशहाल हैं तरक्की के रास्ते खुलेंगे। पुराने मित्रों से मुलाकात होगी। यात्रा पर जा सकते हैं। ऑफिस में बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। तरक्की की सूचना मिलेगी। अनजान लोगों की मदद करने से पहले सोच विचार कर लें। किसी की वजह से आपको नुकसान हो सकता है। कारोबार अच्छा चलेगा। विवाद से बचें। ईश्वर की आराधना में मन लगेगा। नौकरी मिलने की पूरे योग हैं धन के रास्ते खुलेंगे।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

आप जो महनत करेंगे उसका परिणाम सौ प्रतिशत मिलेगा। आप काफी सकारात्मक रहेंगे। सेहत ठीक रहेगी। धन संबंधी स्थिति सुधरेगी। आपको खुशखबरी मिल सकती है। आपके स्वभाव से दूसरे प्रभावित रहेंगे। आपकी सराहना होगी। कुटिल लोगों से सतर्क रहें। आमदनी के नए स्रोत मिलेंगे।युवाओं को आज सफलता मिलेगी। कुंवारों का रिश्ता तय हो सकता है दुर्गा जी को लाल पुष्प चढाए कार्य सिद्ध होगा।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

आपको विरोधी नुकसान पहुंचा सकते हैं सतर्कता बरतें । किसी के बहकावे में न आएं। आर्थिक नुकसान की आशंका है। आज आपकी वजह से कई लोगों को लाभ होगा। किसी रिश्तेदार के यहां से दुखद समाचार मिल सकता है। तनाव की स्थिति निर्मित हो सकती है। वाणी पर क्रोध पर नियंत्रण रखें। अपशब्दों का इस्तेमाल न करें व्यवहार खराब होगा संयमित रहें।

### सोमवार का पंचांग

दिनांक : 04 नवंबर 2024 , सोमवार
विक्रम संवत : 2081
मास : कार्तिक, शुक्ल पक्ष
तिथि : तृतीया रात्रि 11:26 तक
नक्षत्र : अनुराधा प्रातः 08:04 तक
योग : शोभन प्रात:11:42 तक
करण : तैतिल प्रातः 10:50 तक
चन्द्रराशि : वृश्चिक
सूर्योदय : 06:15 , सूर्यास्त 05:43 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:14, सूर्यास्त 05:52 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 06:07 , सूर्यास्त 05:43 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 06:06, सूर्यास्त 05:35 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**

अमृत : 06:00 से 07:30
शुभ : 09:00 से 10:30
चल : 01:30 से 03:00
लाभ : 03:00 से 04:30
अमृत : 04:30 से 06:00
राहुकाल : प्रातः 07:30 से 09:00
दिशाशूल : पूर्व दिशा
उपाय : दही धनिया खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष :– गण्डमूल प्रातः 08:05 से




✲ पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें ✲
पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com


# राजस्थान को जैविक प्रदेश बनाने की मुहिम हुई तेज



**जयपुर, 03 नवंबर (एजेंसियां)।** राजस्थान को जैविक प्रदेश बनाने की मुहिम तेज हो गई है और सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर ने भी इसमें अपनी रुचि दिखाते हुए राजस्थान के 25 जैविक खेती करने वाले किसानों को सिक्किम में जैविक खेती प्रशिक्षण के लिए आमंत्रित किया हैं तथा उन्होंने रविवार को इस कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन भी किया।

अखिल भारतीय गौशाला परिषद के अंतर्राष्ट्रीय संयोजक डॉ. अतुल गुप्ता ने बताया कि परिषद और भारतीय जैविक किसान उत्पादक संघ ने श्री माथुर से सिक्किम में जैविक कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का आग्रह किया था। डा. गुप्ता ने बताया कि इसके लिए देश के प्रथम जैविक राज्य सिक्किम के राज्यपाल श्री माथुर से शिष्टाचार भेंट कर सिक्किम में राजस्थान के किसानों को जैविक खेती का प्रशिक्षण देने का आग्रह किया जिस पर राज्यपाल ने इस सुझाव की सराहना की और राजस्थान के किसानों को प्रशिक्षण के लिए आमंत्रित किया।

इस अवसर पर श्री माथुर ने कहा कि सिक्किम सरकार के कृषि मंत्री, कृषि विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और अन्य सभी जैविक कृषि विशेषज्ञों का पैनल प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद रहेगा। उन्होंने जैविक किसानों के उत्पादन के विक्रय में आने वाली मूल समस्याओं के निष्पादन के लिए एक केन्द्रीय बाजार स्थल बनाने पर बल दिया, जिससे किसान वर्ग जैविक कृषि की ओर अपना रुझान बढ़ा सकें। उन्होंने डॉ. गुप्ता के जैविक राष्ट्र के प्रयासों के लिए किये जा रहे सुझावों पर ध्यान दिया और इनकी सराहना भी की। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में डा गुप्ता के साथ अरुण खटोड़ और त्रिलोक खंडेलवाल भी मौजूद थे। डा. गुप्ता ने कहा कि राजस्थान ऑर्गेनिक राज्य बनने की राह पर है और वह सिक्किम के बाद दूसरा ऑर्गेनिक राज्य बन सकता है।

# गोवर्धन पर्व पर पटाखेबाजी से एक दर्जन से अधिक जगहों पर लगी आग, लाखों का नुकसान

**केकड़ी, 03 नवंबर (एजेंसियां)।** शनिवार को गोवर्धन पर्व के दौरान केकड़ी शहर समेत जिले में कई जगहों पर आगजनी की घटनाएं दर्ज की गईं। इन घटनाओं में जहां केकड़ी में एक कार जलकर खाक हो गई, वहीं कई व्यवसायिक प्रतिष्ठानों व बाड़ों में भी आग की सूचना है। सरवाड़ में भी एक दुकान सहित अन्य स्थानों पर आगजनी की घटनाओं में लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान व्यक्त किया गया है।

केकड़ी में दमकलें रात भर आग बुझाने के लिए इधर से उधर दौड़ती रही। दमकलों की सक्रियता से हर जगह आग पर समय रहते काबू पा लिया गया, जिससे बड़े हादसे होने से बच गए। दमकलकर्मियों ने बताया कि परिषद की तीनों दमकल द्वारा विभिन्न स्थानों पर लगी आग बुझाने का सिलसिला शनिवार शाम को लगभग छह बजे शुरू हुआ, जो रविवार अलसुबह 3 बजे तक चलता रहा। इस दौरान दमकलकर्मियों की टीमों ने लगातार काम किया तथा घटनाओं के विकराल रूप धारण करने से पहले ही उन पर काबू पा लिया, जिसके चलते अधिकतर स्थानों पर बड़ा हादसा नहीं हुआ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पटाखों से उठी चिंगारियों के कारण ब्यावर रोड, भीलवाड़ा जयपुर बाइपास, सूरजपोल गेट एवं काजीपुरा इलाके में बाड़ों में रखे चारे एवं काजीपुरा स्थित स्टेडियम में उगी घास में आग लग गई।

# राज्य में डीएपी की कोई कमी नहीं, सभी किसानों को समय पर मिलेगी खाद

## सीएम सैनी ने डीएपी खाद की उपलब्धता को लेकर समीक्षा बैठक की

**चंडीगढ़, 03 नवंबर (एजेंसियां)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने रविवार को यहां कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ डीएपी खाद की उपलब्धता को लेकर समीक्षा की।





श्री सैनी ने कहा कि राज्य में डीएपी खाद की कोई कमी नहीं है और सभी किसानों को समय पर खाद मिलेगा। पिछले साल रबी सीजन में अक्टूबर 2023 में डीएपी की कुल खपत 1,19,470 टन थी, जबकि अक्टूबर 2024 में खपत 1,14,000 टन रही। आज की तारीख में राज्य में डीएपी की उपलब्धता 24000 टन है और किसानों के लिए डीएपी की दैनिक आपूर्ति के लिए रेक प्लानिंग की गई है।

उन्होंने बताया कि 2023 रबी सीजन के दौरान नवंबर में कुल 72697 टन की खपत हुई थी। राज्य सरकार के प्रयासों के परिणामस्वरूप, केंद्र ने नवंबर महीने के लिए 1,10,000 टन डीएपी उर्वरक आवंटित किया है, जिसमें से नवंबर के पहले सप्ताह के लिए रेक मूवमेंट पर 41,600 टन और दूसरे सप्ताह के लिए 40,000 टन की योजना बनाई गई है और नवंबर 2024 के तीसरे सप्ताह में इसे घटाकर 20,000 टन कर दिया जाएगा।

अधिक जानकारी देते हुए सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि डीएपी के लिए रैक योजना तैयार कर ली गई है। भिवानी, दादरी, रोहतक, महेंद्रगढ़, करनाल, पानीपत, कुरुक्षेत्र और जींद को 3 नवंबर को रैक मिलेंगे। इसी प्रकार हिसार, फतेहाबाद, कुरुक्षेत्र, झज्जर, सोनीपत और रोहतक को चार नवंबर, कुरुक्षेत्र, यमुनानगर, करनाल, हिसार, सिरसा और जींद को पांच नवंबर, अंबाला, कुरुक्षेत्र, पंचकूला और यमुनानगर को छह नवंबर तथा पलवल, नूंह, फरीदाबाद और गुरुग्राम को सात नवंबर को रैक मिलेंगे। सरकार ने आश्वासन दिया कि सभी जिलों को कवर किया जा रहा है।

# राज्य स्तरीय महिला पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**चंडीगढ़, 03 नवंबर (एजेंसियां)।** हरियाणा सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां प्राप्त करने वाली महिलाओं के लिए राज्य स्तरीय महिला पुरस्कार के लिए 27 दिसंबर तक आवेदन आमंत्रित किए हैं।

महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि यह पुरस्कार देने का मुख्य उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को विशेष पहचान और मान्यता देना है, ताकि वे भारतीय महिलाओं की भावी पीढ़ी के लिए रोल मॉडल बन सकें। उन्होंने बताया कि पुरस्कारों में इन्दिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार, कल्पना चावला शौर्य एवं बहन शन्नो देवी पंचायती राज पुरस्कार, लाइफ-टाइम अचीवमेंट पुरस्कार शामिल हैं। इसी प्रकार से एएनएम/ नर्स/ महिला एमपीडब्ल्यू, महिला खिलाड़ी, सरकारी कर्मचारी, सामाजिक कार्यकर्ता, महिला उद्यमी तथा साक्षर महिला समूह को निर्धारित राशि के साथ-साथ प्रशस्ति पत्र दिए जाएंगे। प्रवक्ता ने बताया कि आवेदन करने की योग्यताएं और शर्तें महिला एवं बाल विकास विभाग की वेबसाइट सीडीएचआरवाई डॉट जीओवी डॉट आईएन से डाउनलोड की जा सकती है।

# ऑपरेशन आक्रमण के तहत 29 आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा, 03 नवंबर (एजेंसियां)।** हरियाणा में सिरसा जिला पुलिस ने गैर कानूनी धंधा करने वालों तथा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी ढंग से अंकुश लगाने के लिए रविवार को ऑपरेशन आक्रमण चलाया। इस अभियान में पुलिस की विभिन्न टीमों ने मादक पदार्थ तस्करों, अवैध शराब तस्करों, अवैध असला धारकों, जुआ व सट्टा खाईवाली करने वालों तथा अन्य आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे लोगों के ठिकानों पर दबिश दी। ऑपरेशन आक्रमण के तहत जिला पुलिस ने आज विभिन्न गैर कानूनी धंधों तथा अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त 29 लोगों को गिरफ्तार किया है। जिला भर में सुबह 6-00 बजे से दोपहर 12 बजे तक ऑपरेशन आक्रमण चलाया गया।

ऑपरेशन आक्रमण के दौरान मादक पदार्थ अधिनियम के तहत एक मामला दर्ज कर गिरफ्तार किए गए एक युवक के कब्जे से लाखों रुपए की 82 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। शस्त्र अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए दो युवकों को काबू कर उनके कब्जे से दो अवैध पिस्तौल तथा 6 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं । इसके अलावा ऑपरेशन आक्रमण के दौरान विभिन्न अपराधिक मामलों में वांछित 26 अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया गया।

ऑपरेशन आक्रमण के दौरान जिला पुलिस ने जिले के अंदर तथा सीमावर्ती राज्यों पंजाब व राजस्थान की ओर से प्रवेश करने वाले प्रत्येक वाहन व व्यक्ति की बारीकी से चेकिंग कर संदिग्ध किस्म के लोगों पर पैनी नजर रखी गई तथा यातायात नियमों की अवहेलना करने की आरोप में अनेक वाहनों के चालान भी काटे गए हैं।

## सुरजेवाला के बयान पर भाजपा नेताओं ने साधा निशाना

# एक्सीडेंटल शब्द कांग्रेस के लिए बना : धनखड़

**चंडीगढ़, 03 नवंबर (एजेंसियां)।** भाजपा नेताओं ने कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला पर निशाना साधा है। सुरज-वाला ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पर एक्सीडेंटल सीएम की टिप्पणी की थी। इस पर भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा- सुरजेवाला के जहन में यह शब्द एक्सीडेंटल पीएम से आया है। 2005 में जब सोनिया गांधी पीएम बनने से रह गई तो मनमोहन सिंह पीएम बने और उन्हें एक्सीडेंटल पीएम कहा गया। इसी पर एक्सीडेंटल पीएम फिल्म भी बनी है।



सुरजेवाला ने एक्सीडेंटल शब्द बोलकर अपनी ही पार्टी पर बैक फायर किया है, क्योंकि उनका जनाधार खत्म हो रहा है। धनखड़ ने कहा कि नायब सिंह सैनी ने सभी हलकों में जाकर चुनाव प्रचार किया, भाजपा और प्रदेश की जनता ने उनको अपना नेता माना और चुना है। उनके नेतृत्व में पूर्ण बहुमत से हमारी पार्टी की सरकार बनी है।वहीं, भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने कहा कांग्रेस नेता जिस तरीके से टिप्पणी कर रहे हैं, वह उनके मानसिक दिवालियापन की निशानी है। 2019 में सुरजेवाला चुनाव हार गए थे और उन्हें जमानत भी बड़ी मुश्किल से बचानी पड़ी थी।

# दिया कुमारी ने खींवसर में किया कमल खिलाने का आह्वान

**खींवसर (नागौर), 03 नवंबर (एजेंसियां)।** राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने रविवार को नागौर जिले के खींवसर में विधानसभा उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को जिताकर कमल खिलाने का आह्वान किया।

दिया कुमारी खींवसर में एक दीपावली मिलन समारोह में लोगों को संबोधित करते हुए यह आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान में अब डबल इंजन की सरकार है और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में विकास की कड़ी से कड़ी जुड़ चुकी है तथा अब खींवसर की कड़ी भी जोड़ने का समय आ गया है। इस मौके उपमुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी रेवंतराम डांगा के समर्थन में अपील करते हुए कहा कि यह बहुत ज़रूरी है कि खींवसर में भी ऐसा विधायक बने कि जनता के सारे काम तुरंत हो और खींवसर किसी भी मायने में पीछे नहीं रह जाये। उन्होंने कहा कि इसके लिए भाजपा का विधायक बनना बहुत जरूरी है और वह आप लोगों के भाजपा को समर्थन से संभव है। उन्होंने मातृशक्ति से विशेष रूप से अपील करते हुए कहा कि वे 13 नवम्बर को भाजपा के पक्ष में मतदान करे।

# राजनीति के नए जादूगर के रुप में उभरकर सामने आए भजनलाल

**जयपुर, 03 नवंबर (एजेंसियां)।** राजस्थान में आगामी 13 नवंबर को होने वाले सात विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनाव के लिए चुनावी सरगर्मियां तेज होने लगी हैं वहीं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा बदलते राजनीतिक परिवेश के बीच राजनीति के नये जादूगर के रुप में उभरकर सामने आए हैं।

श्री शर्मा ने पिछले विधानसभा चुनाव में पहली बार विधायक चुने जाने के बाद पहली बार में ही मुख्यमंत्री बनने के बाद कई महत्वपूर्ण ऐतिहासिक निर्णय लेकर जनता से खूब वाहीवाही बटोरी और इसके बाद आगामी 13 नवंबर को होने उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कई उम्मीदवारों के खिलाफ उठे बगावती सुर थामने में कामयाब रहे। साथ ही बगावत पर उतारु पार्टी के नेताओं से मुलाकात एवं उन्हें समझाकर पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में उतारकर बदलते राजनीतिक परिवेश में अपने को अनुभवी एवं राजनीति के खिलाड़ी की तरह साबित करने में भी कामयाब रहे।

इस उपचुनाव में झुंझुनूं, रामगढ़, देवली-उनियारा एवं सलंबूर से टिकट नहीं मिलने पर भाजपा के प्रत्याशियों के खिलाफ बगावत के सुर उठे थे वहीं उपचुनाव में देवली-उनियारा से कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ भी बगावत के सुर उठे। इनमें मुख्यमंत्री की सूझबूझ एवं सियासी जादूगरी के चलते भाजपा के बगावत करने वाले पार्टी के चारों नेताओं को न केवल समझा लिया गया बल्कि वे पूरी तरह पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में भी जुट गए हैं लेकिन राजनीति के जादूगर कहे जाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की पार्टी के नेता और उनियारा-देवली से टिकट की मांग करने वाले नरेश मीणा के बगावती सुर इतने बलवती होकर सामने आए हैं कि उन्होंने अधिकृत पार्टी प्रत्याशी कस्तूर चंद मीणा के खिलाफ चुनाव लड़ने के लिए नामांकन दाखिल कर दिया और अपना नामांकन पत्र वापस नहीं लिया और वह पार्टी प्रत्याशी के विरुद्ध चुनाव लड़ रहे हैं।

इसके बाद नरेश मीणा के समर्थन में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (रालोपा) के संयोजक हनुमान बेनीवाल, निर्दलीय विधायक रविन्द्र सिंह भाटी एवं भारत आदिवासी पार्टी (बाप) पार्टी उनके समर्थन में आ गए। राजनीतिक गलियारों में यह भी चर्चा होने लगी हैं कि कई वर्षों के राजनीति में अनुभवी एवं तीन बार मुख्यमंत्री होने का गौरव रखने वाले सियासत के जादूगर श्री गहलोत की कांग्रेस पार्टी एक बागी के बगावती सुर नहीं रोक पाई और महज 10-11 महीने पुराने एवं पहली बार के विधायक एवं मुख्यमंत्री अपनी पार्टी के चार-चार बगावत करने वाले नेताओं को न केवल समझाने में कामयाब रहे बल्कि ये नेता पार्टी उम्मीदवारों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चल पड़े।



पिछले लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा में बनाए गए नए प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ की भी इसके लिए पीठ थपथपाई जा रही है। इसके अलावा नागौर जिले की खींवसर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के खिलाफ कोई बगावती तेवर तो नजर नहीं आये लेकिन वर्ष 2008 से यह सीट अस्तित्व में आई हैं तब से राजनीतिक दबदबा रखने वाले हनुमान बेनीवाल के सामने दो बार बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के उम्मीदवार के रुप में चुनौती देकर दूसरे स्थान पर रहने वाले दुर्ग सिंह चौहान को इस बार भाजपा के साथ जोड़कर भी एक नई कामयाबी हासिल की है। इससे पिछले विधानसभा चुनाव में महज करीब दो हजार मतों से पिछड़े पार्टी उम्मीदवार रेवंतराम डांगा को इस बार मजबूती मिलने की संभावना बलवती हुई हैं। यहां भी मुख्यमंत्री की लोग चर्चाओं में तारीफ भी कर रहे हैं।

जब भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री बनाया गया तब भी पार्टी में बगावती सुर नहीं उठ पाये और न ही इसके बाद हुए चुनाव में किसी नेता के बगावती सुर सामने आये। इससे भजनलाल शर्मा नए सियासी जादूगर के रुप में उभरकर सामने आएं हैं। इसके साथ भाजपा के नये प्रदेश अध्यक्ष श्री राठौड़ की भी खूब वाहीवाही होने लगी है कि उनके प्रदेश अध्यक्ष के कार्यकाल में पार्टी नेता और कार्यकर्ता एकजुट नजर आने लगे है। श्री राठौड़ डूंगरपुर पूर्व विधायक देवेन्द्र कटारा को भी भाजपा में वापस लाकर एक और राजनीतिक सूझबूझ दिखाई हैं वहीं उपचुनाव में रामगढ़ से निर्दलीय नामांकन पत्र भरने वाले निर्मल सुरा भी भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया।

उल्लेखनीय है कि उपचुनाव में झुंझुनूं से भाजपा ने पूर्व प्रत्याशी राजेन्द्र भांबू को चुनाव मैदान उतारने पर उनके खिलाफ पार्टी के पूर्व प्रत्याशी बबलू नाराज हो गए और पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ने की बात करने लगे। इस पर मुख्यमंत्री ने अपने मंत्री सुमित गोदारा सहित दो मंत्रियों को भेजकर उन्हें मना लिया गया और बगावत के सुर थाम दिए। इसी तरह उपचुनाव के लिए सलूंबर से पूर्व विधायक अमृतलाल मीणा की पत्नी शांता देवी को भाजपा का टिकट मिलते ही पार्टी के नेता नरेन्द्र मीणा ने बगावती तेवर दिखाये और पुनर्विचार करने की मांग की गई लेकिन भजनलाल ने उन्हें जयपुर बुलाकर मुलाकात की और उन्हें समझा दिया गया। देवली-उनियारा से पार्टी उम्मीदवार पूर्व मंत्री राजेन्द्र गुर्जर के खिलाफ भी पूर्व प्रत्याशी विजय बैंसला के समर्थकों ने बगावती तेवर दिखाना शुरु किया था लेकिन श्री बैंसला को भी मना लिया गया। इसी प्रकार रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से उपचुनाव में उतरे भाजपा के प्रत्याशी सुखवंत सिंह के खिलाफ भी पूर्व प्रत्याशी जय आहूजा ने विरोध किया लेकिन उन्हें भी मना लिया गया।

श्री राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं सहित विभिन्न उपलब्धियों तथा मुख्यमंत्री श्री शर्मा विकसित राजस्थान के लिए लगातार काम कर रहे है और केवल दस महीने के कार्यकाल में ही उन्होंने प्रदेश के शोषित, वंचित, आदिवासी, महिलाओं, युवाओं एवं किसानों के लिए जनहितैषी काम किए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की राज्य सरकार ने हर वर्ग के लिए काम किया है और इसलिए वह यह उपचुनाव विकास कार्यो के आधार पर लड़ रही हैं। उन्होंने दावा किया कि पार्टी एकजुटता एवं मजबूती के साथ चुनाव लड़ रही है और उपचुनाव में भाजपा सभी सातों सीटें हासिल करने में कामयाब रहेंगी। अब दिवाली के बाद उपचुनाव के लिए राजनीतिक पार्टियों के नेताओं के दौरे भी शुरू हो गये और चुनावी सरगर्मियां जोर पकड़ने लगी है।





# छठ पूजा कल से

## ये है व्रत का शुभ मुहूर्त, इस तरह करें सूर्य उपासना



सूर्य उपासना व्रत छठ जिसे बिहार में सबसे ज्यादा मान्यता दी जाती है। इस व्रत में सूर्य भगवान को अर्घ दिया जाता है लेकिन उसका भी मुहूर्त होता है और उस शुभ मुहूर्त में ही भगवान सूर्य को अर्घ दी जाती है। कहा जाता है कि यह सूर्य उपासना का पर्व है और इस पर्व के करने से कई सारी रोगों से भी मुक्ति लोगों को मिल जाती है।

इस पर जानकार बताते हैं कि 5 नवंबर को नहाए खाए व्रत किया जाएगा, वहीं 6 नवंबर को खरना किया जाएगा। 7 नवंबर को संध्या अर्ध दान किया जाएगा और 8 तारीख को प्रातः कालीन अर्धन किया जाएगा। मिथिलांचल में 5:00 से लेकर 5:30 तक संध्या आर्ग दिया जाएगा वहीं प्रातः कालीन अर्घ के लिए अरुणोदय काल से दो घंटा तक उत्तम मुहूर्त है इस पर स्थित जानकारी देते हुए कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के ज्योतिष विभाग के एचओडी डॉ कुणाल कुमार झा बताते हैं कि यह सूर्य उपासना का व्रत है और इसमें संयंत्र बहुत विशेष कर है इस बार 5 नवंबर को नहाए खाए होगा यानी स्नान करके संयम से जितने व्रत करने वाले लोग हैं वह उस दिन जो पुरुष वर्ग होते हैं वह एक भुक्त करते हैं और जो महिला वर्ग होती है शुद्ध आहार ग्रहण करती हैं और 6 नवंबर को छठ व्रत करने वाली महिलाएं वह एक भुक्त करेगी।

6 नवंबर को खरना मनाया जाएगा, खरना करने के बाद व्रत करने वाले लोग जल ग्रहण तक नहीं करते हैं। 7 नवंबर को संध्या कालीन अर्घ दान किया जाएगा। वहीं 8 नवंबर को प्रातः कालीन अर्ध दान किया जाएगा। प्रातः कालीन अर्घ में इस बार कोई संशय नहीं है क्योंकि सप्तमी जो है वह रात में ही 9:13 के बाद सप्तमी तिथि का आगमन हो जाता है जो कि अगले दिन 8 तारीख को रात के 8:09 तक रहेगा। इसलिए सप्तमी तिथि में प्रातः कालीन दान किया जाता है। जो कि इस बार शुभ संयोग है।



## छठ पूजा पर महिलाएं क्यों लगाती हैं नाक तक सिंदूर

कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की अमावस्या पर दीपावली का पर्व धूमधाम से देशभर में मनाया गया। इसके बाद मनाया जाएगा छठ महापर्व। ये पर्व खासकर बिहार वासियों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। छठ पूजा में आपने महिलाओं को नाक तक सिंदूर लगाते देखा होगा और मान्यता के तहत सिंदूर का नाक पर गिरना शुभ माना जाता है। लेकिन, फिर भी आपके मन में विचार भी आता होगा कि आखिर छठ पूजा पर महिलाएं ऐसा क्यों करती हैं?

### जानें नारंगी रंग का महत्व, क्यों है ये इतना खास

छठ पर्व पर सूर्य देव की पूजा की जाती है और उन्हें अर्घ्य दिया जाता है। इस पर्व के दौरान महिलाएं पानी में उतरकर पूजा करती हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार, जब भगवान राम और माता सीता वनवास के बाद अयोध्या वापस लौटे थे तो उस समय लोगों ने व्रत रखा था और इसके बाद से छठ पर्व मनाने की परंपरा शुरू हुई।

छठ पर्व पर महिलाएं सिंदूर अपने सिर से लेकर नाक तक लगाती हैं और इस सिंदूर की तुलना सूरज की लालिमा से से की जाती है। इस प्रकार से सिंदूर लगाने के पीछे मान्यता है कि सिंदूर की लंबी लाइन की तरह पति की उम्र भी लंबी होगी। ऐसा करने से छठ माता की कृपा प्राप्ति होती है और वे सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देती हैं।

मांग में आपने सामान्य तौर पर लाल रंग का सिंदूर भरे हुए महिलाएं देखी होंगी, लेकिन छठ पर्व पर बिहार और झारखंड की महिलाएं नारंगी रंग का सिंदूर सिर से नाक तक लगाती हैं। इसका कारण इस रंग की शुभता है। आपको बता दें कि सिंदूर हनुमान जी को चढ़ाया जाता है। भगवान हनुमान ब्रह्मचारी थे और विवाह के बाद दुल्हन का ब्रह्मचर्य व्रत समाप्त होकर ग्रहस्थ जीवन की शुरूआत होती है। ये प्रथा बिहार और झारखंड की ही नहीं बल्कि कई जगहों पर ऐसा होता है।

## हथेली में बना राजयोग आपको बना सकता है धनवान

हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार, मनुष्य की हथेली पर कई तरह की रेखाएं और आकृतियां बनी होती हैं। इन्हीं रेखाओं का अध्ययन करके किसी भी व्यक्ति के भाग्य, सेहत, विवाह, बच्चे और सुख-सुविधा के बारे में पता लगाया जा सकता है। व्यक्ति के हाथ पर बनी हर रेखा उसके भविष्य, वर्तमान तथा भूत से संबंधित रहस्यों को अपने में समाहित किए हुए है। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि इसके अलावा व्यक्ति के हाथ में कुछ ऐसे चिह्न और रेखाएं होती हैं जो राजयोग के संकेत देती हैं। ऐसे व्यक्ति का जीवन ऐश्वर्य से भर हुआ होता है और जीवन भर सुख-समृद्धि मिलती है। इसके अलावा हाथ में कुछ ऐसी भी रेखाएं होती हैं जो व्यक्ति के करियर और वैवाहिक जीवन के बारे में दर्शाती हैं। सामुद्रिक शास्त्र हथेलियों में बनी रेखाएं और चिन्ह व्यक्ति के जीवन के बारे में विशेष जानकारी देती हैं। इन रेखाओं के माध्यम से आप यह जान सकते हैं कि आपकी हथेली में राजयोग है या नहीं। हथेली की रेखाओं को देखकर भी आप जान सकते हैं कि आपकी हथेली में कोई राजयोग है। ऐसी राजयोग वाली रेखाएं जिनकी हथेली में होते हैं वह धनवान ही नहीं महाधनवान होता है। हथेली में ऐसी राजयोग वाली रेखाएं होने पर व्यक्ति गरीब घर में भला क्यों न पैदा हुआ है लेकिन मरता कभी गरीबी में नहीं है। ऐसी रेखा वाले व्यक्ति जीवन में हर सुख साधन प्राप्त करके समाज और परिवार में भी सम्मान प्राप्त करते हैं।

हाथ में राजयोग का बनना व्यक्ति का भाग्य चमका देता है। हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार हाथ में कुछ ऐसे चिह्न, निशान और रेखाओं की विशेष आकृति होती हैं, जो राजयोग बनाती हैं। जिन लोगों के हाथ में राजयोग बनते हैं वे अपने जीवन में अपार धन-वैभव, ऐश्वर्य और सुख पाते हैं। जिस व्यक्ति की हथेली के बीच में तोरण, बाण, चक्र, रथ या ध्वजा का चिह्न हो, ऐसे लोग बेहद भाग्यशाली होते हैं। उन्हें जीवन में बड़ा मुकाम हासिल होता है। वे एक न एक ऐसा मौका जरूर पाते हैं, जो उन्हें खूब पैसा, नाम और शोहरत दिलाता है। जिन लोगों की हथेली में अनामिका उंगली के नीचे पुण्य रेखा हो, साथ ही शनि रेखा मणिबंध से मध्यमा उंगली के नीचे तक जाती हो। ऐसा व्यक्ति राज-ाओं की तरह वैभवपूर्ण जीवन जीता है। ऐसे लोग शनि की विशेष कृपा से ऊंचा प्रशासनिक पद पाते हैं और देश-विदेश की यात्राएं करते हैं। जिस व्यक्ति के अंगूठे पर मछली, वीणा या कमल का चिह्न हो वे अपने जीवन में खूब यश पाते हैं। ऐसे लोग अकूत संपत्ति के मालिक बनते हैं. इनके पास कभी किसी चीज की कमी नहीं होती है। जिन लोगों की हथेली में त्रिशूल का चिह्न हो वो राजनीति में खूब नाम कमाता है। राजनीति में बड़ा पद पाता है, अकूत धन-संपत्ति पाता है। साथ ही वह खूब लोकप्रियता पाता है और लोगों के दिलों पर राज करता है। जिन लोगों के हाथ में 2 भाग्य रेखा हों, ऐसे लोग विरले ही होते हैं। ऐसे लोग दुनिया का हर सुख, संपित्त, सम्मान और सफलता पाते हैं।



### गजलक्ष्मी योग

हथेली में मणिबंध से आरंभ होकर कोई रेखा जब शनि पर्वत पर जाती है और साथ में सूर्य पर्वत भी उभरा हुआ होता है और इस पर सूर्य रेखा भी गहरी और लालिमा लिए होती है और साथ में मस्तिष्क रेखा, स्वास्थ्य रेखा एवं आयु रेखा पुष्ट होती है तो व्यक्ति के हाथों में गजलक्ष्मी योग होता है। ऐसा योग जिस व्यक्ति के हथेली में बनता है वह देवी लक्ष्मी की कृपा से संपन्न होता है। दोनों हथेली मंल इस रेखा का बनना बहुत ही उत्तम होता है। ऐसी रेखा वाले व्यक्ति गरीब परिवार में पैदा होकर भी बड़े धनवान बनते हैं। ऐसा व्यक्ति व्यवहार कुशल और गुणवान होता है, अपनी मेहनत और लगन से यह खूब तरक्की और लाभ पाते हैं।

### शुभ योग

हथेली में शनि पर्वत उठा हुआ है और मणिबंध से अथवा चंद्र पर्वत से निकलकर स्पष्ट रेखा यहां आकर ठहर जा रही है तो यह शुभ योग है। यह योग जिस व्यक्ति की हथेली में पाया जाता है वह अपने जन्म स्थान से दूर जाकर अपनी किस्मत को चमकाता है। ऐसे व्यक्ति बोलने की कला में निपुण होता है। सेल्स मार्केटिंग, प्रवक्ता, प्रवचनकर्ता, नेता जैसे क्षेत्रों में जहां वाणी का प्रभाव खूब चलता है उनमें बड़े सफल होते हैं। ऐसे लोग लोगों में अपनी मजबूत स्थिति बना पाते हैं। इन्हें समाज में सम्मान, प्रसिद्धि और धन ऐश्वर्य सब प्राप्त होता है।

### अमला योग

अमला योग हथेली में सूर्य, चंद्र और शुक्र के प्रभाव से बनता है। हथेली में सूर्य, चंद्र और शुक्र पर्वत ऊंचा है और साथ में चंद्र पर्वत से कोई रेखा बुध पर्वत तक गई हो तो इससे अमला नामक योग बनता है। इस योग के प्रभाव से व्यक्ति बहुत ही बुद्धिमान और धनवान होता है। हथेली में इस राजयोग के होने पर व्यक्ति प्रतिष्ठा और सम्मान पाता है। कामकाज के सिलसिले में ऐसे लोगों को विदेश यात्रा का भी मौका मिलता है। इस तरह की रेखा जिस व्यक्ति की हथेली में होता है वह जीवन में हर तरह का भौतिक सुख पाता है। वैसे इस तरह की ऱेखा हथेली में होने पर व्यक्ति बेहद रोमांटिक होता है और इनकी लव लाइफ भी जोरदार रहती है।

### मरुत राजयोग

हथेली में जिनके शुक्र पर्वत विकसित यानी ऊंचा होता है और गुरु पर्वत पर क्रॉस का चिह्न बना होता है साथ ही चंद्र पर्वत विकसित होता है और उस पर स्पष्ट रेखा होता उनकी हथेली में मरुत नामक शुभ योग बनता है। ऐसे योग बाले व्यक्ति में गजब की निर्णय क्षमता होती है। यह व्यापार में बड़े ही कुशल और सफल होते हैं। धन वैभव की भी इनके पास कमी नहीं रहती है। इस तरह की हस्तरेखा वाले व्यक्ति कुशल वक्ता और ज्ञानी होते हैं। दान धर्म में भी इस तरह की हस्तरेखा वाले व्यक्ति आगे रहते हैं यह उदार चरित्र के और सभी के प्रति दया रखने वाले होते हैं।

### इंद्र राजयोग

हस्त रेखा विशेषज्ञ ने बताया कि अपने नाम के अनुसार इंद्र योग राजा के समान स्थान प्रदान करने वाला होता है। यह योग हथेली में तब बनता है जब मंगल पर्वत हथेली में उभरा हुआ हो और साथ में मस्तिष्क रेखा और भाग्य रेखा पूर्ण विकसित हो। इस योग के प्रभाव से व्यक्ति बलशाली, साहसी, चालाक और कुशल राजनीतिज्ञ होता है। ऐसे लोग रक्षा क्षेत्र, सेना और पुलिस में उच्च पद को प्राप्त कर सकते हैं। इनके पास धन वैभव की कमी नहीं होती है। यह कम उम्र में ही बड़ी सफलता और ख्याति हासिल कर लेते हैं। मंगल के प्रभाव से 28 साल की उम्र में इनका भाग्य सबसे ज्यादा प्रबल होता है।

## तिजोरी में भूलकर भी न रखें यह 7 चीजें, चला जाएगा सारा धन

घर में पैसे और कीमती सामान रखने के लिए तिजोरी का उपयोग किया जाता है, जो अक्सर हर घरों में होती है। वास्तु शास्त्र के अनुसार तिजोरी में कैश, सोना-चांदी, गहने-जेवरात और अन्य कीमती चीजें रखना शुभ माना जाता है लेकिन ,कुछ चीजें ऐसी हैं जिन्हें तिजोरी में या उसके पास नहीं रखना चाहिए। आइए जानते हैं कि ये कौन-कौन सी चीजें हैं और क्यों इन्हें तिजोरी में या आसपास नहीं होना चाहिए।

**काला कपड़ा–** तिजोरी में गहने और पैसे को काले कपड़े में लपेटना भी अशुभ है। इससे मां लक्ष्मी की नाराजगी हो सकती है। गहनों को लाल कपड़े में लपेटकर रखा जाए। काले कपड़े को तिजोरी के आस-पास भी नहीं रखना चाहिए।

**जूठे बर्तन–** तिजोरी में जूठे बर्तन रखना आर्थिक दृष्टि से हानिकारक है। जूठे हाथों से पैसों को छूने से भी धन हानि हो सकती है, इसलिए हमेशा साफ-सुथरे हाथों से ही धन को छूना चाहिए।

**फटी धार्मिक किताब –**धार्मिक ग्रंथों का सम्मान करना चाहिए। फटी या क्षतिग्रस्त धार्मिक किताबें तिजोरी में नहीं रखनी चाहिए, क्योंकि यह अशुभ



माना जाता है।

**शीशा–**तिजोरी में या उसके पास शीशा नहीं रखना चाहिए। यह धन के प्रवाह में रुकावट डाल सकता है।

**इत्र–** तिजोरी में इत्र भी नहीं रखना चाहिए, क्योंकि यह नकारात्मकता का कारण बन सकता है।

**गंदगी–** तिजोरी के आसपास की जगह हमेशा साफ-सुथरी होनी चाहिए। गंदगी से धन का प्रवाह प्रभावित हो सकता है।

**झाड़ू–** तिजोरी के पास झाड़ू नहीं रखनी चाहिए। इसे अशुभ माना जाता है और यह धन हानि का कारण बन सकता है। झाड़ू को धन के स्रोत से दूर रखना चाहिए।


### तिजोरी में क्या रखें

वास्तु शास्त्र के अनुसार, तिजोरी में कुछ चीजें रखने से धन में बरकत होती है और घर पैसों से भर जाता है।

**मां लक्ष्मी की मूर्ति, हल्दी की गांठ, पूजा की सुपारी, चांदी का सिक्का, चावल के दाने**

इन बातों का ध्यान रखकर आप अपनी तिजोरी और धन के प्रति शुभता और सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं। धन की रक्षा के लिए सही वस्तुओं का चुनाव करना आवश्यक है।

# एक दिन में 100 सिगरेट पीने वाले शाहरुख खान ने छोड़ दी स्मोकिंग



## बोले-अभी भी सांस फूल रही है

बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान ने 2 नवंबर को अपने बर्थडे के मौके पर हुए मीट-एंड-ग्रीट के दौरान फैन्स के सामने एक हैरान कर देने वाला खुलासा किया। किंग खान जो लंबे समय से अपनी सिगरेट पीने की आदतों के बारे में खुलकर बात करते रहे हैं, ने फैन्स को बताया कि उन्होंने स्मोकिंग छोड़ दी है। खान ने फैन्स की एक्साइटेड भीड़ के साथ यह खबर शेयर करते हुए कहा, यह अच्छी बात है - मैं अब स्मोकिंग नहीं करता, दोस्तों। इस बदलाव पर बात करते हुए खान ने माना कि उन्हें उम्मीद है कि स्मोकिंग छोड़ने के बाद उनकी सांस कम फूलेगी, लेकिन उन्होंने कहा कि उन्हें अभी भी इसके असर महसूस होते हैं।

उन्होंने बताया, मुझे लगा था कि मुझे इतनी सांस फूलने की समस्या नहीं होगी लेकिन अभी भी ऐसा महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा कि कि वे अभी भी इस बदलाव के साथ तालमेल बैठा रहे हैं। उन्होंने कहा, इंशाअल्लाह वो भी ठीक हो जाएगा

खान ने यह फैसला कई सालों तक अपनी स्मोकिंग और कैफीन की आदतों पर खुलकर चर्चा करने के बाद लिया है। इंडिया टुडे के साथ 2011 में एक इंटरव्यू में उन्होंने अपनी लाइफस्टाइल के बारे में जानकारी शेयर करते हुए कहा, मैं (एक दिन में) लगभग 100 सिगरेट पीता हूं। मैं खाना भूल जाता हूं। मैं पानी नहीं पीता। मैं लगभग 30 कप ब्लैक कॉफी पीता हू और मेरा सिक्स-पैक बनता है। उन्होंने मज़ाक में कहा, मैं जितना कम अपना ख्याल रखता हूं, उतना ही मेरा ख्याल रखा जाता है। बता दें कि शाहरुख खान अपनी अगली एक्शन थ्रिलर किंग के लिए तैयार हैं। इसे डायरेक्ट सुजॉय घोष करेंगे। जबकि पहले की रिपोर्टों में इशारा दिया गया था कि वह एक डॉन के रोल में होंगे। नए अपडेट से पता चलता है कि वह एक किलर के किरदार में दिख सकते हैं। फिल्म में सुहाना खान भी हैं, जबकि अभिषेक बच्चन विलेन बने नजर आएंगे।



# कार्तिक आर्यन की मम्मी हैं बेहद परेशान

## भूल भुलैया 3 है वजह, क्या है कनेक्शन जानते हैं?



कार्तिक आर्यन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर मां माला तिवारी का एक मजेदार वीडियो शेयर किया। मजेदार इसलिए क्योंकि जरा मौके की नजाकत देखिए कि माला तिवारी अपने ही बेटे की फिल्म भूल भुलैया 3 की टिकट खरीदने के लिए स्ट्रगल कर रही हैं उन्हें अभी तक टिकट नहीं मिल पाई है। रविवार (3 नवंबर) को कार्तिक ने अपनी मां का एक प्यारा सा वीडियो पोस्ट किया। इसमें वह इेज्ञचूड्हु पर टिकट बुक करने की कोशिश कर रही हैं लेकिन उन्हें सीट नहीं मिल रही है।

मम्मी की ये क्लिप शेयर करते हुए कार्तिक ने कैप्शन में लिखा, मम्मी को भी टिकट नहीं मिल रही। यह परेशानी होने पर मुझे बहुत खुशी हो रही है। वीडियो में कार्तिक की मां सोफे पर बैठी नजर आ रही हैं और उन्हें टिकट पाने में हो रही परेशानी के बारे में बता रही हैं। वह मजाकिया अंदाज में कहती हैं, मुझे लगता है कि 'हे भगवान मेरी आंखें तरस गई हैं ये फिल्म देखने को' पोस्ट करूं। फिर कार्तिक मजाकिया अंदाज में पूछते हैं, अब टिकट कहां से बुक करें?

कार्तिक ने अपनी कोस्टार्स माधुरी दीक्षित और विद्या बालन के साथ मजेदार वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया जिससे फिल्म को लेकर चर्चा बढ़ रही है। अनीस बज्मी के डायरेक्शन में बनी, भूल भुलैया 3 1 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। हॉरर-कॉमेडी ने बॉक्स ऑफिस पर रोहित शेट्टी की पुलिस ड्रामा, सिंघम अगेन के साथ टक्कर ली।

हॉरर-कॉमेडी को दर्शकों से मिला-जुला रिस्पॉन्स मिला है। फिल्म क्रिटिक तरण आदर्श ने बताया कि भूल भुलैया 3 ने अपने पहले दिन 36.60 करोड़ रुपये कमाए जो कार्तिक की अब तक की सबसे बड़ी ओपनर है। भूल भुलैया 3 फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त है। 2007 में रिलीज हुई असल फिल्म में अक्षय कुमार और विद्या बालन ने काम किया था जबकि भूल भुलैया 2 में कार्तिक आर्यन, कियारा आडवाणी और तब्बू लीड रोल में थे। भूल भुलैया-3 फिल्म में माधुरी दीक्षित, संजय मिश्रा, तृप्ति डिमरी और राजपाल यादव हैं।



# सलमान खान ने सबकी मर्जी के खिलाफ जाकर की थी ये फिल्म

## आज तक करते हैं उस किरदार से नफरत, कहते हैं कोई वैसा न बने

फिल्म इंडस्ट्री के दबंग स्टार सलमान खान ने इंडस्ट्री को एक से बढ़कर एक यादगार फिल्में दी हैं। सलमान का निभाया हर एक किरदार दर्शकों के बीच खासा पॉपुलर है। हालांकि एक्टर नहीं चाहते हैं कि उनके 'तेरे नाम' वाले 'राधे' के कैरेक्टर को फैन्स फॉलो करें। सलमान ने कई बार कहा है कि वह दर्शकों को फिल्म में उनके किरदार को फॉलो करने के लिए कभी बढ़ावा नहीं देते। सलमान खान ने अलग-अलग मौकों पर कहा है कि उन्होंने लोगों को राधे भैया के किरदार को फॉलो करने से रोका है। एक्टर का मानना है कि राधे का बर्ताव परेशान करने वाला है। वह एक लड़की के लिए पागल हो जाता है।

हाल ही में एक वीडियो फिर सामने आया इसमें सलमान खान कहते नजर आ रहे हैं कि तेरे नाम में कुछ भी नहीं है। दबंग खान ने कहा तेरे नाम' में कुछ भी नहीं था। सिंपल फिल्म के एक हिस्से में मेरे किरदार के बहुत बाल थे और दूसरे हिस्से में किरदार गंजा था। सभी ने मुझे यह फिल्म ना करने के लिए कहा। क्या मैंने दूसरे हिस्से में कोई डायलॉग बोला? क्या मैंने दूसरे पार्ट में कुछ किया? जब मैंने उस फिल्म का प्रमोशन किया तो मैंने सभी से कहा कि इसे देखें लेकिन उस किरदार को फॉलो ना करें।



सलमान ने आगे कहा, वह (राधे) एक असफल इंसान है। वह एक लड़की की वजह से पागल हो गया और उसने अपना जीवन बर्बाद कर लिया। ऐसा नहीं होता है, जीवन में आगे बढ़ो। राधे के हेयर स्टाइल, कपड़े के स्टाइल को अपनाना ठीक है लेकिन उसको फॉलो करना सही नहीं है। इसलिए मुझे डर था कि जनता उसे फॉलो करना शुरू ना कर दे।

इस बीच सलमान खान के वर्कफ्रंट की बात करें तो एक्टर अभी लेटेस्ट फिल्म सिंघम अगेन में कैमियो करते नजर आए हैं। रोहित शेट्टी के डायरेक्शन में बनी फिल्म में सलमान खान का एक कैमियो है। लीड रोल में अजय देवगन, करीना कपूर, अर्जुन कपूर, टाइगर श्रॉफ, अक्षय कुमार, रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण हैं।

# कन्नड़ डायरेक्टर गुरुप्रसाद बेंगलुरु के अपार्टमेंट में पाए गए मृत

## एक फिल्म के चलते कर्ज में डूब गए थे

कन्नड़ सिनेमा से एक बुरी खबर सामने आ रही है जिसने हर किसी को दंग कर दिया है। जाने-माने निर्देशक गुरुप्रसाद अब इस दुनिया में नहीं रहे। निर्देशक और रियलिटी शोज के जज रह चुके गुरुप्रसाद का 52 सल की उम्र में निधन हो गया है।

रविवार को गुरुप्रसाद को बेंगलुरु के अपार्टमेंट में मृत पाया गया। वह पिछले 8 महीने से उत्तरी बेंगलुरु के मदनायकनहल्ली इलाके में रह रहे थे। पुलिस को शक है कि यह आत्महत्या है। माना ज रहा है कि निर्देशक की मृत्यु दो-तीन दिन पहले ही हो चुकी थी। अपार्टमेंट से बदबू आने पर पड़ोसियों ने पुलिस को इन्फॉर्म किया गया। सोशल मीडिया पर गुरुप्रसाद के निधन की खबर मिलते ही उनके चाहने वालों के बीच शोक की लहर दौड़ पड़ी। फिल्मी सितारों को भी इस खबर से बड़ा झटका लगा है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, गुरु प्रसाद आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे। फिल्म रंगनायका की असफलता के चलते उन्हें बहुत नुकसान हो गया था। उन पर काफी कर्ज भी हो गया था जिसकी वजह से वह डिप्रेशन का शिकार हो गए थे। यह फिल्म इसी साल मार्च महीने में रिलीज हुई थी। हालांकि, कॉमेडी ड्रामा बॉक्स ऑफिस पर खास कमाल नहीं दिखा पाई थी।

निर्देशक होने के साथ-साथ गुरुप्रसाद एक्टर भी रहे हैं। उन्होंने साल 2006 में फिल्म माता से बतौर डायरेक्टर अपना करियर शुरू किया था और यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी जिसके बाद वह साउथ सिनेमा में चमक गए थे। साल 2009 में उन्होंने एडेलु मंजुनाथ बनाई जिसकी सफलता के बाद उन्हें कर्नाटक स्टेट फिल्म अवॉर्ड्स से बेस्ट स्क्रीनप्ले का अवॉर्ड मिला।

गुरुप्रसाद ने डायरेक्टर्स स्पेशल, एराडेन साला और रंगनायका जैसी फिल्में बनाईं। वह माता, एडेलु मंजुनाथ, काल मंजा, हुडुगरु, डायरेक्टर्स स्पेशल, विस्टल, जिगरथंडा, कुश्का, बॉडी गॉड जैसी फिल्मों में अभिनय कर चुके थे। उन्होंने सुपर रांगा और हुडुगरु के लिए डायलॉग्स भी लिखे हैं। कहा जा रहा है कि वह पिछले कुछ समय से आगामी फिल्म एडेमा का निर्देशन कर रहे थे। फिलहाल, गुरुप्रसाद के निधन की पुलिस जांच-पड़ताल कर रही है। अभी तक उनकी फैमिली की तरफ से कोई ऑफिशियल स्टेटमेंट भी सामने नहीं आया है।







# दीपिका पादुकोण ने शेयर किया बेटी के लिए दिल छू लेने वाला पोस्ट, बताया न्यू बॉर्न बेटी की वो बातें जो उन्हें हैं पसंद

सिंघम अगेन एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण बेटी दुआ पादुकोण सिंह की मां बनने के बाद अपनी मदरहुड जर्नी को एन्जॉय करती हुई नजर आ रही हैं। इसी बीच उन्होंने एक प्रूफ फैंस के साथ शेयर किया और बताया कि न्यू बॉर्न की उन चीजों के बारे में बताया है, जो उन्हें पसंद आती हैं। वहीं पोस्ट को उन्होंने पति रणवीर सिंह के साथ शेयर किया है, जिसके जरिए फैंस को उनकी बेटी के साथ पलों की एक झलक देखने को मिल रही है।




वीडियो में आठ चीजों के बारे में बताया गया है, जो एक न्यूबॉर्न बेबी करता है, जिसमें पहला उनका पूरा हाथ मां की एक उंगली को पकड़ना। दूसरा मुंह खोलकर सोना, तीसरा जब वे जागने की कोशिश करते हैं तो वे कैसे अपनी बॉडी को खींचते हैं, चौथा भूख लगने पर वे कैसे किसी भी चीज को चूसते हैं, पांचवा न्यू बॉर्न का सिकुड़ना,छठा अपने हाथों को अपने सिर के ऊपर रखकर सोना, सातवां वे कैसे आपके पेट पर पूरी तरह सिकुड़कर लेट जाते हैं, और आठवां जिस तरह से वे किसी भी चीज और हर चीज के बीच सो जाते हैं।

इस वीडियो के साथ एक्ट्रेस ने कैप्शन नहीं दिया है। लेकिन यह वीडियो फैंस के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए काफी है। गौरतलब है कि हाल ही में दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने बेटी की पहली फोटो शेयर करते हुए उसके नाम दुआ पादुकोण सिंह का खुलासा किया था। वहीं दीवाली पर उन्होंने नाम का मतलब बताते हुए कहा कि दुआ का मतलब प्रार्थना। क्योंकि वह हमारी प्रार्थना का जवाब है। वर्कफ्रंट की बात करें तो दीपिका पादुकोण हाल ही में सिंघम अगेन में शक्ति शेट्टी के किरदार में नजर आई हैं, जिसे फैंस ने काफी पसंद किया है।

# टीबी नोटिफिकेशन में इस साल भी सबसे आगे योगी सरकार, लक्ष्य के करीब पहुंचा यूपी

- **दूसरे स्थान पर महाराष्ट्र तो तीसरे स्थान पर है बिहार**



**लखनऊ, 03 नवंबर (एजेंसियां)।** योगी सरकार ने ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) के मरीजों की पहचान कर इलाज करने में एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल की है।

योगी सरकार ने पिछले वर्ष की तरह इस वित्तीय वर्ष में भी उत्तर प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने के लक्ष्य में अन्य प्रदेशों की तुलना में आगे चलने का कीर्तिमान दर्ज किया है। योगी सरकार को इस साल 6.5 लाख मरीजों के चिन्हिकरण का लक्ष्य मिला था।

अक्तूबर माह की समाप्ति तक लक्ष्य के सापेक्ष 86 प्रतिशत मरीजों की पहचान कर देश में पहले स्थान पर है जबकि दूसरे स्थान पर महराष्ट्र है, जहां पर 1,85,765 मरीजों का नोटिफिकेशन किया गया। इसी तरह बिहार तीसरे स्थान पर है, जहां 1,67,161 मरीजों का नोटिफिकेशन किया गया है। यानी इस साल भी बीते साल की तरह प्रदेश लक्ष्य से ऊपर टीबी नोटिफिकेशन कर लेगा।

विशेषज्ञों का मानना है कि देश-प्रदेश से टीबी उन्मूलन का एक ही तरीका है कि ज्यादा से ज्यादा मरीजों का चिन्हिकरण व इलाज किया जाए। इसी के मद्देनजर केंद्रीय टीबी डिवीजन ने सभी प्रदेशों को साल की शुरुआत में टीबी नोटिफिकेशन का लक्ष्य तय किया था। उत्तर प्रदेश को 6.5 लाख मरीज खोजने का लक्ष्य दिया गया था। बीते साल यह 5.5 लाख का था। विभागीय आंकड़ों के मुताबिक 31 अक्टूबर तक प्रदेश में पांच लाख 59 हजार टीबी मरीजों की पहचान की जा चुकी है। इसमें प्राइवेट डॉक्टरों की भूमिका भी सराहनीय रही है। दो लाख से ज्यादा मरीजों की पहचान यानी तकरीबन 40 प्रतिशत मरीज प्राइ-वेट डॉक्टरों के माध्यम से पंजीकृत हुए हैं। आगरा, मथुरा, झांसी, कानपुर, मेरठ व मुरादाबाद में तो प्राइवेट डाक्टरों ने सरकारी डॉक्टरों से भी ज्यादा बेहतर प्रदर्शन किया है। लखनऊ, गोरखपुर व बरेली में सरकारी व प्राइवेट नोटिफिकेशन बराबर का रहा है।

राज्य टीबी अधिकारी डॉ. शैलेंद्र भटनागर ने बताया कि सीएम योगी मंशा के अनुरुप वर्ष 2025 तक प्रदेश को टीबी मुक्त करने के लिए युद्धस्तर पर काम चल रहा है। इसी का नजीजा है कि इस वर्ष भी प्रदेश टीबी नोटिफिकेशन में अन्य प्रदेशों की तुलना में आगे चल रहा है। काबिले गौर है कि केंद्र द्वारा दिए गए इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग द्वारा तरह-तरह के प्रयास किए गए हैं। इनमें हर माह की 15 तारीख को एकीकृत निक्षय दिवस, एक्टिव केस फाइंडिंग (एसीएफ) अभियान व दस्तक अभियान का बार-बार चलाया जाना प्रमुख है। यही कारण है कि बीते साल भी प्रदेश ने लक्ष्य के सापेक्ष 115 प्रतिशत टीबी नोटिफिकेशन किया था। वर्ष 2023 में टीबी नोटिफिकेशन का लक्ष्य 5.5 लाख था जिसके सापेक्ष प्रदेश ने 6.33 लाख का लक्ष्य पूरा किया।

टीबी उन्मूलन के लिए प्रदेश में ज्यादातर जनपदों में प्राइवेट डाक्टर सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रहे हैं लेकिन कुछ जनपद ऐसे भी हैं जहां प्राइवेट नोटिफिकेशन बहुत कम हो रहा है। जैसे श्रावस्ती में इस साल सिर्फ 38 प्राइवेट नोटिफिकेशन हुए हैं। इसके अलावा महोबा में सिर्फ 215, संतरवीदास नगर में 271, हमीरपुर में 277, कन्नौज में 293, सोनभद्र में 297, चित्रकूट में 312, सुलतानपुर में 370, अमेठी में 392 और कानपुर देहात में सिर्फ 395 प्राइवेट नोटिफिकेशन हुए हैं। इन जनपदों में प्राइवेट डाक्टरों की प्रतिभागिता बढ़े जाने की जरूरत है।

# विशेष ट्रैक सूट में श्रद्धालुओं की मदद को तत्पर रहेंगे ड्राइवर, नाविक और गाइड

- **महाकुंभ 2025 में श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए प्रयागराज में की जा रही नई पहल**
- **मेले में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था और यात्री समस्याओं को किया जा सकेगा नियंत्रित**



**प्रयागराज, 03 नवंबर (एजेंसियां)।** प्रयागराज में महाकुंभ 2025 की तैयारी जोरों पर है। इसके अंतर्गत आने वाले लाखों श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा को देखते हुए प्रशासन ने कुछ नई पहल की हैं। खासतौर से कुंभ मेले में कार्यरत ड्राइवर, नाविक, गाइड और ठेला संचालकों को विशेष तरह के ट्रैक सूट पहनाने की योजना बनाई गई है। इससे ना केवल इन्हें पहचानना आसान होगा, बल्कि पर्यटकों को भी इनसे सहायता प्राप्त करने में भी सुविधा होगी।

चारों श्रेणियों के लिए विशेष ट्रैक सूट तैयार किए जा रहे हैं। प्रशासन ने यह निर्णय इस बात को ध्यान में रखते हुए लिया है कि मेले में भीड़भाड़ के दौरान यात्रियों को आवश्यक सेवाएं सहजता से मिल सकें। ड्राइवरों, नाविकों, गाइडों और ठेला संचालकों के लिए अलग अलग प्रकार के ट्रैक सूट निर्धारित किए गए हैं। इस प्रकार, हर श्रेणी की अपनी एक विशिष्ट पहचान होगी, जिससे यात्री आसानी से इन सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। प्रत्येक ट्रैक सूट पर कुंभ और पर्यटन विभाग का प्रतीक चिन्ह अंकित होगा। यह संबंधित व्यक्ति की पहचान को दर्शाएगा, जिससे किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता में पारदर्शिता बनी रहेगी। प्रशासन का मानना है कि इस नई व्यवस्था से मेले में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था और यात्री समस्याओं को नियंत्रित किया जा सकेगा।

महाकुंभ जैसे विशाल आयोजन में प्रतिवर्ष करोड़ों की संख्या में लोग आते हैं। ऐसे में व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रखना एक चुनौती होती है। ट्रैक सूट योजना का उद्देश्य यात्रियों को सहजता और सुविधा प्रदान करना है। पर्यटन विभाग का मानना है कि इस पहल से न केवल पर्यटकों की सहूलियत में इजाफा होगा, बल्कि उनकी सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सकेगी।

इस बाबत क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह का कहना है कि महाकुंभ 2025 में ड्राइवर, नाविक, गाइड और ठेला संचालकों को ट्रैक सूट प्रदान किए जाएंगे। इन ट्रैक सूट पर पर्यटन और कुंभ का लोगो भी अंकित होगा। ये बदलाव विशेष आकर्षण होंगे, जो श्रद्धालुओं और पर्यटकों को एक बेहतर अनुभव प्रदान करेंगे।

# मिशन-09: पहले किया विकास, अब संवाद से उपचुनाव की जमीन को सीचेंगे योगी

- **हरियाणा के बाद अब यूपी की सीटों पर संवाद के जरिए कमल खिलाने की करेंगे अपील**
- **उपचुनाव वाले समस्त जनपदों को विकास की नई धारा से जोड़ चुके हैं योगी**
- **योगी के नेतृत्व में सरकार व संगठन के पदाधिकारी भी सभी सीटों पर प्रचार में उतरे**

**लखनऊ, 03 नवंबर (एजेंसियां)।** अभी हाल में संपन्न हुए हरियाणा विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी ने अनवरत तीसरी बार फतह हासिल की। चुनाव प्रचार में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जनता से संवाद काफी कारगर साबित हुआ। हरियाणा के बाद अब अपने उत्तर प्रदेश में भी योगी आदित्यनाथ मतदाताओं से संवाद स्थापित करने उतरेंगे। उत्तर प्रदेश में 9 विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को उपचुनाव है। योगी आदित्यनाथ हर सीट पर भाजपा व सहयोगी दल प्रत्याशी के लिए संवाद करने पहुंचेंगे। योगी आदित्यनाथ संवाद के जरिए एनडीए को जिताने की अपील तो करेंगे, लेकिन चुनाव के पहले ही यहां विकास और सुशासन के बलबूते उन्होंने आमजन के दिल में जगह बना ली है। अगस्त से सितंबर तक सीएम योगी ने इन जिलों में नई परियोजन-ाओं की गंगा बहाकर विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। विकास, सुशासन और संवाद के जरिए योगी आदित्यनाथ ने उप-चुनावों में जीत की नींव तैयार कर ली है।

भाजपा व सहयोगी दल के प्रत्याशी चुनाव मैदान में प्रचार में जुटे हैं तो वहीं योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में सरकार के मंत्री व भाजपा के पदाधिकारी भी क्षेत्रों में प्रचार में जुटे हैं। सभी 9 सीटों पर योगी सरकार के कद्दावर मंत्रियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभी चुनाव प्रचार में लगे हैं। वहीं भाजपा संगठन भी सरकार, पदाधिकारियों व स्थानीय नेताओं संग चुनाव प्रचार में घर-घर तक योगी सरकार के कार्यों, कानून व्यवस्था व सुशासन के बलबूते कमल खिलाने की अपील कर रहा है।

योगी आदित्यनाथ ने यूपी की 9 सीटों पर होने वाले उपचुनाव के पहले ही बतौर मुखिया यहां विकास की बयार बहाई। 17 अगस्त को अंबेडकरनगर में युवाओं को नियुक्ति पत्र, ऋण वितरण व स्मार्टफोन-टैबलेट वितरण किया। 22 अगस्त को मुजफ्फरनगर जनपद में योगी आदित्यनाथ ने लगभग 5000 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया, लगभग 50 करोड़ का ऋण वितरण किया, 2500 से अधिक युवाओं को स्मार्टफोन-टैबलेट दिया। 27 अगस्त को मैनपुरी में विकास का कारवां जारी रहा। यहां भी 3700से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र, ऋण वितरण, 2500 से अधिक युवाओं को स्मार्टफोन व टैबलेट वितरण किया गया। 28 अगस्त को अलीगढ़ में 4000 युवाओं को नियुक्ति पत्र, 35 करोड़ का ऋण वितरण, 1500 से अधिक विद्यार्थियों को स्मार्टफोन-टैबलेट बांटा। 705 करोड़ की 305 परियोजनाओं का लोकार्पण भी किया। 29 अगस्त को कानपुर नगर में नियुक्ति पत्र वितरण, 191 करोड़ का ऋण वितरण, 8000 से अधिक युवाओं को स्मार्टफोन-टैबलेट वितरण किया। पहली सितंबर को सीएम योगी ने मीरजापुर में नियुक्ति पत्र वितरित किया। एक हजार लाभार्थियों को ऋण वितरित किया। 1300 युवाओं को स्मार्टफोन-टैबलेट दिया। 2 सितंबर को मुरादाबाद, 3 सितंबर को मैनपुरी, 4 सितंबर को फूलपुर, 8 सितंबर को अंबेडकरनगर, 18 सितंबर को गाजियाबाद, 23 सितंबर को मीरजापुर को योगी आदित्यनाथ ने विकास की नई परियोजनाओं से जोड़ा।

उत्तर प्रदेश में जब-जब उपचुनाव हुआ, योगी आदित्यनाथ ने भाजपा कार्यकर्ता के रूप में प्रचार की कमान संभाली। इसका परिणाम हुआ कि भाजपा व सहयोगी दलों ने काफी कमाल किया। गोला गोकर्णनाथ में तत्कालीन विधायक अरविंद गिरि के निधन से सीट रिक्त हुई तो 2022 में योगी के प्रचार की बदौलत अमन गिरि यहां से कमल खिलाने में सफल हुए।

# महाकुंभ में श्रद्धालुओं को होंगे अमृत कलश के दर्शन

**प्रयागराज, 03 नवंबर (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इस बार प्रदेश सरकार महाकुंभ को पिछले सभी कुंभ से ज्यादा विराट, भव्य और दिव्य बनाने के लिए प्रयागराज में चौबीस घंटे काम कर रही है। इसी क्रम में इलाहाबाद संग्रहालय प्रयागराज ने महाकुंभ की भव्यता को नया रूप देने की योजना बनाई है। संग्रहालय ने महाकुंभ के दौरान कलश से टपकती अमृत की बूंद के दृश्य को प्रतिकृति के रूप में प्रदर्शित करने का फैसला किया है। भारतीय कला व संस्कृति को प्रदर्शनी के द्वारा प्रदर्शित करने के लिए बाकायदा मेला प्रशासन से लगभग 12 हजार वर्ग फिट जमीन की डिमांड भी की गई है।




- **इलाहाबाद संग्रहालय, प्रयागराज तैयार कर रहा है योजना**
- **इलाहाबाद संग्रहालय ने मेला प्रशासन से 12 हजार वर्ग फिट जमीन की डिमांड की**
- **संगम पर अमृत टपकता कुंभ का दृश्यांकन बनेगा देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सेल्फी प्वाइंट**
- **अमर शहीद चन्द्रशेखर आज़ाद को समर्पित दुनिया की पहली वीथिका इलाहाबाद संग्रहालय में आएगी नजर**

संग्रहालय के डिप्टी क्यूरेटर डॉ. राजेश मिश्रा के अनुसार महाकुंभ के दौरान संग्रहालय की तरफ से स्थापित अमृत कलश देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। अमृत टपकता कुंभ श्रद्धालुओं के लिए सेल्फी प्वाइंट के तौर पर विकसित किए जाने की योजना है। महाकुंभ के पौराणिक महत्व को देखते हुए ही इस बार अमृत कलश की स्थापना का निर्णय लिया गया है।

इसके साथ ही इलाहाबाद संग्रहालय प्रयागराज ने दुनिया की पहली ऐसी वीथिका का भी निर्माण किया है, जहां सन 1857 से लेकर आजादी मिलने तक सभी प्रमुख क्रांतिकारियों की गाथा का प्रदर्शन किया गया है। जिसमें देश की आजादी के लिए लड़ने वाले गरम दल के लगभग सभी क्रांतिकारियों को प्रदर्शित किया गया है।

इलाहाबाद संग्रहालय ने 90 साल की क्रांति को जीवंत रूप दिया है। यहां मंगल पांडे से लेकर चंद्रशेखर आजाद तक लगभग सभी बड़े आजादी के परवानों के बारे में लोगों को जानने को मिलेगा। डिजिटल और आलेखों से बनी यह दुनिया की पहली वीथिका है, जहां एक साथ इतने क्रांतिकारियों को नमन करने और उनकी खूबियां जानने का अवसर मिलेगा। 1857 से लेकर 1947 तक देश पर न्योछावर एक एक वीर का इतिहास जानकर लोग दंग रह जाएंगे।

# महाकुंभ-2025 : श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के नगर प्रवेश में दिखी दिव्य, भव्य और सुव्यवस्थित महाकुंभ के आयोजन की झलक



- **महाकुंभ में श्रद्धालुओं की आस्था और आकर्षण के केंद्र अखाड़ों की नगर प्रवेश यात्रा का सिलसिला हुआ शुरू**
- **विदेशों से आए साधु संतो ने महाकुंभ के भव्य आयोजन की व्यवस्था को सराहा**





**प्रयागराज, 03 नवंबर (एजेंसियां)।** प्रयागराज में जनवरी 2025 में आयोजित होने जा रहे महाकुंभ में जन आस्था के सबसे बड़े आकर्षण 13 अखाड़ों का कुंभ नगरी में प्रवेश का सिलसिला शुरू हो गया है। इसी क्रम में रविवार को महाकुम्भ 2025 की तैयारियों के लिए श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े का नगर प्रवेश पूरी भव्यता के साथ संपन्न हुआ। योगी सरकार के दिव्य, भव्य और सुव्यवस्थित महाकुंभ के आयोजन के संकल्प की झलक भी नगर प्रवेश यात्रा में स्पष्ट दिखी।

त्रिवेणी के तट पर लगने जा रहे आस्था के महा समागम प्रयागराज महाकुम्भ में शामिल होने के लिए अखाड़ों का कुंभ नगरी में जमघट होना शुरू हो गया है। संन्यासियों के श्री पंचदशनाम अखाड़े ने कुम्भ नगरी में पूरे राजसी वैभव के साथ प्रवेश किया।

शहर के बाहर रामापुर गांव के हनुमान मंदिर से अपने रमता पंच के साथ अखाड़े के संन्यासियों और महात्माओं की भव्य नगर प्रवेश यात्रा शुरू हुई जिसका समापन शहर में जूना अखाड़े के मौज गिरी आश्रम में हुआ। नगर प्रवेश यात्रा के मार्ग में अखाड़े के महात्माओं का जगह जगह कुंभ मेला प्रशासन की तरफ से फूलों से स्वागत किया गया। चांदी के सिंहासन में सवार अखाड़ों के महामण्डलेश्वरों पर मार्ग में स्थानीय जनता ने पुष्प वर्षा की। अखाड़े के साधु संत अब यहीं प्रवास करेंगे। 14 दिसंबर को जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि की अगुवाई में अखाड़े का कुंभ क्षेत्र में प्रवेश होगा।

नगर प्रवेश यात्रा के सकुशल समापन के लिए महाकुंभ प्रशासन की तरफ से भारी पुलिस बल की तैनाती की गई। अपर कुंभ मेला अधिकारी विवेक चतुर्वेदी की अगुवाई में प्रस्थान स्थल रामापुर से प्रशासनिक अधिकारियों की टीमें अखाड़े के साधु संतो के साथ साथ चलती रहीं। मार्ग में सुचारू रूप से यातायात संचालन की व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए चार सर्किल ऑफिसर, 6 इंस्पेक्टर, 9 सब इंस्पेक्टर और 40 पुलिस के जवानों की तैनाती की गई। जिला पुलिस के जवान अलग से विभिन्न मार्गों में यातायात व्यवस्था के लिए मुस्तैद दिखे। नगर प्रवेश यात्रा के दौरान कहीं सड़कों में जाम न लगने पाए इसकी व्यवस्था की गई।

श्री पंचदशनाम जूना अखाड़े के नगर प्रवेश यात्रा में अखाड़े के एक हजार से अधिक साधु संतों ने हिस्सा लिया ।

# अगले तीन साल में यूपी को ऊर्जा सेक्टर में आत्मनिर्भर बनाने की तैयारी

- **यूपी की वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार बनेगा अक्षय ऊर्जा सेक्टर**
- **इस वित्तीय वर्ष के अंत तक 80 हजार घरों के ऊपर लग जाएंगे सोलर पैनल**



**लखनऊ, 03 नवंबर (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। राज्य सरकार ने सौर ऊर्जा और बायो एनर्जी पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए कई महत्वाकांक्षी लक्ष्यों का निर्धारण किया है। इन प्रयासों का मुख्य उद्देश्य न केवल प्रदेश में बिजली की मांग को शत प्रतिशत पूरा करना है, बल्कि राज्य को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए एक मजबूत आधार तैयार करना भी है। योगी सरकार अगले ढाई से तीन साल में यूपी को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए मिशन मोड में जुटी हुई है।

सौर ऊर्जा के मामले में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में योगी सरकार तेजी से काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'पीएम सूर्यघर योजना' के तहत योगी सरकार ने अगले ढाई से तीन वर्ष में 25 लाख घरों को सौर ऊर्जा से जोड़ने का संकल्प लिया है। अब तक 48 हजार से अधिक घरों पर सोलर पैनल लगाए जा चुके हैं और वर्तमान वित्तीय वर्ष के अंत तक और 30 हजार घरों को भी सौर ऊर्जा का लाभ मिल चुका होगा।



# बेन स्टोक्स के घर में चोरी के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 03 नवंबर (एजेंसियां)।**

इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स के घर में नकाबपोश चोरों ने चोरी की थी, जिसके बाद एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। स्टोक्स उस समय टीम के साथ पाकिस्तान दौरे पर थे।

इस सप्ताह की शुरुआत में, स्टोक्स ने एक्स से बात की और खुलासा किया कि उनके डरहम घर में चोरी हुई थी, जब वह टेस्ट सीरीज़ के लिए पाकिस्तान दौरे पर राष्ट्रीय टीम के साथ थे। उन्होंने लोगों से उनकी कीमती वस्तुओं की बरामदगी और चोरों को पकड़ने में मदद करने का भी आग्रह किया।

चोरी के समय स्टोक्स की पत्नी क्लेयर और उनके दो बच्चे घर पर थे, जिसके बारे में इंग्लैंड के कप्तान ने कहा कि यह कई नकाबपोश लोगों द्वारा किया गया था और इसने उनके परिवार की भावनात्मक और मानसिक स्थिति पर प्रभाव डाला।

चोरी की गई अपूरणीय वस्तुओं में स्टोक्स का ओबीई पदक भी शामिल था, जो उन्हें 2019 में इंग्लैंड की पहली 50 ओवर की विश्व कप जीत और उसके बाद एशेज श्रृंखला में उनके शानदार प्रदर्शन के बाद 2020 की शुरुआत में दिया गया था। उन्होंने पाकिस्तान में रहने के दौरान अपने परिवार की अच्छी तरह से सहायता करने के लिए पुलिस को भी धन्यवाद दिया।

स्टोक्स ने इंस्टाग्राम पर लिखा, गुरुवार 17 अक्टूबर की शाम को कई नकाबपोश लोगों ने उत्तर पूर्व में कैसल ईडन क्षेत्र में मेरे घर में चोरी की। वे आभूषण, अन्य कीमती सामान और बहुत सारी निजी वस्तुएं लेकर भाग गए। उनमें से कई वस्तुओं का मेरे और मेरे परिवार के लिए वास्तव में भावनात्मक मूल्य है। वे अपूरणीय हैं। उन्होंने आगे लिखा, यह उन लोगों को खोजने में किसी भी तरह की मदद के लिए एक अपील है जिन्होंने इस कृत्य को अंजाम दिया। इस अपराध के बारे में अब तक की सबसे बुरी बात यह है कि इसे तब अंजाम दिया गया जब मेरी पत्नी और 2 छोटे बच्चे घर में थे। शुक्र है कि मेरे परिवार के किसी भी सदस्य को कोई शारीरिक नुकसान नहीं हुआ। हालांकि, जाहिर है, इस अनुभव ने उनकी भावनात्मक और मानसिक स्थिति पर प्रभाव डाला है। हम बस यही सोच सकते हैं कि यह स्थिति कितनी बदतर हो सकती थी। मैं चोरी की गई कुछ वस्तुओं की तस्वीरें जारी कर रहा हूँ – जिन्हें मैं आशा करता हूँ कि आसानी से पहचाना जा सकता है – इस उम्मीद में कि हम उन लोगों को ढूँढ़ सकें जो इसके लिए ज़िम्मेदार हैं। हालाँकि हमने अपनी कीमती चीज़ें खो दी हैं, लेकिन स्पष्ट रूप से बता दूँ कि इन तस्वीरों को साझा करने का मेरा एकमात्र उद्देश्य भौतिक वस्तुओं की बरामदगी नहीं है। इसका उद्देश्य उन लोगों को पकड़ना है जिन्होंने यह किया। अगर आपको लगता है कि आपके पास कोई प्रासंगिक जानकारी है, तो कृपया आगे आएँ और 101 पर डरहम कॉन्स्टेबुलरी से संपर्क करें। उन्होंने आगे कहा, अंत में, मैं पुलिस सेवा को धन्यवाद कहना चाहता हूँ। अभी और जब मैं पाकिस्तान में था, तब भी मेरे परिवार के लिए उनका सहयोग असाधारण रहा है। वे इन लोगों को खोजने की कोशिश में अविश्वसनीय रूप से कड़ी मेहनत करते रहते हैं। चोरी के बाद, स्काई स्पोर्ट्स द्वारा उद्धृत डरहम कॉन्स्टेबुलरी के एक बयान में कहा गया, कैसल ईडन में एक क्रिकेटर के घर में चोरी के बाद अधिकारी जानकारी के लिए अपील कर रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### पेरिस मास्टर्स : खिताबी मुकाबले में हम्बर्ट का सामना ज्वेरेव से



**पेरिस।** फ्रांसीसी स्टार उगो हम्बर्ट ने शनिवार को पेरिस मास्टर्स में घरेलू मैदान पर करेन खाचानोव को 6-7(6), 6-4, 6-3 से हराकर मास्टर्स 1000 स्तर पर अपने पहले फाइनल में प्रवेश किया। अपने सातवें टूर-लेवल खिताब की तलाश में, हम्बर्ट रविवार को चैंपियनशिप मैच में अलेक्जेंडर ज्वेरेव से भिड़ेंगे। ज्वेरेव ने छह मास्टर्स 1000 खिताब, दो एटीपी टूर फाइनल और टोक्यो में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता है। इस साल की शुरुआत में, हम्बर्ट ने दुबई और मार्सिले में ट्रॉफी जीती, जबकि ज्वेरेव ने रोम में एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में ताज जीता। हम्बर्ट ने खाचानोव के खिलाफ मैच के बाद कहा, पेरिस में अपने पसंदीदा टूर्नामेंट में ऐसा करना अद्भुत है। यह एक सपना है। पिछले मैचों की तुलना में यह थोड़ा मुश्किल था। मुझे थोड़ा ज्यादा दबाव महसूस हुआ और पहला सेट हारने के बाद मैंने उस पल का लुत्फ़ उठाने और दर्शकों के साथ रहने की कोशिश की। मैंने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया और मुझे इस पर बहुत गर्व है। इस सप्ताह की शुरुआत में हंबर्ट ने कार्लोस अल्काराज को हराया था। खाचानोव के खिलाफ़ 35 विनर्स लगाने वाले फ्रांसीसी खिलाड़ी एटीपी लाइव रैंकिंग में चार पायदान ऊपर 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं और अगर वह खिताब जीतते हैं तो सोमवार को अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 11वें स्थान पर पहुंच जाएंगे।

### हाइलो ओपन 2024: मालविका फाइनल में पहुंचीं, आयुष शेट्टी सेमीफाइनल में हारे



**सारब्रुकेन (जर्मनी)।** उभरती हुई भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी मालविका बंसोड़ ने शनिवार को यहां आठवीं वरीयता प्राप्त डेनमार्क की जूली डावाल जैकबसेन को सीधे गेम में हराकर हाइलो ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट के महिला एकल के फाइनल में प्रवेश किया। छठी वरीयता प्राप्त मालविका ने 44 मिनट तक चले मैच में जैकबसेन को 23-21, 21-18 से हराया। मालविका खिताबी मुकाबले में डेनमार्क की सातवीं वरीयता प्राप्त मिया ब्लिचफेल्ड से भिड़ेंगी। लेकिन गैर वरीयता प्राप्त भारतीय शटलर आयुष शेट्टी के लिए यह निराशाजनक रहा क्योंकि वह पुरुष एकल सेमीफाइनल में फ्रांस के चौथे वरीयता प्राप्त क्रिस्टो पोपोव से हारकर बाहर हो गए। विश्व रैंकिंग में 51वें स्थान पर काबिज शेट्टी ने अच्छी शुरुआत की लेकिन जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ा, उनकी लय ढीली होती गई और वे विश्व में 28वें स्थान पर काबिज फ्रांसीसी प्रतिद्वंद्वी से 17-21, 13-21 से हार गए। यह दोनों शटलरों के बीच पहली मुलाकात थी जिसमें भारतीय खिलाड़ी दूसरे स्थान पर रहा।

### अन्तरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी ताड़केश्वर सिंह ने बालिकाओं को दिया प्रशिक्षण

**वाराणसी।** अंतरराष्ट्रीय स्तर के कबड्डी खिलाड़ी और लक्ष्मण पुरस्कार से सम्मानित ताड़केश्वर सिंह यादव ने रविवार को भंदहा कला (कैथी) गांव में ग्रामीण बालिकाओं को कबड्डी खेल के बारे में जानकारी देकर उन्हें प्रशिक्षित भी किया। सामाजिक संस्था आशा ट्रस्ट की पहल पर गांव में पहुंचे ताड़केश्वर सिंह ने बालिकाओं को कबड्डी खेल में अच्छा करने के लिए कुछ उपयोगी टिप्स भी दी। इस दौरान खिलाड़ी ने सामाजिक संस्था के ई- लाइब्रेरी का अवलोकन किया। ई-लाइब्रेरी की प्रशंसा कर खिलाड़ी ताड़केश्वर ने कहा कि ग्रामीण परिवेश की बालिकाओं के लिए कबड्डी में काफी संभावनाएं हैं। बालिकाओं को कबड्डी, कुश्ती, एथलेटिक्स में जाना चाहिए। उन्होंने खेल में बालिकाओं को सही मार्गदर्शन और अवसर मिलने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि हमारे गांवों में अनेक प्रतिभाएं छिपी हुई हैं। उन्हें तलाशने और तराशने की जरूरत है। इसके पूर्व संस्था के सदस्यों ने खिलाड़ी ताड़केश्वर सिंह यादव व उनके साथ आये कबड्डी और शूटिंग बॉल कोच रमेश कुमार का स्वागत किया। संस्था के समन्वयक वल्लभाचार्य पाण्डेय ने कहा कि ग्रामीण परिवेश की बालिकाओं को स्कूली शिक्षा के दौरान खेल का उचित प्रशिक्षण, खेल सामग्री और आवश्यक पोषण दिया जाना चाहिए। तभी हम अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अधिक पदक पा सकेंगे।

# वानखेड़े स्टेडियम में एजाज पटेल ने मचाया धमाल, न्यूजीलैंड ने किया ऐतिहासिक वाइटवाश

**मुंबई, 03 नवंबर (एजेंसियां)।**

चौथी पारी में एजाज पटेल के (6-57) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने मुंबई में खेले गए अंतिम टेस्ट के तीसरे दिन भारत को 25 रनों से हराकर ऐतिहासिक 3-0 से क्लीन स्वीप किया। यह पहली बार है जब भारत को तीन या उससे ज़्यादा मैचों की सीरीज़ में घरेलू मैदान पर क्लीन स्वीप किया गया है।




### बेकार गईं पंत की अर्धशतकीय पारी, विवादास्पद तरीके से हुए आउट

147 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने लंच तक 92 रन पर 6 विकेट खोकर संघर्ष कर रही थी। दूसरे सत्र की शुरुआत में जीत के लिए 55 रन और चार विकेट शेष थे, भारत की उम्मीदें पूरी तरह से ऋषभ पंत (64) पर टिकी थीं, जिनकी साहसिक पारी ने मेजबान टीम को लक्ष्य के करीब तक पहुँचाया। हालाँकि, एजाज ने जल्द ही भारत की उम्मीदों पर पानी फेर दिया और एक बेहद विवादास्पद निर्णय में पंत को विकेट के पीछे कैच करा दिया। पंत को शुरू में मैदानी अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ ने नॉट आउट करार दिया था, लेकिन डीआरएस पर अल्ट्राएज ने मामूली सी भी गड़बड़ी पकड़ ली। तीसरे अंपायर के लिए समस्या यह थी कि यह कहना मुश्किल था कि यह बल्ले के पैड से टकराने या किनारे से मामूली सी आवाज थी। ऐसे मामलों में, मैदानी अंपायर का फैसला आम तौर पर बना रहता है, लेकिन पॉल रीफेल ने इसे पलटने का फैसला किया, जिससे पंत को झटका लगा।

यह भारत के लिए एक बड़ा झटका था और उसके बाद से, वाशिंगटन सुंदर और रविचंद्रन अश्विन के क्रीज पर होने के बावजूद भी परिणाम पहले से ही तय था। पिच की प्रकृति और भारत की ओर से बल्लेबाज़ी में कमी का मतलब था कि पंत को अपना काम पूरा करने के लिए अंत तक बल्लेबाजी करनी थी। तमिलनाडु की जोड़ी ने कुछ समय तक टिके रहने का प्रयास किया, लेकिन अश्विन ने ग्लेन फिलिप्स की गेंद पर रिवर्स स्वीप करने का प्रयास किया, और इसी प्रयास में उन्होंने अपना विकेट भी फेंक दिया। फिलिप्स ने अगली गेंद पर आकाश दीप को शून्य पर आउट कर भारत को नौवां झटका दिया। 121 के कुल स्कोर पर एजाज ने स्लॉग स्वीप करने के प्रयास में एजाज को क्लीन बोल्ड कर न्यूजीलैंड को ऐतिहासिक जीत दिलाई।

### एजाज पटेल ने 6, ग्लेन फिलिप्स ने 3 और मैट हेनरी ने 1 विकेट लिया।

न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में बनाए 174 रन, भारत के सामने रखा 147 रनों का लक्ष्य

इससे पहले न्यूजीलैंड की दूसरी पारी 174 रनों पर समाप्त हुई। दूसरी पारी में न्यूजीलैंड के लिए विल यंग ने 51 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। यंग के अलावा डेरिल मिचेल ने 21, डेविड कॉनवे ने 22 और ग्लेन फिलिप्स ने 26 रन बनाए। भारत के लिए रवींद्र जडेजा ने 5, रविचंद्रन अश्विन ने 3 और वाशिंगटन सुंदर व आकाशदीप ने 1-1 विकेट लिया। भारत की पहली पारी 263 रन पर सिमटी, गिल शतक से चूके, पंत का अर्धशतक इससे पहले शुभमन गिल (90), ऋषभ पंत (60) के शानदार अर्धशतक और आखिरी में वाशिंगटन सुंदर (नाबाद 38) की महत्वपूर्ण पारी की बदौलत भारत ने अपनी पहली पारी मे 263 रन बनाए और 28 रनों की बढत हासिल की। वहीं, न्यूजीलैंड की तरफ से एजाज पटेल ने 4 विकेट लिए। न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में 235 रन बनाए थे। न्यूजीलैंड की ओर से एजाज पटेल ने 5, मैट हेनरी, ग्लेन फिलिप्स और ईश सोढ़ी ने 1-1 विकेट लिया।

### न्यूजीलैंड की पहली पारी 235 रन पर सिमटी

इससे पहले न्यूजीलैंड ने बल्लेबाजी करते हुए 235 रन बनाए। टीम के लिए कप्तान टॉम लैथम ने 28, विल यंग ने 71 और डेरिल मिचेल ने 82 रन की पारी खेली।

भारत की तरफ से रविन्द्र जडेजा ने 5 विकेट, वॉशिंगटन सुंदर ने 4 विकेट और आकाशदीप को एक सफलता मिली।

## डब्ल्यूटीए फाइनल्स

# सबालेंका से पहला मैच हारीं झेंग किनवेन



**रियाद, 3 नवंबर (एजेंसियां)।**

चीन की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग किनवेन ने रियाद में चल रहे डब्ल्यूटीए फाइनल्स में अपने पहले अभियान की शुरुआत हार के साथ की। किनवेन शनिवार को दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी बेलारुस की आर्यना सबालेंका से 6-3, 6-4 से हार गईं।

इस बीच, पर्पल ग्रुप के एक अन्य एकल मैच में, इटली की जैस्मीन पाओलिनी ने कजाकिस्तान की एलेना रयबाकिना को 7-6(5), 6-4 से हराया। झेंग ने इस सीजन में सबालेंका का तीन बार सामना किया है, जिसमें पिछले महीने वुहान ओपन के फाइनल में तीन सेटों के कड़े मुकाबले सहित सभी मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा।

अपने डब्ल्यूटीए फाइनल डेब्यू में आठ प्रभावशाली ऐस सर्व करने के बावजूद, झेंग प्रत्येक सेट में एक बार ब्रेक की गई और अंततः शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी से हार गई।

मैच के बाद अपने प्रदर्शन पर झेंग ने कहा, मैंने मैच में अपना लगभग 60-70 प्रतिशत सर्वश्रेष्ठ दिया, और अभी भी सुधार करने के लिए कुछ विवरण हैं। एक बार जब मैं उन्हें सुधार लूंगी, तो मुझे विश्वास है कि मैं वास्तव में उसे चुनौती दे सकती हूँ। ऐसा लगा जैसे मैं चीन में वापस आ गई हूँ। उनके समर्थन ने मुझे बहुत ताकत दी।

अगले मैचों में झेंग का सामना शेष राउंड-रॉबिन ग्रुप स्टेज मैचों में रयबाकिना और पाओलिनी से होगा।

उन्होंने कहा, मैं लक्षित प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित करूँगी, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मैं अपना टेनिस खेलूँ और अपनी शैली दिखाऊँ। पाओलिनी, जो अपने पहले डब्ल्यूटीए फाइनल में भी भाग ले रही थीं, ने पहले सेट को एक करीबी टाईब्रेक में जीता और फिर दूसरे सेट के सातवें गेम में एक महत्वपूर्ण ब्रेक का लाभ उठाते हुए रयबाकिना को हराया, जो दूसरे दौर से पहले यूएस ओपन से हटने के बाद से अपना पहला टूर मैच खेल रही थीं। डबल्स ग्रीन ग्रुप में शुरुआती दौर में दो रोमांचक वापसी देखने को मिली। निकोल मेलिचर-मार्टिनेज और एलेन पेरेज़ ने हसीह सु-वेई और एलीज़ मर्टेनस को 1-6, 6-1, 10-6 से हराया। इस बीच, कैटरीना सिनियाकोवा और टेलर टाउनसेंड ने ल्यूडमिला किचेनोक और जेलेना ओस्टापेंको को 3-6, 6-3, 11-9 से हराया।

# केरला ब्लास्टर्स एफसी पर जीत देगी मुम्बई सिटी के अभियान को गति

**मुंबई, 03 नवंबर (एजेंसियां)।**

मुम्बई सिटी एफसी और केरला ब्लास्टर्स एफसी आज शाम मुम्बई फुटबॉल एरिना में एक रोमांचक मुकाबले के लिए तैयार हैं। ओडिशा एफसी के खिलाफ पिछला मैच ड्रॉ खेलने के बाद मुम्बई वापसी के लिए दृढ़ संकल्प हैं जबकि ब्लास्टर्स का लक्ष्य लगातार दूसरी हार से बचना होगा।

मुम्बई हाल ही में विपक्षी डिफेंस को भेदने के लिए जूझ रहे हैं, अपने पिछले दो घरेलू मैचों में से केवल एक गोल कर पाए हैं। लिहाजा, मुम्बई अपने आक्रामक फॉर्म पाने के लिए उत्सुक होंगे।

मुम्बई सिटी एफसी प्रति मैच 2.6 बड़े मौके बनाती है (आईएसएल में दूसरा सबसे अधिक), लेकिन अपने मौकों को गोल में बदलने की उनकी दर सबसे कम 15.4 प्रतिशत है। यह मुकाबला उनके फिनिशिंग कौशल की परीक्षा होगा।

ब्लास्टर्स लगातार 10 मैचों में क्लीन शीट नहीं रख पाए हैं, इस अनचाहे सिलसिले को समाप्त करना चाहेंगे। मुम्बई के घरेलू लाभ और स्कोरिंग क्षमता उनकी डिफेंस की परीक्षा लेगी। ब्लास्टर्स बॉक्स के अंदर से 63.4 प्रतिशत शॉट लगाते हैं और उनके हमलों की कमान नौहा सदौई के हाथों में होगी।

आईएसएल में ये दोनों टीमें 20 बार भिड़ चुकी हैं, जिनमें से आइलैंडर्स ने नौ मैच जीते हैं जबकि ब्लास्टर्स को पांच जीत मिली है। छह मैच ड्रा रहे हैं।



स्वीडिश हेड कोच मिकेल स्टाहरे का मानना है कि टीम सही रास्ते पर हैं। वह व्यक्तिगत गलतियों से बचने पर भी ध्यान केंद्रित करते हैं, जो हाल के दिनों में टीम को परेशान कर रही हैं।

उन्होंने कहा, बेंगलुरू एफसी से घर पर हार के बाद हर कोई बहुत निराश था, लेकिन टीम को फिर से संगठित करना मुश्किल नहीं था। हम जानते हैं कि आगामी मैच कठिन होगा लेकिन हम ऊर्जावान और आशावादी हैं। मुझे लगता है कि हम सही रास्ते पर हैं, हालांकि हार वास्तव में दर्दनाक थी, लेकिन फुटबॉल में कभी-कभी ऐसा होता है। हमने व्यक्तिगत गलतियां कीं और वे फुटबॉल का हिस्सा हैं, लेकिन गलतियों से सीखना महत्वपूर्ण है।

# एचआईएल : दिल्ली एसजी पाइपर्स में शामिल हुईं दो बार की ओलंपिक पदक विजेता लिली ओवस्ले

**नई दिल्ली, 03 नवंबर (एजेंसियां)।**

दिल्ली एसजी पाइपर्स ने हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के आगामी सत्र के लिए इंग्लैंड की मिडफील्डर और महिला हॉकी सुपरस्टार लिली ओवस्ले के साथ करार किया है। दिल्ली एसजी पाइपर्स ने शनिवार को उक्त घोषणा की।

लिली ओवस्ले एक बेहद प्रतिष्ठित खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 2016 रियो ओलंपिक में स्वर्ण पदक और 2020 टोक्यो में कांस्य पदक जीता है। इसके अलावा उन्होंने कई अन्य उपलब्धियाँ भी हासिल की हैं।

ओवस्ले महिला टीम से 28 वर्षीय डच मिडफील्डर ज़ान डे वार्ड की जगह लेंगी, जिन्होंने निजी कारणों से एचआईएल के इस सत्र से अपना नाम वापस ले लिया है।

हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति के अनुसार, दिल्ली एसजी पाइपर्स महिला टीम के कोच डेव स्मोलेनर्स ने कहा, ज़ान डे वार्ड, जो निस्संदेह दुनिया की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं, को खोना टीम के लिए एक झटका है। लेकिन 2 बार की ओलंपिक पदक विजेता लिली ओवस्ले को उनकी जगह लेने में सक्षम होना एक बड़ी राहत है।




उन्होंने कहा, वह टीम को उसकी क्षमता तक पहुँचने में मदद करने के लिए अपने अनुभव, नेतृत्व और तेज़ गति के खेल का उपयोग करेंगी।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता होने के अलावा, ओवस्ले ने 2022 और 2014 के राष्ट्रमंडल खेलों में क्रमशः स्वर्ण और रजत भी जीता है। उनके पास दो यूरोपीय चैम्पियनशिप पदक भी हैं, 2015 लंदन में स्वर्ण और 2017 एम्स्टेलवीन, नीदरलैंड में कांस्य।

एसजी स्पोर्ट्स, मीडिया और एंटरटेनमेंट (एसजीएसई) के सीईओ, महेश भूपति ने ओवस्ले का टीम में स्वागत किया।

उन्होंने कहा, लिली का शामिल होना पाइपर्स के लिए शानदार है और मैं उनका टीम में स्वागत करता हूँ। अपने खाते में दो ओलंपिक पदक होने के साथ, वह हमारे लिए अपने साथ बहुत सारा अनुभव लेकर आई हैं जो हमारे लिए बहुत मददगार होगा। वह अपने कौशल और क्षमताओं से खेल को नियंत्रित कर सकती हैं, और एक आक्रामक मिडफील्डर के रूप में उनकी भूमिका दिल्ली एसजी पाइपर्स टीम के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। दिल्ली एसजी पाइपर्स का स्वामित्व एसजी स्पोर्ट्स, मीडिया एंड एंटरटेनमेंट (एसजीएसई) के पास है।

# सीनियर पुरुष हॉकी राष्ट्रीय चैंपियनशिप सोमवार से, चेन्नई करेगा मेजबानी

**नई दिल्ली, 03 नवंबर (एजेंसियां)।**

सीनियर पुरुष हॉकी राष्ट्रीय चैंपियनशिप का 14वां संस्करण सोमवार को तमिलनाडु के चेन्नई में मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में शुरू होने वाला है। 16 नवंबर तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में कुल 31 टीमें हिस्सा लेंगी, जिन्हें आठ पूल में बांटा गया है।

लीग चरण के दौरान, प्रत्येक टीम अपने पूल की हर दूसरी टीम के खिलाफ खेलेगी। प्रत्येक पूल से शीर्ष टीम 13 नवंबर को क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी, उसके बाद 15 नवंबर को सेमीफाइनल और 16 नवंबर को फाइनल और तीसरे/चौथे स्थान के लिए प्ले-ऑफ होगा।

पूल ए में मौजूदा चैंपियन हॉकी पंजाब के साथ दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव हॉकी और छत्तीसगढ़ हॉकी शामिल हैं। पूल बी में हॉकी हरियाणा, तेलंगाना हॉकी, हॉकी हिमाचल और हॉकी मिजोरम शामिल हैं।

पूल सी में हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु, हॉकी



मध्य प्रदेश, हॉकी आंध्र प्रदेश और हॉकी अंडमान और निकोबार शामिल हैं। पूल डी में हॉकी कर्नाटक, हॉकी चंडीगढ़, हॉकी उत्तराखंड और त्रिपुरा हॉकी शामिल हैं। पूल ई में, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा का मुकाबला ले पुडुचेरी हॉकी, हॉकी राजस्थान और हॉकी अरुणाचल से होगा।

पूल एफ में उत्तर प्रदेश हॉकी, दिल्ली हॉकी, केरल हॉकी और हॉकी जम्मू और कश्मीर शामिल हैं। पूल जी में हॉकी झारखंड, हॉकी महाराष्ट्र, गोवा हॉकी और हॉकी गुजरात शामिल हैं। पूल एच में मणिपुर हॉकी, हॉकी बंगाल, हॉकी बिहार और असम हॉकी शामिल हैं।

टूर्नामेंट की शुरुआत कई मैचों से होगी, जिसमें उत्तर प्रदेश हॉकी बनाम केरल हॉकी और हॉकी कर्नाटक बनाम हॉकी उत्तराखंड जैसे कई रोमांचक मुकाबले शामिल हैं, जो एक रोमांचक चैंपियनशिप के लिए मंच तैयार करते हैं।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने आगामी टूर्नामेंट के लिए अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, हम चेन्नई में 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप की मेजबानी करके बहुत खुश हैं, यह एक समृद्ध हॉकी विरासत वाला शहर है। यह चैंपियनशिप देश भर से सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करती है और भारतीय हॉकी के भविष्य के सितारों को विकसित करने में एक महत्वपूर्ण आयोजन है। मैं सभी टीमों को शीर्ष सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करने के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, यह चैंपियनशिप उच्च गुणवत्ता वाली हॉकी और गहन प्रतिस्पर्धा का वादा करती है। हमने भागीदारी में जबरदस्त वृद्धि देखी है, और देश के सभी कोनों से उत्साह देखना उत्साहजनक है। मैं कुछ रोमांचक मैचों की प्रतीक्षा कर रहा हूं क्योंकि टीमें प्रतिष्ठित खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करती हैं।

संपादकीय

# रक्षा क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि

**भारत** रक्षा के क्षेत्र में निरंतर नये प्रतिमान गढ़ रहा है। वड़ोदरा में टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन करके इसी दिशा में भारत सरकार ने बड़ा कदम बढ़ाया है। भारत की यह ऊंची उड़ान उसके सामर्थ्य को बढ़ाएगी। यह एयरबस और टाटा एडवांस सिस्टम्स लिमिटेड की संयुक्त परियोजना है। बीते दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और स्पेन के प्रधानमंत्री पेद्रो सांचेज ने जिस टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया है, वहां भारतीय सेना के लिए सी-295 विमानों का निर्माण होगा। स्पेन और भारत के बीच ऐसे 56 विमानों के निर्माण का समझौता हुआ है, जिनमें से 40 विमान भारत में बनाए जाएंगे और शेष स्पेन से आएंगे। स्पेन के प्रधानमंत्री सांचेज की यह पहली भारत यात्रा है। भारत और स्पेन के आपसी संबंधों को नयी दिशा देने के प्रयास भी प्रधानमंत्री मोदी कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर भारत के प्रतिष्ठित उद्योगपति रतन टाटा का स्मरण किया, जिनका अभी हाल में निधन हुआ है। उन्होंने कहा कि "हाल ही में हमने देश के महान सपूत रतन टाटा जी को खो दिया। अगर आज वे हमारे बीच होते तो उन्हें खुशी होती। उनकी आत्मा जहां भी होगी, खुश होगी। ये सी-295 विमान फैक्ट्री नए भारत की नई कार्य संस्कृति को दर्शाती है"। यह सही बात है कि विमान फैक्ट्री 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। पहली बार एक निजी कंपनी देश में स्थापित संयंत्र में सेना के लिए विमान निर्माण करेगी। 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसे अभियानों के लिए यह महत्वपूर्ण अवसर एवं पहल है। उल्लेखनीय है कि सेमीकंडक्टर, ग्रीन हाइड्रोजन, रक्षा उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिक वाहन, एयरोस्पेस, मेडिकल उपकरण, मोबाइल फोन आदि उन्नत एवं तकनीकी क्षेत्रों में भारत में उत्पादन बढ़ाने के लिए अनेक प्रयास किए जा रहे हैं तथा देश-विदेश के निजी क्षेत्र को मौके और संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि हमारी सशस्त्र सेनाओं को लड़ाकू विमानों और युद्धक हेलीकॉप्टरों के अलावा सैनिक साजो-सामान और हथियारों की ढुलाई के लिए भी विमानों की आवश्यकता होती है। सी-295 विमानों का उपयोग इन्हीं कामों के लिए किया जाएगा। कह सकते हैं कि वड़ोदरा परियोजना कई अर्थों में मिल का पत्थर है। यह भी महत्वपूर्ण है कि कुछ समय पहले ही भारत की विभिन्न एयरलाइनों ने नागरिक उड्डयन के लिए सौ जहाजों की खरीद का प्रस्ताव किया है, जिससे अमेरिका, ब्रिटेन एवं फ्रांस के उद्योगों को सीधा लाभ मिलेगा। एयरबस और टाटा एडवांस सिस्टम्स लिमिटेड की संयुक्त परियोजना से भारत के साथ-साथ स्पेन की अर्थव्यवस्था भी लाभान्वित होगी। यहां जो जहाज तैयार होंगे, वे सेना द्वारा इस्तेमाल किये जा रहे पुराने रूसी जहाजों और देश में बने विमानों की जगह लेंगे। इससे हमारी बढ़ती सैन्य क्षमता को भी बड़ा आधार मिलेगा। अभी तक पांच सी-295 विमान सेना को मिल चुके हैं। ऐसी आशा है कि इस परियोजना से प्रत्यक्ष रूप से तीन हजार से अधिक तथा तथा परोक्ष तौर पर 15 हजार से अधिक रोजगार के अवसर बनेंगे। सहायक उद्यमों को भी बढ़ावा मिलेगा। वड़ोदरा समेत अनेक स्थानों की अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी। यह परियोजना निवेशकों को आकर्षित करने में भी सहायक साबित होगी। स्मरण रखें कि रक्षा क्षेत्र के उत्पादन में प्रगति हमारी बाहरी निर्भरता को कम करेगी तथा इस क्षेत्र में निर्यात की संभावनाओं के द्वार भी खुलेंगे। आज भारत कई देशों को रक्षा उत्पाद निर्यात कर रहा है।

भारत की यह ऊंची उड़ान उसके सामर्थ्य को बढ़ाएगी। यह एयरबस और टाटा एडवांस सिस्टम्स लिमिटेड की संयुक्त परियोजना है। बीते दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और स्पेन के प्रधानमंत्री पेद्रो सांचेज ने जिस टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया है, वहां भारतीय सेना के लिए सी-295 विमानों का निर्माण होगा। स्पेन और भारत के बीच ऐसे 56 विमानों के निर्माण का समझौता हुआ है, जिनमें से 40 विमान भारत में बनाए जाएंगे और शेष स्पेन से आएंगे। स्पेन के प्रधानमंत्री सांचेज की यह पहली भारत यात्रा है। भारत और स्पेन के आपसी संबंधों को नयी दिशा देने के प्रयास भी प्रधानमंत्री मोदी कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर भारत के प्रतिष्ठित उद्योगपति रतन टाटा का स्मरण किया, जिनका अभी हाल में निधन हुआ है। उन्होंने कहा कि "हाल ही में हमने देश के महान सपूत रतन टाटा जी को खो दिया। अगर आज वे हमारे बीच होते तो उन्हें खुशी होती।

## अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव का आखिरी दौर

# कमला हैरिस और उनकी डेमोक्रेटिक पार्टी हिंदू विरोधी है



डॉ. मोतीलाल गुप्ता 'आदित्य'

अमेरिका में राष्ट्रपति पद का चुनाव सिर पर है। अमेरिका में 5 नवंबर 2024 को 60वें राष्ट्रपति चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। इसमें अमेरिकी नागरिक राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति चुनते हैं। दोनों का कार्यकाल चार साल का होता है। इस बार राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी की ओर से डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से कमला हैरिस के बीच कड़ी भिड़ंत है। इसके साथ ही कुछ निर्दलीय उम्मीदवार भी चुनावी मैदान में हैं।

अमेरिका विश्व की एक महाशक्ति है और अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव का प्रभाव न केवल अमेरिका के भीतर बल्कि पूरे विश्व पर पड़ता है। इसलिए पूरे विश्व की निगाह अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव पर है। इस बार डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस के बीच कड़ी टक्कर है। अलग-अलग सर्वेक्षण अलग-अलग समय पर अलग-अलग रिपोर्टिंग दे रहे हैं। कभी ट्रंप कुछ आगे निकल जाते हैं तो कभी कमला हैरिस।

लेकिन जहां भारत के लोगों की निगाहें अमेरिका के चुनाव पर लगी हुई हैं, वहीं अमेरिका में बसे भारतीय भी इस बात का आकलन कर रहे हैं कि इन दोनों दलों में से जो भी राष्ट्रपति बनता है, उसका उन पर क्या प्रभाव पड़ने की संभावना है।

अगर भारत और अमेरिका में बसे भारतवंशी हिंदुओं के नजरिए से देखें तो जो बाइडेन की ट्रंप पार्टी का रुख भारत के प्रति और हिंदुओं के प्रति लगभग नकारात्मक रहा है। कहना न होगा कि भारत के पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान अमेरिकी संस्थाओं की पूरी कोशिश मोदी को हराने की रही। अमेरिका के धन कुबेर जॉर्ज सोरस ने भी पहले ही घोषणा कर दी थी कि वे मोदी को सत्ता से हटाने के लिए पूरी ताकत लगाएंगे, और उन्होंने वैसा ही किया भी। भारत सरकार द्वारा जब संविधान में संशोधन करके अनुच्छेद 370 को जम्मू कश्मीर से हटाया गया तब भी बाइडेन सरकार और डेमोक्रेट इसके विरोध में थे। अगर यह कहा जाए कि डेमोक्रेटिक सरकार का रवैया काफी हद तक हिंदू विरोधी, मोदी विरोधी और भारत विरोधी रहा है तो यह गलत नहीं होगा। भारत की आर्थिक और सामरिक शक्ति बढ़ना भी वर्तमान अमेरिकी सरकार को रास नहीं आ रहा है।

अमेरिका के विदेशी विभाग के दक्षिण एशिया के प्रभारी उपसचिव डोनाल्ड लू की तमाम गतिविधियां भी इसी दिशा में संकेत करती हैं। पिछले दिनों पाकिस्तान को वर्ल्ड बैंक से भारी लोन दिलवाने में भी अमेरिका की बड़ी भूमिका रही। पाकिस्तान को आर्थिक मदद का मतलब है, भारत में आतंकवाद को बढ़ावा। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की मदद से ही बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार का तख्ता पलट हुआ। वहां पर बड़े पैमाने पर हिंसा करवाने में और उससे भी बढ़कर हिंदुओं के विरुद्ध बड़े पैमाने पर हिंसा करवाने में भी इनका हाथ रहा है।

कई बार लोग कमला हैरिस के कमला नाम से भ्रमित होते हुए यह सोचते हैं कि शायद वे हिंदुओं के पक्ष में या भारत के पक्ष में रहेंगी। जबकि स्थिति बिल्कुल इसके उलट है। इस संबंध में अमेरिका में हिंदू कोईलीएशन ऑफ आरएनसी के अध्यक्ष शलभ कुमार कहते हैं कि कमला हैरिस और उनकी पार्टी न केवल मुस्लिम समर्थक है बल्कि उससे कहीं आगे बढ़कर कट्टरवादी मुसलमानों के साथ खड़ी है। उनकी मंडली में रैडिकल इस्लामी तत्व मौजूद हैं। कमला हैरिस खुद को भारतीय मूल का या हिंदू नहीं बल्कि ब्लैक अमेरिकन क्रिश्चियन मानती हैं।

कहना न होगा कि बांग्लादेश में जिस प्रकार हिंदुओं पर अत्याचार हुए और उस पर अमेरिका ने चुप्पी साधे रखी, यह बहुत कुछ कहता है। अब यह बात भी पूरी दुनिया को पता है कि बांग्लादेश में तख्ता पलट के पीछे अमेरिका के विदेश मंत्रालय के उपसचिव डोनाल्ड लू का हाथ था, जिन्होंने इसे पाकिस्तान की मदद से अंजाम दिया और बांग्लादेश को आजादी दिलवाने वाले शेख मुजीबुर्रहमान और उनके बलिदान से जुड़ी तमाम चीजों को नष्ट करवाया। अमेरिका ने शेख हसीना, जिसके भारत से बहुत अच्छे संबंध थे, उसकी सरकार का तख्ता प्रकट करवा कर वहां अपने पालतू मोहम्मद यूनुस को गद्दी पर बैठाया। अगर अमेरिका चाहता तो एक फरमान जारी करके बांग्लादेश में हिंदुओं के विरुद्ध हो रही हिंसा को तत्काल रुकवा सकता था लेकिन उसने ऐसा नहीं किया।

यही नहीं बांग्लादेश के बाद अमेरिका का अगला निशाना भारत सरकार रही। डोनाल्ड ट्रंप सरकार के विदेश सचिव और राजदूत अथवा उच्चायुक्त आदि ने चुनाव के तत्काल बाद भारत मोदी सरकार को समर्थन देने वाले दलों के नेताओं से प्रत्यक्ष-परोक्ष रूप से संपर्क करके मोदी सरकार को अस्थिर करने की भी कोशिश की। ऐसी भी खबरें आईं कि राहुल गांधी अमेरिका में व्हाइट हाउस में जाकर वहां विदेश मंत्रालय के अधिकारियों और अमेरिका की खुफिया एजेंसी सीआईए के अधिकारियों से भी मिले। वहीं उन्होंने दक्षिण एशिया के प्रभारी डोनाल्ड लू से भी चर्चा की। ऐसा लगता है कि मामला कहीं न कहीं, बांग्लादेश की तरह मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने की साजिश का था। विपक्ष के नेताओं ने खुल्लम-खुल्ला ऐसी बातें कही भी थी। लेकिन न तो भारत बांग्लादेश है और न ही मोदी कोई कमजोर नेता।

सुलभ कुमार का कहना है कि कमला हैरिस पाकिस्तान समर्थक होने के साथ-सा भारत विरोधी और हिंदू विरोधी भी हैं। कमला हैरिस का सत्ता में आना न तो भारत के हित में है और न ही अमेरिका में बसे हिंदुओं के हित में है। कमला हैरिस तो यहां तक चाहती हैं कि जम्मू कश्मीर पाकिस्तान का हो जाए।

जहां जो बाइडेन ने रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध करवा कर दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं को संकट में डाला है वहीं ट्रंप का कहना है कि यदि वे सत्ता में आते हैं तो भी इस युद्ध को जल्द समाप्त करवाएंगे। ट्रंप भारत से अच्छे रिश्ते बनाने के पक्ष में हैं। इसी बीच डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव में अपना ट्रंप कार्ड चलते हुए अमेरिका में और विश्व में जहां कहीं भी हिंदू हैं, उनके हितों की रक्षा की बात खुलकर कही है। यही नहीं डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति बनने के बाद भारत से अच्छे रिश्ते बनाने की बात पर भी जोड़ दिया है।

इन तमाम कर्म से अमेरिका में बसी हुई हिंदू आबादी अपने हितों की रक्षा के लिए और अपनी मातृभूमि भारत की हितों की रक्षा के लिए कहीं न कहीं ट्रंप के पक्ष में खड़ी दिखाई दे रही है। ऐसे वोटर जो अक्सर चुनाव में रुचि न लेते हुए वोट नहीं डालते हुए भी इस बार हिंदू हितों की रक्षा के लिए और भारत के हितों की रक्षा के लिए डोनाल्ड ट्रंप के पक्ष में वोट डाल सकते हैं।

जहां अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में कांटे का मुकाबला है, वहां अमेरिका का हिंदू वोटर एक निर्णायक भूमिका निभा सकता है।

यहां यह कहना भी अनुचित न होगा कि भारत की शक्ति बढ़ाने के साथ-साथ विश्व भर में बसे प्रवासी भारतीयों की शक्ति और सम्मान भी बड़ा है और वह अब विश्व राजनीति में भी आगे बढ़कर अपने हितों के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाने को तैयार है।

दृष्टि कोण

# काश! हम पराली को लाभकारी बना पाते

**उत्तर** भारत के कई इलाकों में ठंड की दस्तक, धान की कटाई और दिवाली के दौरान होने वाले प्रदूषण के लिए अकेला भारत जिम्मेदार नहीं है। पाकिस्तान में जलती पराली से आने वाला धुआं भी कई राज्यों की फिजा को ज़हरीली बनाने में कम कसूरवार नहीं है। नासा वर्ल्डव्यू एनिमेशन, सेटेलाइट तस्वीरों, चंडीगढ़ पीजीआई और पंजाब यूनिवर्सिटी के एक शोध से यह साफ हो गया है कि भारतीय पंजाब के मुकाबले पाकिस्तानी पंजाब में पराली ज्यादा जलाई जाती है। वहीं, कुछ आंकड़े भी इस बात को पुख्ता करते हैं कि हरियाणा में 24 प्रतिशत और पंजाब में 40 प्रतिशत कम पराली इस 1 सितंबर से अक्तूबर के तीसरे हफ्ते तक जली। यह भी सही है कि धान कटाई का यह पीक सीजन नहीं था। दिवाली के थोड़े पहले और अब दिवाली बाद अलग नजारा दिखने लगा है। इधर, सुप्रीम कोर्ट ने भी हाल ही में एक बार फिर, दिल्ल में बढ़ते वायु प्रदूषण पर केंद्र सरकार को ढिलाई पर कड़ी फटकार लगाई और पंजाब और हरियाणा सरकारों को भी चेताया। इस बाबत सख्त कानून न लागू करने पर चिंता भी जताई। सफाई, बचाव, तर्क-कुतर्क पर अभी और पहले भी सुप्रीम कोर्ट कई बार जमकर नाराजगी दिखा चुका है। नियंत्रण खातिर जिम्मेदार संस्थाएं कब कटघरे में नहीं थीं? सुप्रीम कोर्ट की पीड़ा इसी से समझ आती है कि पर्यावरण संरक्षण अधिनियम को दंतहीन तक कह दिया। कोर्ट में प्रस्तुत जवाब पर सवाल खड़े होने पर गंभीरता जताते हुए बात अवमानना की चेतावनी तक पहुंचना कम नहीं है। सच है कि पराली का जलना, प्रदूषण का बढ़ना आरोप-प्रत्यारोप और राजनीतिक विषय बन चुका है। तमाम बयानबाजियां यही दिखाती हैं। कैसी कोशिशें हैं कि हर साल न धुआं थमता है और न ही पराली का जलना। सरहद पार के धुएं की बात छोड़ दें और देश में जल रही पराली ही देखें तो समझ आता है कि कोशिशों के दौड़ते कागजों के अलावा धरातल पर कुछ नहीं दिखता। केवल किसानों को ही दोष देना नाकाफी है। उनकी पीड़ा भी समझनी होगी। केंद्र या राज्य सरकारें दावा कुछ भी करें, लेकिन किसानों की भी व्यावहारिक समस्याएं हैं। संसाधनों की कमी का सामना छोटे किसान ही करते हैं, जो छोटे-छोटे भू-भाग के बावजूद विशाल रकबे में फैले हैं। न तो उनके पास इतनी जमीन है कि ऋण लेकर मशीनें खरीदें और न ही सामर्थ्य। ऐसे में पराली निदान के लिए महंगी मशीनों में निवेश या कर्ज लेकर चुकाने की हैसियत भी आड़े आती है। खेती मौसम पर निर्भर है। महज एक-दो दिन बिगड़ा मौसम महीनों की मेहनत पर पानी फेर देता है। इसी चलते भी किसान तुरंत पराली जलाने को मजबूरी बताते हैं। छोटे-बड़े सभी किसानों को अगली फसल की बुवाई की ताबड़तोड़ तैयारी और मौसम का डर सताता है। किसान मानते हैं कि दूसरी फसल के लिए बहुत कम वक्त मिलता है। ऐसे में छोटे किसानों के सामने सरकारी मदद की खानापूर्ति और तमाम बाधा, असमंजस के चलते भी नुकसान जानकर भी पराली जलाने का अपराध करना मजबूरी बन जाता है। अब रोजाना दिल्ली और सटे राज्यों में हवा की फिजा बदलेगी। खुलकर सांस लेना और मुश्किल होगा। हवा की बिगड़ती गुणवत्ता इस साल के नए रिकॉर्ड छुएगी। प्रदूषण अभी इतनी बदतर स्थिति में जा पहुंचा है कि सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ ने मॉर्निंग वॉक पर जाना बंद कर दिया। ऐसे में आमजन की सुध पर सरकारी तंत्र की कोशिशों पर ही सबका ध्यान जाएगा। अदालत भी मानती है कि केंद्र और राज्यों को याद दिलाने का यही वक्त है कि भारतीय संविधान के भाग-3 में मौजूद अनुच्छेद 21 के तहत लोगों को प्रदूषण मुक्त वातावरण में रहने का मौलिक अधिकार है। दिल्ली का वायु प्रदूषण दशकों पुराना मुद्दा है। वर्ष 1985 में ही इसके खिलाफ आवाज उठी थी, जब कीर्ति नगर जैसे घने रिहायशी इलाके में एक फर्टिलाइजर प्लांट की ज़हरीली हवा लोगों को बीमार करने लगी। तब एक वकील एम.सी. मेहता ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई।

कुछ अलग

# ऑनलाइन फरेब

**ऑनलाइन** फरेब की दुनिया में हाल ही में नया शब्द जुड़ा है डिजिटल गिरफ्तारी। पहली नजर में विज्ञान कथा जैसा लगने वाला शब्द फिलहाल वास्तविक जीवन के लिये खतरा बनता जा रहा है। वे सरकारी आंकड़े डराने वाले हैं कि इस साल की पहली तिमाही में नागरिकों से इस धोखाधड़ी के जरिये एक अरब बीस करोड़ की ऑनलाइन लूट हुई। बीते रविवार को मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा इस संकट का जिक्र करने के बाद यह मुद्दा राष्ट्रीय विमर्श में आ गया। उन्होंने देशवासियों से इस भय से मुक्त होने का आह्वान किया और कहा कि उन्हें इससे बचने के लिये सजगता का मंत्र अपनाना है। उन्होंने लोगों से कहा कि वे घबराएं नहीं। साथ ही कहा कि सरकारी एजेंसियां कभी व्हाट्स ऐप या स्काइप आदि माध्यमों के जरिये नागरिकों से संवाद नहीं करती हैं। ये एजेंसिया कभी भी पैसे की मांग नहीं करती हैं। तेजी से पनप रहे इस संकट से बचने के लिये उन्होंने मंत्र दिया कि रुको, सोचो और एक्शन लो। दरअसल, भयादोहन करके लोगों को लूटने वाले व्हाट्स ऐप आदि से कॉल करके डराते हैं कि वे पुलिस, सीबीआई, आरबीआई या नारकोटिक्स विभाग से बोल रहे हैं। कभी कहा जाता है कि पकड़ी गई नशे की खेप में उनकी भूमिका है। कहा जाता है कि ड्रग्स वाले पार्सल जब्त होने के बाद यह सूचना दी जा रही है। उनसे कहा जाता है कि या तो वे मोटी रकम जमा करें या फिर परिणाम भुगतने के लिये तैयार रहें। दरअसल, ये शातिर अपराधी यह दावा करते हैं कि ठगे जाने वाले व्यक्ति के बारे में वे बहुत कुछ जानते हैं। भय व अज्ञान के कारण बहुत सारे भोले-भाले लोग उनके बिछाए जाल में फंसकर मोटी रकम चुका देते हैं। यह विडंबना ही है कि नागरिकों को डिजिटली सशक्त करने के लिए भारत सरकार के महत्वाकांक्षी डिजिटल इंडिया कार्यक्रम ने सफलता तो पाई लेकिन लोगों को साइबर अपराधों के प्रति संवेदनशील भी बना दिया। कुछ महीने पहले एक बेहद चौंकाने वाला डिजिटल अरेस्ट का घटनाक्रम सामने आया। खुद को सीबीआई अधिकारी बताने वाले एक अंतर्राज्यीय गिरोह ने पद्मभूषण से सम्मानित और वर्धमान समूह के चेयरमैन एसपी ओसवाल से सात करोड़ रुपये की ठगी की थी। उन्हें दो दिनों तक डिजिटल भयचक्र में रखा गया। उन्हें किसी को फोन करने या संदेश भेजने से रोका गया। इतना ही नहीं जालसाजों ने वीडियो कॉल के जरिये सुप्रीम कोर्ट की फर्जी सुनवाई आयोजित की। कल्पना कीजिए इतने प्रभावशाली व्यक्ति को जब साइबर अपराधियों ने असहाय बना दिया, तो आम आदमी की क्या गति होगी? निस्संदेह, इससे बचने के लिये लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। खासकर उन बुजुर्गों को जो ऑनलाइन व्यवहार के प्रति ज्यादा जागरूक नहीं हैं। हालांकि, साइबर अपराधी नित नये धोखाधड़ी के हथकंडे अपना रहे हैं, लेकिन फिर भी जागरूकता बेहद जरूरी है। साइबर सुरक्षा एजेंसियों को सतर्कता, सजगता व तत्परता से ऐसे अपराधियों पर शिकंजा कसना होगा। नागरिक अनजान लोगों के फोन कॉल, ई-मेल या संदेश के प्रति सचेत रहें। उन्हें धैर्य के साथ सोचना होगा कि जिस कथित काल्पनिक अपराध के लिये उन्हें डराया-धमकाया जा रहा है क्या उससे वास्तव में उनका कोई लेना -देना है? यूं तो भय-आशंका का काल्पनिक चित्रण करके साइबर अपराधी लोगों की सोचने-समझने की क्षमता पर प्रहार करते हैं। लेकिन ध्यान रहे कि कोई कोर्ट या सरकारी एजेंसी तत्काल ऑनलाइन कार्रवाई नहीं करती और न ही पैसे की मांग करती है।

देश दुनिया से

# डमी स्कूलों से शिक्षा की गुणवत्ता का क्षय

**मेरे** पड़ोसी ने एक बार मुझसे बताया 'मेरा बच्चा स्कूल जाने में अपना वक्त और ऊर्जा बर्बाद नहीं करता। इसके बजाय, मैं उसे एक कोचिंग सेंटर में भेजता हूं, जो उसे वह तैयारी करवाते हैं जिसका महत्व है- मेरा मतलब है जेईई और नीट जैसी परीक्षाएं पास करने का 'कौशल' हासिल करना। और इस वास्ते उसके स्कूल के साथ एक व्यवस्था कर रखी है। भले ही वह पूरे साल अनुपस्थित रहे, फिर भी वह बोर्ड परीक्षाओं में बैठ सकता है। स्कूल इसका इंतजाम करता है।' उनके साथ मेरे संवाद के दौरान, मुझे उनके तर्क की तीव्रता का अहसास हुआ- उनका मानना है कि जीवन में केवल 'सफलता' ही मायने रखती है, और शिक्षा का कोई उच्च या महान लक्ष्य नहीं है। वह अकेले नहीं हैं, असल में, मेडिकल-इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश पाने के लिए मानकीकृत बना दिए गए इम्तिहान उत्तीर्ण करने के तर्क को हमारी चेतना पर हावी होने और 'व्यावहारिक' शिक्षा को हमारी धारणा को आकार देने में व्यापक इजाजत मिली हुई है। इसलिए जिसको हम सामान्य समझने लगे हैं- 'डमी स्कूलों' का अस्तित्व और लगभग हर इलाके में कोचिंग सेंटरों का एक साथ महिमामंडन – उसका जन्म होता चला गया। केवल इतना ही नहीं। ऐसा करके हम अपने बच्चों को शुरू से ही भ्रष्टाचार को आत्मसात करने के लिए भी प्रोत्साहित कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें भी पता है कि अगर स्कूलों और कोचिंग सेंटरों के बीच उचित 'सेटिंग' या किसी तरह का 'घालमेल' है, तो वे एक भी कक्षा में उपस्थित हुए बगैर भी बोर्ड परीक्षा में बैठ सकते हैं। बेशक, सीबीएसई और राज्य बोर्ड भी इस कुप्रथा से अवगत हैं, और कभी-कभार, इन डमी स्कूलों के खिलाफ नाममात्र के कुछ छापे या दंडात्मक उपायों के बारे में सुनते हैं। लेकिन फिर, इस भ्रष्टाचार का मुकाबला तब तक नहीं किया जा सकता जब तक कि हम निम्नलिखित के बारे में कुछ गहन और ठोस कदम न उठाएं: सबसे पहले, हमारे लिए –यानी वयस्क और माता-पिता- खुद को शिक्षित करना और शिक्षा को लेकर और अपने बच्चों के लिए 'सफलता' के अर्थ के बारे में अपनी समझ को विस्तृत बनाना महत्वपूर्ण है। बेशक, यह अच्छा है अगर हमारे बच्चे भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित और जीव विज्ञान सीखें, इसमें कोई बुराई नहीं है अगर वे इन विषयों की पहेलियों को हल करना सीखते हैं- जल्दी, फुर्ती और चतुराई से। लेकिन फिर, यह 'कौशल' केवल उस चीज़ का अंश मात्र है जिसे सभी महान शिक्षक वास्तव में सार्थक, समग्र और जिंदगी बनाने वाली शिक्षा मानते हैं। गहन स्तर पर, शिक्षा का मतलब है सीखना, देखना और जिस दुनिया में हम विचरते हैं, उसे समझने की तमाम प्रमुख क्षमताओं का विकास करना– जैसे कि, आलोचनात्मक सोच को तेज करने के लिए बौद्धिक अनुभूति और तर्क करने की शक्ति, मानवीय भावनाओं और संवेदनाओं की गहरी समझ बनाने के लिए कलात्मक और सौंदर्य बोध संबंधी संवेदनशीलता का विकास, मिल-जुलकर काम करने की भावना और भाईचारा, सहयोग और एकजुटता का महत्व समझना, और सबसे बढ़कर, बृहद पारिस्थितिकीय तंत्र से जुड़ाव की कला। लेकिन फिर, जब हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे बाकी सब भूल जाएं, पूरी तरह से एकल-आयामी बन जाएं, केवल मानकीकृत परीक्षणों को पास करने वाली रणनीतिक तकनीकों को अपनाएं, तो ऐसा करके हम उनके शारीरिक, मानसिक और नैतिक स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान पहुंचाते हैं। वे एक खुदगर्ज/अहंकारी प्रतिस्पर्धी बनकर रह जाते हैं, और वह खो देते हैं जो संवेदनशील और संवादकारी प्राणी के रूप में विकसित होने के लिए वास्तव में महत्वपूर्ण है- अच्छे शिक्षकों की संगति जो उत्प्रेरक के रूप में कार्य करते हैं, संगी-साथियों के साथ मिलकर काम करने का अनुभव और पुस्तकें और शिल्पकला, रंगमंच और फुटबॉल का आनंद, सिद्धांत और व्यवहार के माध्यम से दुनिया को जानना। खैर, मेरा 'व्यावहारिक' पड़ोसी कह सकता है कि अगर उसका बेटा किसी आईआईटी में दाखिला ले लेता है और आखिरकार उसे एक आकर्षक 'पैकेज' मिल जाए तो अंत में सब कुछ 'सही'। लेकिन फिर, यह 'सफलता' किस काम की, यदि वह अंदर से जख्मी, टूटा हुआ और अलग-थलग रहे? इसका मतलब यह नहीं है कि हमारे स्कूल अनिवार्य रूप से वह समग्र शिक्षा और शुचितापूर्ण ज्ञान देने में सक्षम हैं, जिसकी मैं बात कर रहा हूं।



वास्तव में, कुछ उल्लेखनीय अपवादों को छोड़कर, हमारे स्कूल हमारे बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ रचनात्मक रूप से सूक्ष्म और गहरी आलोचनात्मक शिक्षा का आनंद उठाने के लिए प्रेरित करने में विफल रहते हैं। इसके बजाय, आधिकारिक पाठ्यक्रम का बोझ, समयसारिणी का अत्याचार, भीड़भाड़ वाली कक्षा में शिक्षक का एकालाप, विज्ञान विषय के मुकाबले मानव विज्ञान को दोयम मानना, साप्ताहिक और वार्षिक परीक्षाओं का जंजाल, और सबसे बढ़कर, 'टॉपर्स' बनाना एकमात्र लक्ष्य-ब्रांडेड कोचिंग सेंटर वह प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं जिसका सही मायने में ठोस विकल्प बनने में हमारे विद्यालय विफल रहे हैं। संभवतः, कोचिंग सेंटर- जैसा कि मेरे पड़ोसी जैसे व्यावहारिक माता-पिता की सोच है- यह बेहतर ढंग से करते हैं क्योंकि ये दुकानें बच्चे के समग्र विकास को पल्लवित करने का भ्रम नहीं पालती, बल्कि, सिर्फ जेईई और नीट जैसी परीक्षाओं को क्रैक करने के लिए एमसीक्यू हल करने की तकनीकों पर ध्यान केंद्रित करती हैं। क्या यही कारण है कि हमारे स्कूल आत्मसमर्पण कर चुके हैं और पूरी तरह से असहाय होकर देख रहे हैं कि कैसे कोचिंग उद्योग युवाओं और उनके माता-पिता की चेतना पर कब्जा कर रहा है? ऐसा लगता है कि डमी स्कूलों की वृद्धि रोके नहीं रुकेगी। बेशक ऐसे विद्यालय भी हैं जहां जीवन-निर्वाह संस्कृति सिखाई जाती है, लेकिन भेड़चाल बन चुकी इस प्रवृत्ति को बदलना तब तक संभव नहीं, जब तक कि हम पेशेवर और उच्च शैक्षणिक पाठ्यक्रमों के लिए युवाओं के चयन के तौर-तरीकों में बदलाव नहीं करते। जेईई, नीट और सीयूईटी जैसी बेहद समस्याग्रस्त मानकीकृत परीक्षाओं को दिए जा रहे महत्व ने स्कूल में छात्र के सीखने और प्रदर्शन का अवमूल्यन किया है। इसलिए विद्यालय में दिखाए जाने वाले प्रदर्शन को भी समान महत्व देना जरूरी है।

आप का नजरिया

# भारत-चीन संबंधों में सुधार की पहल

**भारत** और चीन द्वारा वास्तविक नियंत्रण रेखा पर 2020 से पहले की स्थिति को फिर से बहाल करने पर सहमत होना दोनों देशों के संबंधों में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सीमा से संबंधित दशकों से स्थापित व्यवस्था तथा उनके आधार पर दोनों देशों के बीच विश्वास बढ़ाने के प्रयासों को 2020 में चीन की आक्रामकता से बड़ा झटका लगा था। गलवान में हुई हिंसक झड़प में कई भारतीय और चीनी सैनिकों की मौत भी हुई थी। उस घटना के बाद से सीमा पर तनातनी बढ़ती गयी तथा बड़ी संख्या में दोनों देशों ने अपने सैनिकों को तैनात किया। फिर भी भारत ने अपनी संप्रभुता, संयुक्त राष्ट्र चार्टर आदि को ध्यान में रखते हुए कूटनीति और संवाद का सिलसिला जारी रखा। सैन्य अधिकारियों के अलावा हमारे विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार चीन के अपने समकक्ष पदाधिकारियों से मिलते रहे। दोनों देशों के बीच सैनिक अधिकारियों की जो कार्यसमिति है, उसकी कई बैठकें हो चुकी हैं। साथ ही, कूटनीतिक और सैन्य अधिकारियों की संयुक्त समिति की बैठकें भी होती रही हैं। इन प्रयासों से तनाव को समाप्त करने में धीमी गति से प्रगति होती रही। इसका एक कारण यह है कि चीन भारत को एक प्रतिद्वंद्वी की तरह देखता है तथा यह समझता है कि उसे नियंत्रित करने में भारत अमेरिका को सहयोग देता है। पर वास्तव में भारत की नीति स्पष्ट है कि हम किसी भी देश के विरुद्ध नहीं हैं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर समावेशी माहौल होना चाहिए तथा स्थापित नियमों का पालन सभी देशों को करना चाहिए। इस प्रकरण में भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत हुई है। यह दुनिया के उन देशों के लिए भी सबक है, जो युद्ध में हैं। यदि आप शांतिपूर्ण ढंग से बातचीत का क्रम बनाकर आगे बढ़ते हैं, तब समाधान निकल ही आता है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग की मुलाकात के बाद अब दोनों देशों के संबंधों में जमी बर्फ पिघलेगी। यहाँ से आवश्यक है कि चीन अपनी विश्वसनीयता को बनाए रखे। क्योंकि चीन के बारे में धारणा है कि वह कभी भी पलटी मार सकता है। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू चीन के साथ भाई-भाई का नारा लगाते रह गए थे और चीन ने भारत की पीठ में छुरा घोंप दिया था। बहरहाल, भारत और चीन दोनों एशिया की महाशक्तियां हैं। एशिया की भू-राजनीतिक स्थिति एवं विकास पर दोनों का गहरा प्रभाव है। इसलिए भी आवश्यक है कि दोनों देशों के बीच विश्वास का वातावरण बने और आपसी सहयोग की नीति बने। कहना होगा कि यहाँ से दोनों देशों के संबंध किस दिशा में आगे बढ़ते हैं, यह बहुत हद तक चीन के व्यवहार पर भी निर्भर करेगा। भारत तो सदैव से मित्रता और सह-अस्तित्व की भावना को लेकर आचरण करता है। यहाँ भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर के वक्तव्य का उल्लेखनीय है- "संबंधों के तीन आधार होते हैं- परस्पर सम्मान, परस्पर हित और परस्पर संवेदना"। निःसंदेह, अगर चीन इन पर ध्यान देता है, तो परस्पर सहयोग बढ़ेंगे। भारत तो इन तीनों आधारों को सदैव जीता है।



# त्यौहारी सीजन में ऑटो सेक्टर की खूब मौज, महिंद्रा एंड महिंद्रा किआ मोटर्स, हुंडई और मारुति सुजुकी ने की एसयूवी की रिकार्ड बिक्री

मुंबई, 03 नवंबर (एजेंसियां)।

अक्टूबर के महीने में त्यौहारों के दौरान भारत के ऑटो सेक्टर में जबरदस्त वृद्धि देखी गई है। विशेष रूप से, स्पेशल यूटिलिटी व्हीकल्स (एसयूवी) की बिक्री में उल्लेखनीय बढ़ोत्तरी हुई है।

देश की बढ़ती अर्थव्यवस्था और उपभोक्ताओं की बदलती प्राथमिकताओं के चलते ग्राहक अब अपग्रेडेड मॉडल्स पर स्विच करने को प्राथमिकता दे रहे हैं। महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम), किआ मोटर्स, हुंडई और मार्केट बादशाह मारुति सुजुकी जैसी प्रमुख कार निर्माता कंपनियों ने अक्टूबर में एसयूवी की बिक्री में बढ़ोतरी हुई है। एमएंडएम के ऑटोमोटिव डिवीजन के प्रमुख ने बताया कि कंपनी ने अक्टूबर में 54,504 यूनिट्स की बिक्री की, जो 25 प्रतिशत की वृद्धि है। उन्होंने कहा, कुल बिक्री में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ एमएंडएम 96,648 वाहनों की बिक्री की।

कंपनी की शुरुआत बेहद शानदार रही जब थार रॉक्स को पहले 60 मिनट में ही 1.7 लाख बुकिंग मिलीं। त्यौहारी सीजन के दौरान एसयूवी पोर्टफोलियों में यह तेजी बनी रही। किआ इंडिया ने भी माह 28,545 यूनिट्स की डिलीवरी की, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 21,941 यूनिट्स की तुलना में 30 प्रतिशत अधिक है। किआ ने 22,753 यूनिट्स की डिलीवरी की और 2,042 यूनिट्स का रिकॉर्ड निर्यात किया।

मारुति सुजुकी ने भी एसयूवी की बिक्री में 19.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जबकि हुंडई मोटर इंडिया ने अक्टूबर में 37,902 यूनिट्स की बिक्री की, जो कि उनकी अब तक की सबसे अधिक मासिक एसयूवी बिक्री है।

यह बिक्री का उछाल ऑटो सेक्टर के लिए खुशनुमा रहा है, क्योंकि पिछले दो वर्षों से नई कारों की मांग में धीमी वृद्धि देखी गई थी। इससे कार निर्माता कंपनियों को डीलरों को कम कारें भेजने और बिकी हुई कारों के बढ़ते स्टॉक के साथ ग्राहकों को अधिक छूट देने के लिए मजबूर होना पड़ा था।

किआ के बिक्री और विपणन प्रमुख ने कहा कि कंपनी बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए वाहन डिलीवरी को प्राथमिकता दे रही है और स्मार्ट इन्वेंट्री कंट्रोल के माध्यम से ग्राहकों को उनके पसंदीदा वाहनों की समय पर डिलीवरी सुनिश्चित कर रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### कोल इंडिया को उत्पादन उच्चस्तर तक बढ़ाना होगा: कोयला मंत्री रेड्डी



**नई दिल्ली।** कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा कि कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) को भविष्य में उत्पादन को उच्चस्तर तक बढ़ाना होगा। सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई अपने 50वें वर्ष में प्रवेश कर गई है। घरेलू कोयला उत्पादन में सीआईएल का योगदान 80 प्रतिशत से अधिक है। कोयला मंत्रालय के एक बयान के अनुसार रेड्डी ने कहा कि देश में कोयले का उत्पादन अभी अपनी पूरी क्षमता तक नहीं पहुंचा है। उन्होंने सीआईएल से उत्पादन को और भी अधिक बढ़ाने का आग्रह किया। रेड्डी ने कहा कि महंगे आयात से बचने के लिए घरेलू स्रोतों से उत्पादन महत्वपूर्ण है। कोल इंडिया को भविष्य में उत्पादन को और अधिक बढ़ाना होगा। सीआईएल एक नवंबर, 1975 को राष्ट्रीयकृत कोकिंग कोयला और गैर-कोकिंग कोयला खदानों की शीर्ष होल्डिंग कंपनी के रूप में अस्तित्व में आई थी। बयान के अनुसार, 1975-76 के दौरान 8.9 करोड़ टन उत्पादन करने वाली महारत्न कोयला कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में 8.7 गुना वृद्धि के साथ 77.36 करोड़ टन उत्पादन किया।

### अक्टूबर में 7 बैंकों ने एफडी ब्याज दरों में संशोधन किया, 8.8 फीसदी तक ब्याज कमाने का मिलेगा मौका




**नई दिल्ली।** अक्टूबर 2024 में शिवॉलिक स्मॉल फाइनेंस बैंक, इंडसइंड बैंक, फेडरल बैंक, पंजाब एंड सिंध बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और पंजाब नेशनल बैंक सहित 7 बैंकों ने अपनी एफडी ब्याज दरों में संशोधन किया है। शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक ने 24 अक्टूबर को बैंक ने ब्याज दरों में बदलाव किया था। बैंक की तरफ से एफडी पर ग्राहकों को 3.5 फीसदी से 8.3 फीसदी तक का ब्याज जबकि वरिष्ठ नागरिकों को बैंक की तरफ से 4 फीसदी से लेकर 8.8 फीसदी तक का ब्याज दिया जा रहा है। सबसे ज्यादा ब्याज 18 महीने से 24 महीने की अवधि की एफडी पर दिया जा रहा है, जो आम ग्राहकों के लिए 8.30 फीसदी और वरिष्ठ नागरिकों के लिए 8.80 फीसदी है। इंडसइंड बैंक ने 7 अक्टूबर को बैंक ने ब्याज दरों में बदलाव किया था। बैंक की तरफ से आम ग्राहकों को एफडी पर 3.5 फीसदी से लेकर 7.75 फीसदी जबकि वरिष्ठ नागरिकों 4 फीसदी से लेकर 8.25 फीसदी तक तक का ब्याज दिया जा रहा है। सबसे ज्यादा ब्याज 1 साल से 2 साल तक की टैन्योर वाली एफडी कराने पर दिया जा रहा है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की नई दरें 16 अक्टूबर से लागू हैं। बैंक की तरफ से ग्राहकों को 3 फीसदी से लेकर 7.75 फीसदी तक का ब्याज ऑफर किया जा रहा है। बैंक की तरफ से सबसे ज्यादा ब्याज 7.75 फीसदी 400 से 500 दिन की अवधि की फिक्स्ड डिपॉजिट पर दिया जा रहा है। फेडरल बैंक की नई एफडी दरें 16 अक्टूबर से लागू हैं। बैंक की तरफ से ग्राहकों को 3 फीसदी से लेकर 7.4 फीसदी तक का ब्याज दिया जा रहा है। सबसे ज्यादा ब्याज 777 दिन की अवधि की एफडी पर 7.40 फीसदी ऑफर किया जा रहा है।

# शहरी क्षेत्र में मांग कम होने से एफएमसीजी कंपनियों के मुनाफे में गिरावट बढ़ा सकती हैं भाव

**कंपनियों के मुनाफे में सितंबर तिमाही में ऊंची उत्पादन लागत तथा खाद्य मुद्रास्फीति की वजह से गिरावट आई**



नई दिल्ली, 03 नवंबर (एजेंसियां)।

दैनिक जीवन में प्रतिदिन उपयोग में आने वाले सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली देश की प्रमुख कंपनियों के मुनाफे में सितंबर तिमाही में ऊंची उत्पादन लागत तथा खाद्य मुद्रास्फीति की वजह से गिरावट आई है। इससे अंततः शहरी क्षेत्रों में खपत प्रभावित हुई है। एफएमसीजी कंपनियों द्वारा उपयोग किए जाने वाले सामान जैसे पाम तेल, कॉफी और कोको के भाव बढ़ गए हैं। ऐसे में अब कुछ एफएमसीजी कंपनियों ने कीमतें बढ़ाने का संकेत दिया है। हिंदुस्तान यूनीलीवर (एचयूएल), गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल), मैरिको, आईटीसी और टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (टीसीपीएल) ने शहरी खपत में कमी पर चिंता जताई है। उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार एफएमसीजी क्षेत्र की कुल बिक्री में शहरी खपत की हिस्सेदारी 65-68 प्रतिशत रहती है। जीसीपीएल के एक अधिकारी ने दूसरी तिमाही के नतीजों की घोषणा के मौके पर कहा कि हमें लगता है कि यह एक अल्पकालिक झटका है और हम विवेकपूर्ण मूल्य वृद्धि और लागत को स्थिर करके मार्जिन को ठीक कर लेंगे। सिंथोल, गोदरेज नंबर-वन, हिट जैसे उत्पाद बेचने वाली जीसीपीएल ने भारत में तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और उपभोक्ता मांग में कमी के बावजूद एक स्थिर तिमाही प्रदर्शन किया है। खास बात यह है कि ग्रामीण बाजार, जो पहले पीछे थे ने शहरी बाजारों की तुलना में अपनी वृद्धि की रफ्तार को कायम रखा है। एक अन्य एफएमसीजी कंपनी डाबर इंडिया ने भी कहा कि सितंबर तिमाही में मांग का माहौल चुनौतीपूर्ण था, जिसमें उच्च खाद्य मुद्रास्फीति और शहरी मांग में कमी' शामिल थी। डाबर च्यवनप्राश, पुदीन हरा और रियल जूस बनाने वाली कंपनी ने तिमाही के दौरान मुनाफे में 17.65 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की है और यह 417.52 करोड़ रुपये रहा है। इस दौरान कंपनी की परिचालन आय 5.46 प्रतिशत घटकर 3,028.59 करोड़ रुपये रही है। हाल ही में नेस्ले इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने भी एफएमसीजी क्षेत्र में गिरावट पर चिंता जताई और कहा कि मध्यम खंड दबाव में है क्योंकि उच्च खाद्य मुद्रास्फीति ने घरेलू बजट को प्रभावित किया है। खाद्य मुद्रास्फीति में वृद्धि के बारे में उन्होंने कहा कि फल और सब्जियों तथा तेल की कीमतों में तेज उछाल आया है। अगर कंपनियों के लिए कच्चे माल की लागत का प्रबंधन मुश्किल हो जाएगा तो इससे कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है। जहां तक कॉफी और कोको की कीमतों का सवाल है, हम खुद एक मुश्किल स्थिति का सामना कर रहे हैं। नेस्ले इंडिया के पास मैगी, किट कैट और नेस्कैफे जैसे ब्रांड का स्वामित्व है।

कंपनी की बिक्री वृद्धि मामूली 1.2 प्रतिशत रही है। टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लि. (टीसीपीएल) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने भी कहा कि शहरी क्षेत्रों में उपभोक्ता खर्च प्रभावित हुआ है। सितंबर तिमाही के लिए कंपनी के नतीजों की घोषणा के मौके पर उन्होंने कहा कि मेरा मानना है खाद्य मुद्रास्फीति शायद हमारी सोच से अधिक है और इसका प्रभाव कहीं अधिक है। एचयूएल के एक प्रमुख अधिकारी ने कहा कि इस तिमाही में बाजार की मात्रा वृद्धि सुस्त रही है। स्थिति बिल्कुल स्पष्ट है कि हाल की तिमाहियों या तिमाही में शहरी वृद्धि प्रभावित हुई है। ग्रामीण क्षेत्र में धीमी वृद्धि जारी है और अब पिछली कुछ तिमाहियों से यह शहरी क्षेत्र से आगे है और इस बार भी शहरी क्षेत्र से आगे है। एचयूएल के पास सर्फ, रिन, लक्स, पॉन्ड्स, लाइफबॉय, लक्मे, ब्रुक बॉन्ड, लिप्टन और हॉर्लिक्स जैसे ब्रांड का स्वामित्व है। सितंबर तिमाही में एचयूएल के मुनाफे में 2.33 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। इसी तरह मैरिको ने भी मांग में सालाना आधार पर ग्रामीण क्षेत्र में शहरी क्षेत्र की तुलना में दोगुना वृद्धि दर्ज की है। एक अन्य एफएमसीजी कंपनी आईटीसी ने लागत में बढ़ोतरी की वजह से मार्जिन में 0.35 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की है।

# फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर निर्णय, वैश्विक रुख से तय होगी बाजार की चाल



नई दिल्ली, 03 नवंबर (एजेंसियां)।

**भू-राजनीतिक दबाव और कच्चे तेल की कीमतें भी बाजार को प्रभावित करेंगी**

बीते सप्ताह लगभग आधा फीसदी की तेजी में रहे घरेलू शेयर बाजार इस सप्ताह अमेरिका में पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव, फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर निर्णय, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की गतिविधियों और घरेलू कंपनियों के तिमाही नतीजे शेयर बाजारों की चाल तय करेंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विशेषज्ञों ने कहा कि यह सप्ताह काफी घटनाक्रमों वाला रहेगा। सप्ताह के दौरान कई वृहद आर्थिक आंकड़े आने हैं, जो बाजार की दिशा के लिए महत्वपूर्ण होंगे। इसके अलावा वैश्विक रुख से भी बाजार को दिशा मिलेगी। बाजार के विशेषज्ञों ने कहा कि यह सप्ताह वैश्विक मोर्चे पर घटनापूर्ण होने वाला है। पांच नवंबर को होने वाला अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव पर सभी की नजरें हैं। इसके अलावा अमेरिकी एफओएमसी (फेडरल ओपन मार्केट कमेटी) की बैठक महत्वपूर्ण होगी। भू-राजनीतिक दबाव और कच्चे तेल की कीमतें भी बाजार को प्रभावित करेंगी। उन्होंने कहा कि घरेलू मोर्चे पर दूसरी तिमाही के नतीजों का अंतिम चरण काफी महत्वपूर्ण रहने वाला है। साथ ही सभी की निगाह विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के रुख पर रहेगी। बाजार के एक अन्य जानकार ने कहा कि बाजार का परिदृश्य अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव और एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण पीएमआई, सेवा पीएमआई, फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर निर्णय, अमेरिकी एसएंडपी ग्लोबल कम्पोजिट पीएमआई, ग्लोबल सेवा पीएमआई और बैंक ऑफ इंग्लैंड (बीओई) के ब्याज दर पर निर्णय से दिशा लेगा। प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज बीएसई और एनएसई ने एक नवंबर को दिवाली के अवसर पर एक घंटे का विशेष मुहूर्त कारोबार आयोजित किया, जो नए संवत 2081 की शुरुआत का प्रतीक है। इस सप्ताह निवेशकों की निगाह अमेरिकी बाजार के घटनाक्रमों पर रहेगी।

# वैश्विक रुख का बाजार पर रहेगा असर

मुंबई, 03 नवंबर (एजेंसियां)।

मध्य-पश्चिम में तनाव कम होने, भारत-चीन संबंधों में सुधार की उम्मीद, कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) के मजबूत निवेश प्रवाह की बदौलत बीते सप्ताह करीब आधे प्रतिशत की तेजी में रहे सेंसेक्स और निफ्टी पर अगले सप्ताह वैश्विक रुख का असर रहेगा।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 321.83 अंक अर्थात 0.4 प्रतिशत की तेजी के साथ सप्ताहांत पर 79724.12 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 123.55 अंक यानी 0.51 प्रतिशत उछलकर 24304.35 अंक पर बंद हुआ।

समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के मुकाबले मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में अधिक लिवाली हुई। इससे मिडकैप 831.6 अंक अर्थात 1.82 प्रतिशत मजबूत होकर सप्ताहांत पर 46284.43 अंक और स्मॉलकैप 3286.94 अंक यानी 6.3 प्रतिशत की छलांग लगाकर 55622.60 अंक हो गया।विश्लेषकों के अनुसार, घरेलू बाजार ने बीते सप्ताह त्योहारी सीजन के साथ सकारात्मक बदलाव के शुरुआती संकेत दिखाए। डीआईआई के लगातार जारी निवेश और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से इस तेजी को बल मिला। मध्य-पश्चिम में तनाव कम होने और भारत-चीन संबंधों में सुधार की उम्मीदों से बाजार की धारणा और मजबूत हुई। इसके अलावा सितंबर के लिए कोर इंफ्रास्ट्रक्चर आउटपुट आंकड़ों में सुधार ने इंफ्रा और कैपिटल गुड्स शेयरों को समर्थन प्रदान किया। हाल ही में तेज सुधार के बाद मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में सौदेबाजी देखी गई।

# विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने अक्टूबर में भारतीय शेयर बाजार से निकाले 94,000 करोड़

नई दिल्ली, 03 नवंबर (एजेंसियां)।



विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अक्टूबर में भारतीय शेयर बाजार से 94,000 करोड़ रुपये लगभग 11.2 अरब अमेरिकी डॉलर निकाले हैं। इस तरह यह एफपीआई की निकासी के मामले में सबसे खराब महीना रहा है। घरेलू बाजारों में ऊंचे मूल्यांकन तथा चीन के शेयरों के आकर्षक मूल्यांकन की वजह से एफपीआई भारतीय बाजार में बिकवाल बने हुए हैं। इससे पहले विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने मार्च, 2020 में शेयरों से 61,973 करोड़ रुपये निकाले थे। एफपीआई ने इस ताजा निकासी से पहले सितंबर में शेयरों में 57,724 करोड़ रुपये निवेश किए थे। यह उनके निवेश का नौ माह का उच्चस्तर था। अप्रैल-मई में 34,252 करोड़ रुपये निकालने के बाद जून से एफपीआई लगातार लिवाल रहे थे। बाजार के जानकारों ने कहा कि भविष्य में भू-राजनीतिक घटनाक्रम, ब्याज दरों में उतार-चढ़ाव, चीनी अर्थव्यवस्था में प्रगति और अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे जैसे वैश्विक घटनाक्रम भारतीय शेयरों में विदेशी निवेश को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि घरेलू मोर्चे पर मुद्रास्फीति का रुख, कंपनियों के तिमाही नतीजे और त्योहारी मांग के आंकड़ों पर एफपीआई की नजर रहेगी। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार एफपीआई ने अक्टूबर में 94,017 करोड़ रुपये की निकासी की है। पूरे महीने में सिर्फ एक दिन एफपीआई लिवाल रहे हैं। इस तरह 2024 में शेयरों में उनका कुल निवेश घटकर 6,593 करोड़ रुपये रह गया है। एफपीआई की बिकवाली की वजह से प्रमुख सूचकांक अपने शीर्ष स्तर से करीब आठ प्रतिशत नीचे आ गए हैं। आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने समीक्षाधीन अवधि के दौरान बॉन्ड से सामान्य सीमा के माध्यम से 4,406 करोड़ रुपये निकाले हैं और स्वैच्छिक प्रतिधारण मार्ग (वीआरआर) से 100 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

## आदिवासियों की...

अमित शाह ने कांग्रेस को पिछड़ा विरोधी बताते हुए कहा कि इनकी सरकारों ने कभी इस वर्ग को उसके वाजिब अधिकार नहीं दिए। जबकि भारतीय जनता पार्टी ने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक मान्यता दी और 27 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया।उन्होंने कहा कि झारखंड की बहन-बेटियों के साथ घुसपैठियों ने जो अन्याय किया है, उसे रोकने में झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल के गठबंधन की सरकार नाकाम रही है। घुसपैठियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अब चैन की नींद लेना बंद कर दो, जमीन हड़पना बंद कर दो। झारखंड में भाजपा की सरकार बनेगी और हम कानून बनाकर झारखंड के भोले-भाले आदिवासियों को उनकी जमीन वापस कराएंगे। ऐसा कानून बनाएंगे कि उसे पिछली तारीख से लागू किया जाए। घाटशिला के बाद हजारीबाग के बरकट्ठा में सभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने घुसपैठ, भ्रष्टाचार, महिलाओं की सुरक्षा के साथ-साथ युवाओं के रोजगार के मुद्दे को उठाया। रोजगार पर उन्होंने कहा कि राज्य में पेपर लीक हो रहे हैं। ये कौन कर रहा है। सीएम हेमंत के चट्टे-बट्टे की इस काम में लगे हुए हैं। कहा कि राज्य में नौकरी की उम्मीद में 17 युवा जान गंवा दिए, लेकिन इनके चेहरे पर शिकन तक नहीं आई। हेमंत सोरेन की ओर से एक लाख 36 हजार करोड़ रुपए मांगे जाने पर कहा कि जब केंद्र में यूपीए की सरकार थी तब राज्य को कितना मिला था, यह पता करने वाली बात है। इस दौरान उन्होंने जनता को भाजपा की योजनाओं से भी अवगत कराया।इससे पहले रांची में सुबह भाजपा ने अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया। खास बात है कि भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को ध्यान में रखकर 150 संकल्प जारी किया गया है। इसमें 300 यूनिट बिजली फ्री, 500 रुपए में गैस सिलेंडर और सवा करोड़ घरों को सोलर ऊर्जा से जोड़ने का ऐलान किया किया गया है। साथ ही महिलाओं को गोगो दीदी योजना के तहत हर माह 2100 रुपए देने का वादा किया गया है। संकल्प पत्र केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जारी किया। संकल्प पत्र को जारी करते हुए अमित शाह हेमंत सोरेन सरकार पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि ये संकल्प पत्र लोगों की उम्मीदों को पूरा करेगा। हमरा ट्रैक रिकार्ड है, जो हम कहते हैं वो करते हैं। यह चुनाव झारखंड के भविष्य का चुनाव है।

## सात नवंबर तक...

पिछले साल प्रधानमंत्री शेख हसीना से मुलाकात के बाद गौतम अडाणी ने ट्विटर पर तस्वीर शेयर की थी। उन्होंने लिखा था, 1600 मेगावाट के अल्ट्रा सुपर-क्रिटिकल गोड्डा पावर प्लांट के फुल लोड शुरुआत और हैंडओवर पर बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से मुलाकात करके सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मैं भारत और बांग्लादेश की समर्पित टीमों को सलाम करता हूं, जिन्होंने कोविड का सामना करने के बाद भी साढ़े तीन साल के रिकॉर्ड समय में प्लांट को चालू कर दिया।

## श्रीनगर के संडे...

सुरक्षा बलों से आग्रह किया कि वे इन हमलों की श्रृंखला को समाप्त करने के लिए हर संभव प्रयास करें ताकि लोग बिना किसी डर के अपने जीवन को सामान्य रूप से जी सकें। उन्होंने सुरक्षा तंत्र को इस दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया, ताकि नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी नागरिकों को शांति से रहने का अधिकार है और प्रशासन इस अधिकार की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।श्रीनगर में पिछले 2 साल में यह दो दिन में लगातार दूसरी आतंकी वारदात है। 2 नवंबर को खान्यार इलाके में सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। एक घर में 2 से 3 आतंकी छिपे थे। सेना ने घर को बम से उड़ा दिया। इसमें एक पाकिस्तानी आतंकी मारा गया था। घटनास्थल से आतंकी की बॉडी और गोला-बारूद बरामद किए गए। हालांकि इस मुठभेड़ में 4 जवान भी घायल हुए थे। शनिवार को अनंतनाग में भी सुरक्षाबलों ने एनकाउंटर में 2 आतंकियों को ढेर किया था। एक की पहचान जाहिद राशिद के रूप में हुई। वहीं दूसरा अरबाज अहमद मीर था। दोनों को पाकिस्तान में ट्रेनिंग मिली थी।

बताते चलें कि नेशनल कॉन्फ्रेंस के चीफ फारूक अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा था- जम्मू-कश्मीर में सरकार बनने से पहले आतंकी हमलों में तेजी क्यों नहीं आई। इसकी जांच होनी चाहिए कि यह कौन कर रहा है। अब्दुल्ला ने कहा कि श्रीनगर के खान्यार में मौजूद आतंकी को मारा नहीं जाना चाहिए, बल्कि उन्हें गिरफ्तार करना चाहिए, ताकि पता लगाया जा सके कि क्या उमर सरकार को अस्थिर करने का काम किसी एजेंसी को सौंपा गया है। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद फल-फूल रहा था। आतंकवाद अपने सबसे निचले स्तर पर था, इसलिए मैं जांच की मांग कर रहा हूं।

## सुरक्षा बलों ने...

उसके खुलासे पर एक पिस्तौल, 12 राउंड और दो हथगोले बरामद किए गए।पुलिस ने कहा कि 29 अक्टूबर को दानिश बशीर अहंगर नाम के एक अन्य आतंकवादी को भी गिरफ्तार किया गया और उसके पास से कुछ हथियार तथा गोला-बारूद भी बरामद किया गया।

## योगी को ...

इस मामले में यूपी पुलिस के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि मुंबई पुलिस इसकी जांच कर रही है। शुरुआती जांच में यह भी पता चला है कि महिला मानसिक तौर पर स्वस्थ्य नहीं है। हालांकि सीएम योगी से जुड़ा मामला है, इसलिए मुंबई पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

## भारत ने की अपनी ...

श्री सिंह ने कहा है कि जैव विविधता के संरक्षण के मामले में भारत की प्रतिबद्धता का दूरगामी प्रभाव पड़ेगा। भारत की नई रणनीति और कार्य योजना में वर्तमान परिस्थितियों के कायाकल्प और परिस्थितिकीय प्रणाली आधारित दृष्टिकोण को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि इसके क्रियान्वयन में जमीनी स्तर पर प्रयास और जैव विविधता को राष्ट्र की मुख्यधारा में लाने, संबंधित क्षेत्र में समन्वय और विभिन्न एजेंसियों में सहयोग का दृष्टिकोण अपनाया जाएगा। कॉप-16 में जैव विविधता पर विशेष सम्मेलन को कोलंबिया के पर्यावरण उपमंत्री मॉरीशियो कैबरे, वहां की बहुपक्षीय मामलों की उप मंत्री कैन्दिया ओबेजो तथा सीबीडी की कार्यकारी सचिव शुमाकर और अन्य गणमन व्यक्तियों ने भाग लिया।

## यूपी चुनाव से ...

इस दौरान समाज के अलग-अलग वर्गों के बीच संघ के कार्यों और आगामी वर्षों के कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा हो रही है। ग्वालियर के केदारपुर धाम में दिवाली (31 अक्टूबर से 4 नवंबर तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्रशिक्षण वर्ग आयोजित है। इसमें आरएसएस के 31 संगठनों के 554 प्रचारक शामिल हुए हैं। इसमें वही कार्यकर्ता हिस्सा ले रहे हैं, जो सामाजिक जीवन के

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345



शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# तेलंगाना सरकार किसानों से धान का हर दाना खरीदने के लिए प्रतिबद्ध : सीताक्का

**मुलुगु (तेलंगाना), 03 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
तेलंगाना की पंचायत राज, ग्रामीण विकास, ग्रामीण जलापूर्ति और महिला एवं बाल कल्याण मंत्री डॉ. दानसारी अनसूया सीताक्का ने किसानों को भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार उनके द्वारा उत्पादित धान का हर दाना खरीदने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने रविवार को मुलुगु जिले में पाल उप-पल्ली रोड पर प्राथमिक कृषि सहकारी समिति (पीएसीएस) के 1,000 मीट्रिक टन गोदाम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उनके साथ महबूबाबाद की सांसद पारिका बलराव नाइक, जिला कलेक्टर दिवाकर टी.एस., पीएसीएस के अध्यक्ष सत्ती रेड्डी और पुस्तकालय के अध्यक्ष रवि चंदर भी मौजूद थे।



इस अवसर पर बोलते हुए मंत्री सीताक्का ने कहा कि सरकार ने अनाज खरीदने की व्यवस्था को अंतिम रूप दे दिया है। मुलुगु क्षेत्र में किसानों द्वारा पर्याप्त मात्रा में अनाज उत्पादन को देखते हुए, मांग को पूरा करने के लिए अतिरिक्त खरीद केंद्र स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पीएसीएस केंद्र और चावल मिलर्स सुचारू खरीद प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए किसानों के साथ मिलकर काम करेंगे।

मंत्री ने मुलुगु क्षेत्र में अनाज की आवक में मामूली देरी को स्वीकार किया, इसके लिए रसद संबंधी बाधाओं को जिम्मेदार ठहराया और अधिकारियों को शीघ्र खरीद के लिए विस्तृत योजना तैयार करने की सलाह दी। सीताक्का ने किसानों को गोदाम निर्माण की किसी भी आवश्यकता के बारे में जिला कलेक्टर को सूचित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने रोजगार गारंटी योजना के तहत 1,370 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ चेक डैम और अन्य सुविधाओं सहित कृषि के लिए बुनियादी ढांचे को बढ़ाने की योजनाओं पर प्रकाश डाला। इसके अतिरिक्त, आईटीडीए फंड से 50 करोड़ रुपये सड़क निर्माण और अन्य ग्रामीण विकास परियोजनाओं का समर्थन करेंगे। जिला कलेक्टर दिवाकर टीएस से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया कि रोजगार गारंटी योजना ग्रामीण श्रमिकों के लिए स्थायी लाभ पैदा करे, जीवन स्तर में सुधार करे और सार्थक रोजगार के अवसर प्रदान करे। आरडीओ वेंकटेश, डीसीओ सरदार सिंह, पीएसीएस के उपाध्यक्ष राजू और जिला राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष बादाम प्रवीण सहित अन्य अधिकारी भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।



**श्री जगन्नाथमठ माधवदास झीरा में भक्तों द्वारा पूजा-अंना कर दीपावली के पावन पर्व पर वृद्धाश्रम के दादा-दादिसों के साथ मिलकर उत्सव मनाया। इस अवसर पर मठाधिपति अच्युत रामानुजाचार्य अजय महाराज द्वारा विशेष पूजा की एवं यजमानों एवं मठ परिवार के लिए विशेषा प्रार्थना की। दीपावली के अवसर पर भगवान जगन्नाथ जी के भक्त नीरज सिंह यादव द्वारा वृद्धों एवं बटुक ब्राह्मणों की वस्त्र सेवा की।**

## बिहार अग्रवाल संघ का दीपावली स्नेह मिलन कल



**हैदराबाद, 03 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
बिहार अग्रवाल संघ का दीपावली स्नेह मिलन समारोह मंगलवार 5 नवंबर को सायं 6:30 बजे से ड्रीमलैंड गार्डन, बलमराय, सिकंदराबाद में आयोजन किया जा रहा है।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति के अनुसार दिवाली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सीआईएसएफ़-हैदराबाद एयरपोर्अ, हैदराबाद के डीआईजी शिवकुमार मोहनका (आईपीएस) को आमंत्रित किया गया। संघ के अध्यक्ष विकास केशन, सचिव भीम फिटकिरीवाला, कोषाध्यक्ष बिकी सराफ, संयुक्त सचिव अनूप झुनझुनवाला, कार्यक्रम संयोजक हरिमोहन सराफ, साजन सराफ, अर्जुन फिटकिरीवाला ने श्री शिवकुमार को बिहार अग्रवाल संघ के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बिहार अग्रवाल संघ, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश की स्थापना इसी वर्ष 2024 में हुई ।

वर्तमान में पूरे तेलंगाना और आंध्र प्रदेश से लगभग 250 सदस्य परिवार अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। बिहार अग्रवाल संघ का लक्ष्य सामाजिक गतिविधियों में सदस्यों को हर संभव तरीके से सहायता और सहयोग प्रदान करना है। संघ जरूरतमंदों को स्वास्थ्य देखभाल और बच्चों की शिक्षा सहायता प्रदान कर रहा है और गरीब और जरूरतमंद सदस्यों के लिए विवाह का आयोजन कर रहा है और इसी क्रम में बिहार अग्रवाल संघ के आगामी कार्यक्रमों में 14 जनवरी 2025 को पोंगल (मकर संक्रांति) की पूर्व संध्या पर शहर भर में लगभग 5,000 लोगों को अन्न प्रसाद वितरण करना, गौ सेवा (गाय का चारा) है। श्री शिवकुमार को बताया गया कि दि. 05 नवंबर को आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में लगभग 500 सदस्यों के शामिल होने की संभावना हैं इसलिए इस शुभ अवसर पर आपकी उपस्थिति से प्रसन्न और सम्मानित महसूस करेंगे।श्री शिवकुमार मोहनका ने संघ के कार्यों की भूरि-भूरि प्रंशसा की और कार्यक्रम में पधारने का आश्वासन दिया।



**महामंडेश्वर महन्त अमृत दास खाकी के सान्निध्य में जगन्नाथद्वारा मंदिर बेगम बाज़ार में अन्नकूट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महंत राहुल दास विंध्याचल ब्राह्मण सेवा संघ अध्यक्ष सुनील कुमार पाण्डेय, मंहत अरुण दास, महन्त मुन्नू स्वामी, महन्त अमित शाह, महन्त चेतनगिरी, महन्त माधव दास, गोपाल दरक, बिहारी लाल यादव, महेश गौतम, कमलेश द्विवेदी, विजय तोतला, गोपाल राठी, मनीष शर्मा, संतोष एवं अन्य उपस्थित होकर प्रसादी लाभ लिया।**

## हैदराबाद सांसद से भेंटकर गौसेवा कार्यों की दी जानकारी

**हैदराबाद, 03 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
लव फॉर काऊ फाउंडेशन के पदाधिकारियो ने हैदराबाद सांसद असदुद्दीन ओवैसी से भेटकर उन्हे फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे गौसेवा कार्यों की जानकारी दी।

आज यहां लव फोर काऊ फाउण्डेशन द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि आज हैदराबाद के सांसद एवं एआईएमआईएम. पार्टी के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी से उनके दारूसलाम स्थित कार्यालय मे लव फॉर काऊ फाउंडेशन के चेरमेन जसमत पटेल, मेनेजींग ट्रस्टी रिद्धीश जागीरदार, ट्रस्टी आर. के. जैन ने उन्हें स्मृति चिन्ह एवं शॉल द्वारा स्वागत किया गया और उन्हे गौसेवा मे सहयोग करने का निवेदन किया गया।




हैदराबाद सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने फाउंडेशन की गतिवीधीयो की जानकारी प्राप्त की और कहा कि हमे अच्छे कार्य करते रहना चाहिए, यह अल्लाह का सवाब (कार्य) है। उन्होने आगे कहा कि वह आगामी कुछ दिनो तक महाराष्ट्र एवं अन्य राज्यो के चुनाव कार्यक्रम मे व्यस्त है अतः चुनाव के पश्चात फिर मिलने का आह्वान किया।

अवसर पर जसमत पटेल ने उन्हे लव फोर काऊ फाउण्डेशन द्वारा गौसेवा कार्यों के प्रचार प्रसार तथा शहर की गौशालाओ की जानकारी दी।

उन्होने कहा कि संस्था सभी प्राणीयो से गौ के प्रति प्रेम भावना, गौसेवा करने का आह्वान करती है और गौशाला को कैसे स्वालंबी बनाया जाये इस पर कार्य करती है। यहाँ उल्लेखनीय है कि फाउंडेशन ने हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेया द्वारा पिछले कई वर्षो से आयोजित किये जाने वाले अलई वलई कार्यक्रम से प्रेरणा लेकर यह निर्णय लिया की हमे भी सभी पार्टी के नेताओ, मुख्यमंत्रियों, राज्यपाल, सामाजिक कार्यकर्ताओ, धर्म गुरूओ से भेट कर गौसेवा के लिए सहयोग करने की बात को रखना होगा और गौमाता को राष्ट्र माता के पद पर सुशोभित होने के संकल्प पर कार्य को गतिमान करना होगा। इसी के अंतर्गत इससे पूर्व तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी व अन्य कांग्रेस, बीआरएस नेताओ से भेट कर फाउंडेशन के लिए सहयोग करने के कार्य कर रही है।

## पार्षद राज लक्ष्मी ने कई छठ पूजा घाटों का किया निरीक्षण, पूर्ण सहयोग का दिया आश्वासन

### बिहार सहयोग समिति ने पिछले वर्षों से उत्तम व्यवस्था करने का किया प्रयास



**हैदराबाद, 03 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम की विनायक नगर की कारपोरेटर राज लक्ष्मी ने रविवार को बंडा चेरुवु, बतुकम्मा घाट, आनंद बाग, मल्काजगिरी के छठ पूजा का निरीक्षण किया। इस दौरान कारपोरेटर राज लक्ष्मी ने कहा कि भगवान भास्कर की अलौकिक एवं अहैतुकी कृपा से विगत कई वर्षों से छठ व्रतियों के लिए व्रत एवं सूर्य उपासना के लिए उत्तम स्थान एवं उत्तम व्यवस्था में संलग्न तेलंगाना बिहार सहयोग समिति ने इस वर्ष भी 07 नवंबर एवं 08 नवंबर 2024 को आनंद बाग लालवानी नगर बतकम्मा घाट पर छठ पूजा के लिए पूर्व से भी उत्तम व्यवस्था का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि बिहार सहयोग समिति छठ पूजा की व्यवस्था के लिए काफी दिन पहले से सक्रिय हैं। जीएचएमसी मल्काजगीरी द्वारा पूरा सहयोग किया जा रहा है।

बिहार सहयोग समिति के अध्यक्ष विनय कुमार यादव ने कहा कि व्रत लौकिक एवं लोकाचार की भाषा में नहाय खाय 05 नवंबर से प्रारंभ होकर अगले दिन खरना 06 नवंबर, 07 नवंबर को अस्ताचल गामी भगवान भास्कर के अर्ध्य एवं पूजा तथा 08 नवंबर को अपनी पूर्ण रश्मि और आभा के साथ उदित होते हुए सूर्य देव के अर्ध्य और पूजा के साथ संपन्न होगा।

## सीरवी समाज प्रीमियर लीग-7 क्रिकेट प्रतियोगिता व महिला वर्ग के खेल 10 से

**हैदराबाद, 03 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
सीरवी फ्रेन्डस् क्लब हैदराबाद द्वारा आयोजित सीरवी समाज प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के 7वें संस्करण तथा महिला वर्ग के खेलों का शुभारम्भ रविवार 10 नवम्बर को सीरवी समाज क्रिकेट ग्राउंड अलियाबाद एवं श्रेष्ठा क्रिकेट ग्राउंड अलियाबाद में आयोजित किया जाएगा। फ्रेन्डस् क्लब के सुरेश सैंणचा ने बताया कि हर वर्ष की भांति सीरवी समाज प्रीमियर लीग-7 का तथा इस प्रतियोगिता के साथ महिला वर्ग के खेलो का भव्य आयोजन 10 नवंबर को प्रातः 7.15 को मुख्य प्रायोजक वंडर वॉल पुट्टी की टीम तथा मुख्य अतिथियों द्वारा किया जायेगा। इस बार खेलों को लेकर महिला वर्ग खिलाड़ीयों में भारी उत्साह नजर आ रहा है।

क्रिकेट प्रतियोगिता मे कुल 18 टीमें भाग लेंगी। जिसमें आईजी बिरमगुड़ा, करमनघाट, एलबी नगर, नागोल वेरिस, संगारेड्डी, शमशाबाद, मेडचल जिडिमिटला, कापरा किंग्स, रामनगर, ऑल विन 11, बालनगर सिकंदराबाद, आईजी फैरडकलब, आईजी गुट्टा 11, हायतनगर, कुकटपल्ली, सैनिकपुरी, टीएमजी टाइटन्स होंगी। इस बार प्रतियोगिता में प्रत्येक टीम 5 लीग मैच खेलेगी तथा 4 क्वाटर फाईनल, 2 सेमीफाइनल और फाईनल मुकाबले खेले जाएंगे। क्रिकेट प्रतियोगिता के साथ साथ महिला वर्ग के खेलों में एथेलेटिक्स तथा पारंपरिक खेल शामिल होंगे। महिला वर्ग के सभी खेल सिरवी क्रिकेट ग्राउंड अलियाबाद शामिरपेट में आयोजित होंगे। यह प्रतियोगिता सिरवी फ्रेंड्स क्लब हैदराबाद तेलंगाना द्वारा आयोजित की जा रही है और फाईनल मुकाबला खेला जाएगा। भोजन की व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर की जाएगी। कार्यक्रम का लाईव टेलीकास्ट युट्युब चैनल पर किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सीरवी फ्रेन्डस् क्लब के सभी सदस्यों का विशेष सहयोग रहेगा। सभी सीरवी बन्धुओं से निवेदन है इस प्रतियोगिता मे अपना तन-मन-धन से सहयोग करके प्रतियोगिता को सफल बनाएं।

## बंगाली गोल्डस्मिथ एसोसिएशन द्वारा काली माता पूजा समारोह आयोजित



**हैदराबाद, 03 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
पूर्व मंत्री एवं सनतनगर विधायक तलसानी श्रीनिवास यादव ने कहा कि त्यौहार हमारी संस्कृति एवं परंपराओं का प्रतीक है। विवेकानंद छावनी के टिवोली गार्डन में बंगाली गोल्डस्मिथ एसोसिएशन द्वारा आयोजित काली माता पूजा समारोह में शामिल होते हुए उन्होंने उक्त उद्गार प्रकट किये। इस अवसर पर श्री तलसानी ने देवी के दर्शन और पूजा-अर्चना के बाद कहा कि भाषा और क्षेत्र अलग-अलग होने के बावजूद बंगाली समाज व्यवसाय और रोजगार के लिए तेलंगाना राज्य आए और रीति-रिवाजों और परंपराओं को भूलकर भी त्यौहारों को भव्य तरीके से मनाते हैं। उन्होंने वादा किया कि जिस किसी को भी किसी चीज की आवश्यकत होगी वह उनके लिए हाजिर रहेंगे।

कार्यक्रम में संचालक बिश्वनाद, सुजीत गोराई, तुषार सामंत, राजू पंडित, आनंद पाटिल, बीआरएस पार्टी नेता तलसानी स्काईलैब यादव, अथिली श्रीनिवास गौड़, श्रीहरि और अन्य उपस्थित थे।

## छठ महापर्व की तैयारियां जोरो पर, बिहार समाज सेवा संघ ने झोंकी ताकत

**हैदराबाद, 03 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
लोक आस्था के महापर्व छठ की तैयारियां हैदराबाद के हुसैन सागर किनारे संजीवैय्या पार्क स्थित बेबी पौण्ड में अंतिम चरण में है। तालाब की साफ सफाई और पक्के घाटों को चारो तरफ से रंग-रोगन किया जा चुका है। अब तालाब में स्वच्छ जल भरने का काम भी आज से आरंभ हो गया। बिहार समाज सेवा संघ कई वर्षों से यहां विधि-विधान से भव्य रुप में छठ पूजा का आयोजन करता आ रहा है।

बिहार समाज सेवा संघ के राष्ट्रीय चेयरमैन राजू ओझा ने बेबी पौण्ड का निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों को बताया कि संघ की पहल पर तेलंगाना सरकार ने अब इस तालाब को छठ पर्व के लिए अधिकृत कर दिया है। उन्होंने बताया कि छठ पर्व का अनुष्ठान इस वर्ष 05 नवंबर को नहाय-खाय के साथ आरंभ हो रहा है। अगले दिन यानि 06 नवंबर को व्रती खरना प्रसाद ग्रहण करने के बाद 48 घंटे का निर्जला उपवास शुरू करेंगे। तीसरे दिन यानि 07 नवंबर को अस्ताचलगामी सूर्य भगवान को संध्या अर्घ और 08 नवंबर को उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ प्रदान कर व्रती पारण करेंगे।




राजू ओझा ने बताया कि चार दिवसीय छठ व्रत अनुष्ठान करने वाले व्रतियों के लिए बाकी सुविधाओं को भी बिहार समाज सेवा संघ की ओर से प्रबंध किया जा रहा है। हरबल गार्डेन के पास बेबी पॉण्ड स्थित छठ घाट पर गन्ना, कच्ची हल्दी और अदरख का फ्री प्रबंध किया जा रहा है। इसी तरह 08 की सुबह व्रतियों के लिए गर्म पानी और चाय की व्यवस्था भी संघ की ओर से किया जाएगा। महिला व्रतियों के लिए कपड़े बदलने के लिए विशेष प्रबंध किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस बार के आयोजन में हैदराबाद बिहार अग्रवाल संघ की ओर से भी आयोजन को भव्य बनाने में सहयोग मिल रहा है।

उन्होंने बताया कि संजीवैय्या पार्क के सामने बेबी पॉण्ड पर इस बार छठ पर्व के दौरान बिहार-झारखंड समेत पूर्वांचल की सांस्कृतिक छठा का अनोखा नजारा दिखने वाला है। जहां भगवान सूर्य को परंपरागत तरीके से अर्घ देकर श्रद्धा निवेदित करने वाले व्रतियों और उनके परिजनों के लिए पारंपरिक व्यंजन और लोक-संगीत की अदभूत छटा का दर्शन होने वाला है। राजू ओझा ने बताया कि प्रयागराज के प्रसिद्ध गायक तिवारी बंधु ( सुजीत तिवारी एवं मंजित तिवारी) कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए पधार रहे हैं। इतना ही नहीं हैदराबाद के प्रसिद्ध गायक पवन पांडेय और श्याम शुक्ला अपनी मंडली के साथ छठ की छटा बिखेरेंगें।

उन्होंने उम्मीद जताई कि इस बार बेबी पौण्ड का छठ पूजा आयोजन दिव्यता और भव्यता के मामले में नया कीर्तिमान बनाएगा। इसके लिए बिहार समाज सेवा संघ और बिहार अग्रवाल संघ के सभी पदाधिकारी और सदस्य तन-मन-धन से जुटे हैं।

इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष मनीष तिवारी, सचिव विकास सिंह, कोषाध्यक्ष राधेश्याम प्रजापति, सांस्कृतिक संयोजक दीपक तिवारी, छठ पूजा प्रभारी प्रताप गौरव सिंह, पूजा समिति सदस्य राहुल यादव, राकेश सिंह, राजेश गौड़, रमन यादव और राकेश साहनी उपस्थित रहे।



**बजरंग सेना, तेलंगाना के अध्यक्ष एनआर लक्ष्मण राव ने रविवार को चारमीनार स्थित श्री भाग्यलक्ष्मी मंदिर का दौरा किया। अपने दौरे के दौरान लक्ष्मण राव ने देवी मां की आरती की और तेलंगाना के लोगों के लिए समृद्धि, शांति और कल्याण का आशीर्वाद मांगा।**

# कलम दवात कायस्थ समाज ने श्री चित्रगुप्त पूजा का किया भव्य आयोजन



**हैदराबाद, 03 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अति प्राचीन चित्रगुप्त मंदिर हैदराबाद के उपुगुड़ा, छतरी नाका इलाके में स्थित है। इस मंदिर की स्थापना 350 साल पूर्व की गई थी। निजाम के समय से ही कायस्थ परिवार के देवता श्री चित्रगुप्त भगवान के लिए चित्रगुप्त मंदिर का स्थापना किया गया था। हैदराबाद के सुप्रसिद्ध संस्था कलम दवात कायस्थ समाज इस मंदिर में 17वां साल चित्रगुप्त पूजा का आयोजन किया प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सुबह अभिषेक तत्पश्चात कलम दवात का पूजा और सांस्कृतिक, भजन, संगीत के साथ संपन्न हुआ ।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में संस्था के अध्यक्ष जीपी श्रीवास्तव पूर्व (सीआरपीएफ कमांडेंट) ने बताया की कायस्थ समाज हैदराबाद शहर में काफी संख्या में उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश से यहां बसे है। उन सभी को मिलाकर कलम दवात कायस्थ समाज की स्थापना की गई। इसके संस्थापक बी के करना और सह संस्थापक ज्योति प्रकाश लाल है।

17 साल से अनवरत रूप से किया जाने वाला कार्यक्रम इस साल भी अति भव्य रूप से मनाया गया। इस अवसर पर संस्था के महिला मंडल के सदस्या निवेदिता श्रीवास्तव, रंजना सिन्हा, रजनी श्रीवास्तव, अनु सिन्हा, दीप्ति सिन्हा, अनामिका कर्ण, किरण करना, कंचन श्रीवास्तव , प्रसंशा सिन्हा आदि ने मिलकर छठ गीत प्रस्तुत किया श्र हैदराबाद के सुप्रसिद्ध गायक पवन पांडे म्यूजिकल ग्रुप ने नए-नए भजन सुना कर लोगों का मन मोह लिया। चित्रगुप्त भगवान की आरती महासचिव सुनील श्रीवास्तव एवं सह सचिव पप्पू सिन्हा ने प्रस्तुत की। स्तुति ओमप्रकाश सिन्हा संजय सिन्हा अजय श्रीवास्तव इत्यादि लोगों ने मिलकर किया । ऋषभ श्रीवास्तव श्याम सिन्हा, काजल श्रीवास्तव सेजल श्रीवास्तव ,ज्योति श्रीवास्तव ने लोगों को महाप्रसाद वितरित करने में काफी सहयोग किया । अजय श्रीवास्तव और विजय श्रीवास्तव ने अगले साल के लिए भंडारा का भव्य आयोजन करने के लिए घोषणा की।

इस अवसर पर संस्था के संस्थापक बी के करना ने समाज को जागृत होने के लिए प्रेरित किया और 12 भाइयों को मिलकर एक अखंड चित्रगुप्त नाम का अष्टयाम आयोजित करने का संकल्प लियाश्र 14 जनवरी संक्रांति के अवसर पर सभी कायस्थ परिवार को एक बैनर के तले बुलाकर चित्रगुप्त देवालय के प्रांगण में मेला आयोजन करने का उद्घोषणा की श्र मेडचल से विकास कुमार श्रीवास्तव अरुण कुमार श्रीवास्तव ,अरविंद कुमार वर्मा अपनी पूरी टीम के साथ पूजा में उपस्थित हुए । कोषाध्यक्ष अनूप कुमार सिन्हा सभी परिवारों का डेटाबेस तैयार करके ऑनलाइन वेबसाइट पर डालने का प्रबंध करते हुए बताया कि अगली बार हैदराबाद में हजारों की संख्या में चित्रांश परिवार कार्यक्रम में उपस्थित होंगे । विजय विकाश अम्बष्ट और कंचन श्रीवास्तव ने मंच संचालित करते हुए पूजा की विशेषता और भजन कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का हर्षोल्लास बनाए रखा । समाज के वरिष्ठ सदस्य चंद्र मोहन कर्ण, और डॉ शिव ने मंदिर के चेयर मैन सुदर्शन रेड्डी ,राजेश ,राकेश और निखिल का सम्मान किया श्र कार्यक्रम का समापन धर्मेंद्र सिन्हा, सुशील श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सबका आभार प्रकट किया।

# श्री केदारनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद

**केदारनाथ धाम, 03 नवंबर, (एजेंसियां)।** विश्व प्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग श्री केदारनाथ धाम के कपाट रविवार को भैया दूज के पावन पर्व पर प्रातः 08:30 बजे शीतकाल के लिए बंद हो गए। ऊं नम् शिवाय, जय बाबा केदार के जय घोष तथा भारतीय सेना के बैंड की भक्तिमय धुनों के बीच वैदिक विधि-विधान और धार्मिक परंपराओं के साथ कपाट बंद किए गए। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष अजेंद्र अजय समेत 15 हजार से अधिक श्रद्धालु कपाट बंद होने के साक्षी बने। मंदिर को दीपावली के दिन से ही भव्य रूप से फूलों से सजाया गया था ।



श्री अजय की उपस्थिति में रविवार प्रातः पांच बजे कपाट बंद करने की प्रक्रिया शुरू हुई। बीकेटीसी के आचार्य, वेदपाठियों, पुजारीगणों ने भगवान केदारनाथ के स्वयंभू शिवलिंग की समाधि पूजा की। स्वयंभू शिवलिंग को भस्म, स्थानीय पुष्पों बेल पत्र आदि से समाधि रूप दिया गया। प्रातः 08:30 बजे बाबा केदार की पंचमुखी उत्सव डोली को मंदिर से बाहर लाया गया इसके बाद श्री केदारनाथ मंदिर के कपाट बंद कर दिए गए।

कपाट बंद होने के साथ ही बाबा केदार की पंचमुखी उत्सव डोली ने अपने पहले पड़ाव रामपुर के लिए प्रस्थान किया। हजारों श्रद्धालु बाबा की पंचमुखी डोली के साथ पैदल ही रवाना हुए। श्रद्धालुओं के लिए जगह - जगह भंडारे आयोजित किये गये थे। आज केदारनाथ में मौसम साफ रहा। आस-पास बर्फ होने से सर्द बयारें भी चलती रही लेकिन श्रद्धालुओं में भारी उत्साह रहा। कपाट बंद होने के अवसर पर श्री अजय ने कहा कि इस यात्राकाल में रिकार्ड साढ़े 16 लाख से अधिक तीर्थ यात्री श्री केदारनाथ धाम पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन से आज भव्य और दिव्य केदारपुरी का पुनर्निर्माण हो रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिह धामी के मार्गदर्शन में केदारनाथ धाम यात्रा का सफल संचालन हुआ। उन्होंने सफल यात्रा संचालन के लिए बीकेटीसी के कार्मिकों, पुलिस - प्रशासन, यात्रा व्यवस्था से जुड़े विभिन्न विभागों, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ),भारत-तिब्बत सीमा पुलिस ( आईटीबीपी) आदि का आभार जताया। उल्लेखनीय है श्री बदरीनाथ धाम के कपाट इस यात्रा वर्ष 17 नवंबर को बंद हो रहे है। श्री गंगोत्री धाम के कपाट बीते शनिवार 02 नवंबर को शीतकाल हेतु बंद हो गए है। वहीं, पवित्र गुरुद्वारा हेमकुंट साहिब तथा लोकपाल लक्ष्मण मंदिर के कपाट बीते 10 अक्टूबर को बंद हो गए। द्वितीय केदार मद्महेश्वर जी के कपाट 20 नवंबर को बंद हो रहे है तथा तृतीय केदार तुंगनाथ जी के कपाट कल सोमवार 04 नवंबर को बंद हो रहे है, जबकि चतुर्थ केदार रूद्रनाथ जी के कपाट 17 अक्टूबर को बंद हुए।

# आतंकवाद से मुक्त नहीं हुआ है जम्मू कश्मीर

**जम्मू, 03 नवंबर, (एजेंसियां)।** राजधानी शहर श्रीनगर में आतंकियों से मुठभेड़ की घटनाएं दो साल के अरसे के बाद फिर से लौट आई हैं। पर आधिकारिक दावा अभी भी है कि श्रीनगर आतंकवाद से मुक्त है।

श्रीनगर जिले के खानयार इलाके में शनिवार सुबह मुठभेड़ हुई जिसमें लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का एक शीर्ष कमांडर मारा गया। करीब दो साल के अंतराल के बाद श्रीनगर जिले में मुठभेड़ हुई है। जबकि आज एक ग्रेनेड हमला भी श्रीनगर में हुआ है।

श्रीनगर में आखिरी मुठभेड़ 15 सितंबर, 2022 को नौगाम इलाके में हुई थी, जहां दो आतंकवादी मारे गए थे। हाल के वर्षों में मुठभेड़ों के क्रम ने श्रीनगर में चल रहे सुरक्षा प्रयासों और चुनौतियों को प्रदर्शित किया है, जिसे कभी आतंक-मुक्त क्षेत्र माना जाता था।

लंबे अंतराल के बाद श्रीनगर के खानयार इलाके में मुठभेड़ के बारे में पूछे जाने पर आईजीपी कश्मीर वी के बिरदी ने कहा कि आतंकवादियों की आवाजाही के बारे में सूचनाएं मिलती रहती हैं। आईजीपी ने कहा कि खानयार में आज की मुठभेड़ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

## पिछले कई वर्षों में श्रीनगर जिले में हुई प्रमुख मुठभेड़ों की समय-सीमा इस प्रकार है

**वर्ष 2024**

2 नवंबर को, खानयार, श्रीनगर - 15 सितंबर, 2022 से जारी शांति को तोड़ते हुए मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा कमांडर मारा गया।

**वर्ष 2022**

14 सितंबर, 2022, नौगाम, श्रीनगर - शहर में अस्थायी रूप से शांति बहाल करने वाले अभियान में दो आतंकवादी मारे गए।

13 जून, 2022, बेमिना, श्रीनगर - श्रीनगर के बेमिना इलाके में सुरक्षा बलों (एसएफ) के साथ मुठभेड़ में एक पाकिस्तानी नागरिक सहित लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के दो आतंकवादी मारे गए।

27 मई, सौरा, 2022, श्रीनगर - श्रीनगर के सौरा इलाके में पुलिस के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के दो आतंकवादी मारे गए।

10 अप्रैल, 2022, बिशंबर नगर, श्रीनगर - सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के दो विदेशी आतंकवादी मारे गए।

10 मार्च, 2022, हजरतबल, श्रीनगर - श्रीनगर के हजरतबल इलाके में एक संक्षिप्त गोलीबारी में लश्कर-ए-तैयबा का एक पाकिस्तानी आतंकवादी मारा गया।

16 मार्च, 2022, नौगाम, श्रीनगर - श्रीनगर के नौगाम इलाके में मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के एक छद्म संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के तीन आतंकवादी मारे गए।

5 फरवरी, 2022, जकूरा, श्रीनगर - सुरक्षा बलों (एसएफ) ने श्रीनगर के जकूरा इलाके में मुठभेड़ के दौरान द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के दो आतंकवादियों को मार गिराया।

3 जनवरी, 2022, शालीमार, श्रीनगर - लश्कर-ए-तैयबा का एक विदेशी आतंकवादी मारा गया।

# सड़क हादसों में मरने वालों का आंकड़ा खतरनाक स्तर पर

**सुरेश एस डुग्गर**
**जम्मू, 03 नवंबर।** जम्मू कश्मीर में सड़क हादसों का आंकड़ा चिंताजनक स्तर पर पहुंच चुका है। यह सच है कि जम्मू और कश्मीर में चालू वर्ष के पहले नौ महीनों में सड़क दुर्घटनाओं में खतरनाक वृद्धि दर्ज की गई है, जिसमें पूरे केंद्र शासित प्रदेश में 4,457 दुर्घटनाएँ हुईं, जिनमें 621 लोगों की मृत्यु हुई और 6,122 लोग घायल हुए।

उपलब्ध आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, आंकड़े क्षेत्र में सड़क सुरक्षा उपायों के लिए तत्काल आह्वान को रेखांकित करते हैं। आंकड़े जम्मू और कश्मीर दोनों क्षेत्रों में चौंकाने वाले आंकड़े दिखाते हैं, जहाँ मई 2024 में दुर्घटनाओं और मृत्यु दोनों में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की गई, क्योंकि इस महीने में कुल 597 दुर्घटनाएँ हुईं, जिनमें 98 लोगों की मृत्यु हुई।

इन आंकड़ों के अनुसार, जहां इस तीव्र वृद्धि ने सुरक्षा अधिकारियों के बीच चिंता बढ़ा दी है, वहीं मासिक आंकड़े इस अवधि के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में चरम पर होने का संकेत देते हैं। आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष जनवरी से सितंबर तक पूरे क्षेत्र में औसतन प्रतिदिन 16 से अधिक दुर्घटनाएं हुईं, जो विभिन्न सुरक्षा अभियानों के बावजूद दुर्घटनाओं में निरंतर वृद्धि की ओर इशारा करता है। सामाजिक कार्यकर्ताओं का मानना है कि लापरवाही से वाहन चलाने, खराब सड़क की स्थिति और चुनौतीपूर्ण इलाके के कारण दुर्घटना दर में वृद्धि हो सकती है।

इस बीच, कश्मीर के आंकड़े चौंकाने वाले हैं, क्योंकि इस क्षेत्र में चालू वर्ष के पहले नौ महीनों में 1,722 दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 240 मौतें हुईं। श्रीनगर में 362 दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 36 मौतें हुईं, जो कश्मीर क्षेत्र में सबसे अधिक है। इसके बाद अनंतनाग जिले में 254 दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 35 मौतें हुईं।जम्मू के आंकड़ों से पता चलता है कि जम्मू जिले में सबसे अधिक दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 807 दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 96 मौतें हुईं। इस प्रकार, यह आवृत्ति और मृत्यु दर दोनों के मामले में सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र है।

सामाजिक कार्यकर्ताओं के अनुसार, जम्मू जिले में दुर्घटनाओं की उच्च आवृत्ति और श्रीनगर में होने वाली मौतें इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा के लिए बढ़ती चिंता की ओर इशारा करती हैं। एक सामाजिक कार्यकर्ता का कहना था कि शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्र प्रभावित हैं, अधिकारियों को अधिक सख्त यातायात नियम लागू करने चाहिए, सड़कों की स्थिति में सुधार करना चाहिए और इन परेशान करने वाली संख्याओं को कम करने के लिए सुरक्षा जागरूकता अभियान शुरू करना चाहिए। श्रीनगर निवासी शब्बीर अहमद के बकौल, सड़क दुर्घटनाओं में खतरनाक वृद्धि के साथ, जम्मू और कश्मीर में सख्त प्रवर्तन और जागरूकता अभियान बढ़ाने की तत्काल आवश्यकता है।

वे कहते थे कि लापरवाह ड्राइविंग हमारी सड़कों पर बढ़ते टोल में महत्वपूर्ण रूप से योगदान देती है। गति जांच को लागू करना, विशेष रूप से श्रीनगर और जम्मू जैसे उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में, तेज गति और लापरवाही से गाड़ी चलाने वालों के लिए तत्काल निवारक के रूप में काम कर सकता है।

# किसानों से माफी मांगे कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व : बंसल

**नई दिल्ली, 03 नवंबर (एजेंसियां)।** विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने कर्नाटक में वक्फ भूमि विवाद के मुद्दे पर कांग्रेस नेतृत्व से किसानों से माफी मांगने की मांग की है।



श्री बंसल ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, जब जिहादी मानसिकता की पोल खुली तो कर्नाटक कांग्रेस को मुंह की खानी पड़ी। कट्टरपंथियों को कैबिनेट में रखोगे तो कुकर्म करेंगे ही। गैर मुस्लिमों की, विशेषकर किसानों की, उपजाऊ भूमि को चोरी छुपे रातों रात वक्फ के नाम करने के षड्यंत्रों के उजागर होते ही राज्य की कांग्रेस सरकार बेनकाब हो गई।

उन्होंने कहा, मां भारती की पवित्र भूमि को जिहादी बोर्ड के कब्जे में देने के अपने निर्णय को तो उसने वापस ले लिया, किंतु उन सैकड़ों निर्दोष पीड़ित परिवारों को उस गंभीर पीड़ा की क्षतिपूर्ति कैसे करेगी सरकार। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को इस षड्यंत्र में शमिल मंत्री को मंत्रिमंडल से बाहर निकलकर उन सभी किसानों तथा अन्य भू स्वामियों से करबद्ध क्षमा याचना करनी चाहिए, जो एक लंबे समय से इस आर्थिक व मानसिक प्रताड़ना के शिकार रहे। उल्लेखनीय है कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने शनिवार को अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे वक्फ भूमि के मुद्दों पर किसानों को भेजे गए सभी नोटिस तुरंत वापस लें। राजस्व विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग और कर्नाटक वक्फ बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हुई उच्च स्तरीय बैठक में यह फैसला किया गया।



मलकाजगिरी में दीपावली की पुजा में भाग लेते हुए शोभा देवी नागला, रामदेव नागला, गोपाल नागला, गोविन्द नागला, विनोद नागला, दिनेश नागला व उपस्थित थे।



तेलंगाना के कृषि, विपणन सहयोग, हथकरघा और कपड़ा मंत्री तुम्माला नागेश्वर राव ने डॉ. एमसीआर एचआरडी संस्थान में 21 अक्टूबर से 9 नवंबर, 2024 तक आयोजित किए जा रहे 21 दिवसीय प्रेरण प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले नवनियुक्त 143 कृषि अधिकारियों को संबोधित किया।



दीपावली के अवसर पर मार्गदर्शनी कोलोनी रसुलपुरा स्थित अविनाश भंडारी के निवास पर पधारे मलकाजगिरी सांसद ईटेला राजेन्द्र, स्वामी कमलेश महाराज, जसमत पटेल, पूर्व पार्षद केशव रेड्डी का अभिनंदन करते हुए कॉलोनी अध्यक्ष मुकेश कटारिया, रामसिंह चौहान, देशरत्न गोयल, रिद्धीश जागीरदार, रोशन लुणावत, श्याम अग्रवाल, प्रकाश भंडारी एवं अन्य।



दिवाली और भाई दूज के शुभ अवसर पर श्री भाग्यलक्ष्मी माता चारमीनार में दर्शन करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता एनके सिंह, मालथी देवी, सूर्यांश, गायत्री, छवि। साथ में मंदिर ट्रस्टी सुश्री शशिकला।

शुभ लाभ Classifieds — FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**
I, Army No-JC-767617P, Rank-SUB, Name - MUKESH KUMAR, S/O RAM KUMAR, Resident of H.No-1907/A, Gohana Road, Mayur Vihar, Galli No-11, Sonipat, 1 5/8 PIN-131001.I have Changed my Son Name from - **MOHNISH** to **MOHNISH SHEWAL** due to wrongly written in my army document (reason for change). That his date of birth 04/10/2010

**CHANGE OF NAME**
I, Army No-JC-767617P, Rank-SUB, Name MUKESH KUMAR, S/O RAM KUMAR, Resident of H.No-1907/A, Gohana Road, Mayur Vihar, Galli No-11, Sonipat, Haryana, PIN-131001. I have changed my Son Name from - **VISNU** to **VISHNU** due to wrongly written in my army document (reason for change). That his date of birth 17/09/2003

**CHANGE OF NAME**
I, PRIYANKA Spouse of Service No. 15578231X Hav Manveer Singh Tyagi, R/o.Vill & Post:Nagola, Teh & Dist:Hapur, Uttar Pradesh-245101 have changed my name from **PRIYANKA** to **PRIYANKA TYAGI** vide affidavit dt:2-11-2024 before C.Samuel, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF DOB**
I, DUDEKULA KASHAMMA is mother of No.15826387Y Rank: Nk Trade: Skt/Amn Name: DUDEKULA CHINNA SIDDAIAH, permanent resident of Vill : Chandrareddypalli, Po: Kongalaveedu, Tq: Giddalur, Distt-Prakasam, State -Andhra Pradesh, Pin - 523 357 and state on the as follows: I have Changed My Date of Birth From **01-07-1971**(Old) to **01-01-1971** (New) vide affidavit dated 24-09-2023 Sworn before SHAIK YASIN BASHA, Notary & Advocate, Giddalur.

DAILY शुभ लाभ — खबरें जो सोच बदल दे
हिंदी दैनिक समाचार पत्र
में
दुःखद समाचार जैसे
स्वर्गवास, उठावना, पगड़ी रस्म, श्रद्धांजलि, पुण्यतिथि का विज्ञापन
अब मात्र रू.500/- में
साइज : 12 X10 cm
विज्ञापन एवं अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
77991 44471, 8688868345

# बंडी संजय ने टीटीडी और वक्फ बोर्ड पर ओवैसी की टिप्पणी की आलोचना की

**हैदराबाद, 03 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार ने एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी की हालिया टिप्पणियों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की, जिसमें उन्होंने मोदी सरकार के वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिमों को अनुमति देने के फैसले पर सवाल उठाया था, जबकि तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) में केवल हिंदुओं के प्रतिनिधित्व की वकालत की थी। संजय ने टीटीडी की तुलना वक्फ बोर्ड से करने के ओवैसी के प्रयास की निंदा की, और इस बात पर जोर दिया कि टीटीडी भगवान वेंकटेश्वर को समर्पित एक पवित्र स्थल है, जबकि वक्फ बोर्ड भूमि मामलों को देखता है।





उन्होंने यहां जारी एक बयान में कहा कि वक्फ बोर्ड आपके पूजा स्थल मक्का मस्जिद के बराबर भी नहीं है, फिर भी आप इसे अपमानजनक तरीके से टीटीडी से जोड़ते हैं। संजय ने ओवैसी द्वारा वक्फ बोर्ड में हिंदू प्रतिनिधित्व के आह्वान की भी आलोचना की, जिसमें टीटीडी में गैर-मुस्लिमों के लिए किसी भी प्रावधान की कमी पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि वक्फ बोर्ड विधेयक में संशोधन करने में केंद्र सरकार का इरादा यह सुनिश्चित करना है कि वक्फ की जमीनों का लाभ गरीब मुस्लिम समुदाय को मिले। संजय ने कहा कि टीटीडी फंड का इस्तेमाल सार्वजनिक भूमि पर कब्जा किए बिना हिंदू धार्मिक संस्थानों और जन कल्याण के लिए किया जाता है। उन्होंने ओवैसी पर धर्म का लाभ के लिए इस्तेमाल करने का आरोप लगाया और दावा किया कि ओवैसी ने ईश्वर के नाम पर जमीनों पर कब्जा करके और संस्थानों का निर्माण करके धन इकट्ठा किया है।

हैदराबाद के पुराने शहर के निवासियों को मुकातिब करते हुए, संजय ने उनसे एआईएमआईएम के नेतृत्व में अपने क्षेत्रों में विकास की कमी पर विचार करने का आग्रह किया। उन्होंने सवाल किया, दशकों से, आपने एआईएमआईएम को वोट दिया है, फिर भी पुराना शहर अविकसित क्यों रहा? वादा किया गया परिवर्तन कहां है? आप अभी भी बुनियादी ढांचे और अवसरों के साथ समस्याओं का सामना क्यों कर रहे हैं जबकि ओवैसी परिवार लाभ उठा रहा है?

संजय ने एआईएमआईएम के राजनीतिक गठबंधनों पर भी टिप्पणी की, जिसमें उन्होंने कहा कि एआईएमआईएम का बीआरएस को समर्थन और कांग्रेस के साथ संभावित गठबंधन उसके अवसरवादी रुख को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि एआईएमआईएम, जिसने कभी तेलंगाना की भावना को हवा दी थी, अब कांग्रेस के साथ गठबंधन करना चाहती है, जिसका नेतृत्व तथाकथित गांधी वारिस करते हैं। वे सभी लोगों का शोषण कर रहे हैं।

कांग्रेस, बीआरएस और एआईएमआईएम के कार्यकर्ताओं से अपनी वफ़ादारी पर पुनर्विचार करने का आग्रह करते हुए उन्होंने कहा, यदि आप राष्ट्र और धर्म के लिए लड़ते हैं, तो इतिहास आपके बलिदान को याद रखेगा। आप उन नेताओं के लिए सब कुछ जोखिम में क्यों डाल रहे हैं जो सार्वजनिक कल्याण से ज़्यादा व्यक्तिगत लाभ को प्राथमिकता देते हैं?

## धान खरीद में देरी पर तत्काल कार्रवाई करे सरकार : बंडी संजय

**हैदराबाद, 03 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार ने रविवार को तेलंगाना सरकार द्वारा धान खरीद में देरी पर चिंता व्यक्त की, जो एक महीने से अधिक समय पहले फसल कटाई का मौसम शुरू होने के बावजूद अभी तक शुरू नहीं हुई है।

अपने बयान में, संजय ने सरकारी घोषणाओं और कार्यों के बीच एक महत्वपूर्ण अंतर को उजागर किया। उन्होंने कहा, हालांकि सरकार ने घोषणा की है कि राज्य भर में 7,572 धान खरीद केंद्र स्थापित किए जाएंगे और दावा किया है कि इनमें से 4,598 केंद्र चालू हैं, लेकिन अभी तक किसी भी केंद्र पर खरीद शुरू नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि किसान इन केंद्रों पर कटे हुए धान के ढेर के साथ इंतजार कर रहे हैं, जो अब पूरी तरह से भर चुके हैं। कई लोगों को अपनी फसल सड़क किनारे छोड़नी पड़ी है, जिससे किसानों और यात्रियों दोनों को परेशानी हो रही है। हाल ही में हुई बारिश ने स्थिति को और खराब कर दिया है, कई जिलों में धान भीग गया है और फसल का बड़ा हिस्सा बर्बाद हो गया है। करीमनगर संसदीय क्षेत्र में चोपडांडी, सिरसिला, मनकोंदूर और हुजुराबाद सहित हजारों एकड़ धान की फसल जलमग्न हो गई है, और भीगी हुई फसलें मैदान में सूख रही हैं।

संजय ने सुझाव दिया कि देरी जानबूझकर की गई है, जिससे किसानों को अपना धान मिल मालिकों को कम दरों पर बेचना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, निराश किसान अपनी उपज को औने-पौने दामों पर बेचने के लिए मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने धान की खरीद शुरू करने के लिए तत्काल कार्रवाई करने का आह्वान किया और सरकार से धान का हर दाना खरीदकर अपने चुनावी वादों को पूरा करने का आग्रह किया, चाहे उसमें भूसा, सिकुड़न या नमी की मात्रा जैसी कोई भी वजह क्यों न हो। जबकि चुनाव घोषणापत्र में सभी प्रकार के धान के लिए 500 रुपये प्रति क्विंटल बोनस का वादा किया गया था, संजय ने इस बोनस को केवल बढ़िया चावल तक सीमित करने की आलोचना की और सभी किस्मों के लिए बोनस बढ़ाने की वकालत की।

## फर्जी प्रमाण पत्र के कारण 9 जूनियर लेक्चरर बर्खास्त

**हैदराबाद, 03 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
सरकारी जूनियर कॉलेजों (जीजेसी) में काम करने वाले करीब नौ जूनियर लेक्चरर को नौकरी से निकाल दिया गया है। यह पाया गया कि उन्होंने अपनी नौकरी को नियमित करने के लिए फर्जी प्रमाण पत्र जमा किए थे। इस बीच, करीब 100 अन्य जूनियर लेक्चरर के प्रमाण पत्र भी इंटरमीडिएट शिक्षा आयुक्तालय की जांच के दायरे में हैं। स्थिति विशेष रूप से चिंताजनक है क्योंकि बर्खास्त किए गए लेक्चरर में से एक ने कथित तौर पर फर्जी एसएससी प्रमाण पत्र पेश किया था। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, ज्यादातर मामलों में स्नातकोत्तर प्रमाण पत्र फर्जी होते हैं। यह बर्खास्तगी पिछले 15-20 वर्षों से सरकारी जूनियर कॉलेजों में सेवारत अनुबंध जूनियर लेक्चरर द्वारा प्रस्तुत शैक्षणिक योग्यता की प्रामाणिकता की व्यापक जांच का हिस्सा है। अनुबंध जूनियर लेक्चरर को 2000 के दशक में रिक्त पदों को भरने के लिए नियुक्त किया गया था। नियुक्तियां परीक्षा के आधार पर होती थीं, जिसके बाद शैक्षणिक रिकॉर्ड की सुरक्षा की जाती थी। उम्मीदवारों के शैक्षणिक रिकॉर्ड की जांच करने के लिए जिम्मेदार आरजेडीआईई कार्यालय उनकी लंबी सेवा के बावजूद इन फर्जी प्रमाण पत्रों का पता लगाने में विफल रहा। पिछले साल राज्य सरकार ने 3,093 जूनियर लेक्चरर की सेवाओं को नियमित करने के आदेश जारी किए थे, बशर्ते कि उनकी शैक्षणिक योग्यता, आयु, स्थानीय स्थिति आदि वास्तविक हों। प्रमाण पत्रों की जांच के दौरान फर्जी प्रमाण पत्र का मामला सामने आया, जिसके बाद आयुक्तालय ने करीब 100 जूनियर लेक्चरर की शैक्षणिक साख को उनके संबंधित विश्वविद्यालयों से सत्यापित किया। इस जांच से यह संभावना बढ़ गई है कि फर्जी प्रमाण पत्रों के और मामले सामने आ सकते हैं।एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, अगर सभी नियमित जूनियर लेक्चरर के प्रमाण पत्रों की गहन जांच की जाए, तो हमें उम्मीद है कि कम से कम 100 ने फर्जी प्रमाण पत्र पेश किए होंगे। वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, उम्मीदवारों द्वारा पेश किए गए अधिकांश प्रमाण पत्र काकतीय विश्वविद्यालय और उस्मानिया विश्वविद्यालय के थे। अधिकारी ने कहा, हमने विश्वविद्यालयों को पत्र लिखकर प्रमाण पत्रों की वास्तविकता के बारे में पूछा है।

## हरीश राव का कांग्रेस पर हमला

**सिद्दीपेट, 03 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
पूर्व मंत्री हरीश राव ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने किसानों को धोखा और धक्का दिया। उन्होंने चिंता जताई कि राज्य में किसानों से धान खरीदने की कोई दिशा नहीं है। साथ ही, किसानों को बोनस भी नहीं दिया गया। पूर्व मंत्री और बीआरएस विधायक हरीश राव ने सिद्दीपेट में मीडिया से कहा कि कांग्रेस नेताओं के पास काम कम और कटौती ज्यादा है। क्या आपको किसानों को बैग भेजने की समझ नहीं है? हैदराबाद में नहीं बैठे हैं। कांग्रेस सरकार ने किसानों को धोखा दिया है। क्या सीएम रेवंत ने कभी अनाज खरीद की समीक्षा की है? रेवंत रेड्डी वह व्यक्ति है जिसने किसानों को डुबो दिया। राज्य में किसानों के लिए कोई रायतु बंधु नहीं है। वड़ों के लिए कोई बोनस नहीं है। तेलंगाना में चावल खरीदने का कोई तरीका नहीं है। मुख्यमंत्री को क्षेत्र स्तर पर स्थिति जाननी चाहिए। 30 प्रतिशत चावल दलालों ने खरीदा।



उन्होंने कहा कि कई जिलों में किसान धरना दे रहे हैं। रेवंत वही व्यक्ति है जिसने 31 तरह की कर्जमाफी में कटौती की। 1 लाख 50 हजार करोड़ से मूसी को सुंदर बनाएंगे, लेकिन किसानों को बोनस नहीं देंगे। बेमौसम बारिश के कारण कई जगह धान के खेत गीले हो गए। आप गीला चावल नहीं खरीदते। कलेक्टर वहां नहीं आते।

आपके मंत्री उस तरफ देखते भी नहीं। उन्होंने मांग की कि मुख्यमंत्री को तुरंत इसकी समीक्षा करनी चाहिए। राइस मिलर से बातचीत करनी चाहिए। उन्होंने मांग की कि किसानों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए।

## हैदराबाद डीसीसी शुरू करेगी जातिगत जनगणना के लिए जागरूकता अभियान

**हैदराबाद, 03 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस समिति (टीपीसीसी) के अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ ने हैदराबाद जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जातिगत जनगणना के लिए प्रयासों का समन्वय करने का निर्देश दिया है।


हैदराबाद जिला कांग्रेस समिति के अध्यक्ष मो. वलीउल्लाह समीर द्वारा गांधी भवन में आयोजित एक बैठक के दौरान श्री गौड़ ने जनसंख्या अनुपात के आधार पर संसाधनों का उचित वितरण सुनिश्चित करने के लिए जाति-



आधारित जनगणना के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने न्यायसंगत कल्याण प्रतिनिधित्व के लिए कांग्रेस की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला।

## लक्ष्मण ने रेवंत रेड्डी सरकार की आलोचना की

**हैदराबाद, 03 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के. लक्ष्मण ने रविवार को तेलंगाना में रेवंत रेड्डी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार की कड़ी आलोचना की और उस पर किसानों, छात्रों और बेरोजगारों से किये गये वादों को पूरा करने में विफल रहने का आरोप लगाया।




श्री लक्ष्मण ने रविवार को यहां एक बयान में कहा कि सरकार ने ऋण माफी, किसानों का समर्थन बढ़ाने और रोजगार सृजन का वादा किया था, लेकिन यह सभी मोर्चों पर विफल रही है। उन्होंने कहा कि वादों के बावजूद, कई किसानों को अभी भी रायतु बंधु लाभ नहीं मिल पाया है, और ऋण माफी कार्यक्रम अधूरा है।

उन्होंने कहा कि किसानों को उचित समर्थन मूल्य नहीं मिल रहा है खासकर कपास जैसी फसलों के लिए, और बोनस खोखले आश्वासन साबित हुए हैं। उन्होंने कृषि ऋणों के प्रति कांग्रेस प्रशासन के दृष्टिकोण पर सवाल उठाया, पूछा कि क्या उन्हें राशन कार्ड के आधार पर दिया गया था और ऐसी परिस्थितियों में ऋण माफी कैसे लागू होगी।

रेवंत रेड्डी के 50,000 नौकरियों के सृजन के दावे का जिक्र करते हुए, लक्ष्मण ने इस बात का सबूत मांगा कि इन पदों के लिए अधिसूचनाएं और परीक्षाएं लगातार आयोजित की गई थीं। उन्होंने पिछले साल अशोक नगर में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी और रेवंत रेड्डी द्वारा दो लाख नौकरियां देने के वादे को भी याद किया, इस बात पर जोर देते हुए कि लगभग एक साल बीत चुका है और कोई नतीजा नहीं निकला है। कांग्रेस नेताओं की विदेश यात्राओं पर प्रकाश डालते हुए, लक्ष्मण ने सवाल किया कि जब रायतु बंधु और ऋण माफी जैसे कार्यक्रम कम वित्तपोषित हैं, तो ऐसी यात्राओं के लिए धन कैसे उपलब्ध है।

उन्होंने पूछा कि जब किसान और जरूरतमंद वादा की गई योजनाओं के लिए लंबी लाइनों में इंतजार कर रहे हैं, तो विदेश यात्राओं के लिए पैसा कहां से आ रहा है? लक्ष्मण ने कांग्रेस पर अभयस्तंम योजना को गलत तरीके से चलाने का भी आरोप लगाया, जिससे देरी के कारण एक करोड़ से अधिक आवेदक परेशान हैं। उन्होंने कहा, दस महीने बीत चुके हैं, फिर भी आवेदनों पर कोई ठोस प्रगति नहीं हुई है, न ही प्रस्तुत जमानत आवेदनों की स्थिति पर कोई स्पष्टता है।

इसके अलावा, उन्होंने फसल खरीद का समर्थन करने में विफल रहने और कपास की बिक्री पर अनुचित शर्तें निर्धारित करके किसानों के बीच कथित रूप से अशांति पैदा करने के लिए रेवंत रेड्डी की आलोचना की। उन्होंने कहा, वास्तविक समर्थन के बजाय, सरकार ने बाधाएं खड़ी की हैं, जिससे किसानों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं।






## तेलंगाना सरकार ने नागार्जुन सागर से श्रीशैलम क्रूज यात्रा शुरू की

**हैदराबाद, 03 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
तेलंगाना पर्यटन विकास निगम ने कार्तिक महीने के पहले दिन नागार्जुन सागर से श्रीशैलम तक नदी क्रूज यात्रा शुरू की।हालांकि पिछले पांच वर्षों से इसकी योजना बनाई जा रही थी, लेकिन उचित जल स्तर न होने और अन्य कारणों से इसे स्थगित कर दिया गया था।

वर्तमान मानसून के मौसम में व्यापक बारिश के कारण श्रीशैलम से नागार्जुन सागर बांध तक कृष्णा नदी के किनारे पानी की उपलब्धता के कारण निगम ने नागार्जुन सागर से श्रीशैलम तक यह नाव यात्रा शुरू की है। लगभग 120 किलोमीटर लंबी इस यात्रा के पहले दिन तेलंगाना और पड़ोसी राज्यों से बड़ी संख्या में पर्यटक आए। पर्यटन विभाग ने नागार्जुन सागर से नंदीकोंडा, एलेश्वरम, सेल्सेश्वरम, पूर्वी घाट और नल्लामाला वन होते हुए पर्यटकों के लिए इस क्षेत्र की सुंदरता को देखने के लिए एक यात्रा शुरू की है।नगर कुरनूल जिले के सोमासिला से श्रीशैलम तक एक और पर्यटन पैकेज भी शुरू किया गया है।ये नाव सेवाएँ सोमशिला से श्रीशैलम तक उपलब्ध हैं। श्रीशैलम पहुँचने में नाव की यात्रा में लगभग सात घंटे लगते हैं, जो लगभग 20 किलोमीटर है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.